आज
३.००
तीन रुपये मात्र

# भाजन

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

वाराणसी, शनिवार ७ नवम्बर, २०२६ सौर २१, कार्तिक कृष्ण १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये

## रॉयल एथनिक लुक में बला की खूबसूरत नजर आयीं



कृति सेनन

राजश्री इलायची

KP GROUP Quality Since 1965

दीपावली का जश्न, राजश्री का दर्शन

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

राजश्री सुगंधित इलायची

नया पैक

For calorie conscious people the product shown here contains artificial sweeteners like Sodium Saccharin (INS 954), Sucralose (INS 955) and Neotame (INS 961). Not recommended for kids.





धनतेरस पर खरीदारी करते लोग। छाया:आज

# धनतेरस पर उमड़ा खरीदारों का सैलाब, देर रात तक गुलजार रहे बाजार

गाजीपुर। धनतेरस के पर्व पर शुक्रवार को शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक लगातार बढ़ती रही। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कचहरी से लेकर महुआबाग, मिश्रबाजार, विशेश्वरगंज सहित शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। खरीदारों की भारी भीड़ के चलते शहर की लगभग सभी प्रमुख सड़कें जाम की चपेट में रहीं। धनतेरस पर परंपरागत खरीदारी को लेकर लोगों ने झाड़ू, बर्तन और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। स्टील, पीतल और अन्य धातुओं के बर्तनों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। वहीं चांदी और सोने के बर्तनों के साथ आभूषणों की दुकानों पर भी अच्छी खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं और युवतियों ने अपनी पसंद के आभूषणों की खरीदारी की तो परिवार के अन्य सदस्य घर की जरूरतों के मुताबिक बर्तन और दूसरी वस्तुएं खरीदते नजर आए।धनतेरस पर मिठाइयों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। पर्व के मद्देनजर दुकानदारों ने पहले से ही विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और आकर्षक पैकिंग की व्यवस्था कर रखी थी। लोगों ने दीपावली के लिए मिठाइयों की खरीदारी की। इसके अलावा घरों को सजाने-संवारने के सामान और

## जाम से जूझता रहा शहर, सोने-चांदी से लेकर बर्तनों तक हुई जमकर खरीदारी

पूजा सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार-त्योहारों के महापर्व की शुरुआत धनतेरस के साथ हो चुकी है। शुक्रवार को मोहम्मदाबाद कस्बे के बाजारों में खरीदारी का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि सड़कें और दुकानें खचाखच भर गईं। धनतेरस के पावन अवसर पर लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। त्योहारी माहौल को देखते हुए दुकानदारों ने सुबह से ही अपनी दुकानों को सजा लिया था। आभूषण की दुकानों पर सोने और चांदी के गहने खरीदने वालों की विशेष भीड़ देखी गई। मान्यता है कि धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन या कोई भी नई वस्तु खरीदना शुभ होता है। इसी परंपरा को निभाने के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे।बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर भी रही भीड़सोने-चांदी के अलावा स्टील और पीतल के बर्तनों की दुकानों पर भी खरीदारों का तांता लगा रहा। लोगों ने नए बर्तन, गिफ्ट आइटम्स और घरेलू सामान खरीदे। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर टीवी, फ्रिज, मोबाइल और अन्य गैजेट्स खरीदने वालों की भीड़ देखी गई।

नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- धनतेरस के अवसर पर नंदगंज बाजार एवं आसपास की चट्टियों पर झाड़ू की दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। बाजार में जगह-जगह झाड़ू की अस्थायी दुकानें सजी थीं, जहां कई तरह की झाड़ू बिक्री के लिए रखी गई थीं। झाड़ू खरीदने को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखा। आलम यह रहा कि बाजार में लगभग हर व्यक्ति के हाथ में एक-दो झाड़ू नजर आ रहा था।हिंदू मान्यताओं के अनुसार धनतेरस और दीपावली पर नई झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक मानकर उसकी पूजा करने की परंपरा है।

# भगवान की शरण में जाने वाला मनुष्य कभी निराश नहीं होता

जखनिया (गाजीपुर)। पदुमपुर राम राय गांव स्थित स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन ऋषिकेश से पधारे महात्मा विजयानंद गिरि जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, शरणागति और मानव जीवन के उद्देश्य का बोध कराया। उन्होंने कहा कि परमात्मा के बिना जीव का अस्तित्व संभव नहीं है। भगवान की शरण में जाने वाला मनुष्य कभी निराश नहीं होता, क्योंकि परमात्मा सदैव अपने भक्तों के साथ रहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अर्जुन भगवान की शरण में पहुंचे, तभी उन्हें गीता का दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ। भगवान ने कहा कि तुम केवल मेरी शरण में आ जाओ। जीव का अंतिम पुरुषार्थ भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण है। जब तक मनुष्य को परमात्मा की महिमा का ज्ञान नहीं होता, तब तक उसके भीतर उनके प्रति आकर्षण उत्पन्न नहीं होता। मनुष्य संसार में शरीर लेकर आता है और अंत में शरीर को यहीं छोड़कर चला जाता है। परिवार, संपत्ति और कुटुंब संसार में मिले हुए हैं, लेकिन वास्तविक अपना केवल भगवान हैं, जो कभी साथ नहीं छोड़ते। उन्होंने संत मीराबाई के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मीरा ने अपना सर्वस्व प्रभु को समर्पित कर दिया था। भगवान के अतिरिक्त उनका कोई नहीं था। इसी प्रकार मनुष्य को भी यह स्वीकार करना चाहिए कि हम भगवान के हैं और भगवान हमारे हैं।माता-पिता की सेवा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि माता-पिता चलते-फिरते तीर्थ हैं।

# स्वच्छ वातावरण, अनुशासित शिक्षक और बेहतर शिक्षा व्यवस्था से पहचान

बाराचवर (गाजीपुर)। शिक्षा क्षेत्र बाराचवर के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय गोनहा आज क्षेत्र में एक आदर्श विद्यालय के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण और अनुशासन को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता सराहनीय है। विद्यालय के प्रति क्षेत्रीय लोगों में भी अटूट प्रेम और विश्वास देखने को मिल रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजभान यादव ने बताया कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए पूरा शिक्षक स्टाफ पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। विद्यालय में बच्चों के लिए स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन (एमडीएम) उपलब्ध कराया जाता है।उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी समय के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। शिक्षकों का प्रयास रहता है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और बेहतर शैक्षणिक माहौल भी मिले।

# पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नोनहरा पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, न्यायालय सिविल जज (जू0डी0) एफटीसी-तृतीय की ओर से जारी गैर जमानती वारंट के तहत अभियुक्त चन्दन पुत्र बाबुल निवासी मिरदादपुर, थाना नोनहरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध भादवि के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। यह मामला संतरा बनाम सुभाष से संबंधित है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के मार्गदर्शन में की गई है।

# नगर के ८४ विकास कार्यों को मिली मंजूरी

## नाली और सीसी सड़क निर्माण से मिलेगी राहत

## जलनिकासी और गमनागमन की समस्या होगी दूर

गाजीपुर। नगर के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए नगर पालिका परिषद गाजीपुर ने महत्वपूर्ण पहल की है। नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कुल 84 निर्माण

## नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर विभिन्न वार्डों में होगा निर्माण



अध्यक्ष सरिता अग्रवाल। छाया:आज

कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें नाली और सीसी सड़क निर्माण के कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कार्यों के पूरा होने से लंबे समय से जलनिकासी और आवागमन की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। नगरवासियों को बेहतर सड़क और जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है। नालियों के निर्माण से जलभराव की समस्या दूर करने में मदद मिलेगी, वहीं सीसी सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा।उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। नगर पालिका परिषद नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 84 निर्माण कार्यों की स्वीकृति नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक-3809 /4ए — दिनांक- 02.11.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनाँक 13.11.2026 से दिनाँक 18.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 18.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | पुरा पशुहारी सीसैण्ड मार्ग से पहाड़पुर बनकरा सैयद बुखारा से ससना बहादुरपुर तक मार्ग। | 30.00 | 3.00 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी,सी,डी |
| 2 | बलिया | प्रा0पा0 सुमेरपुर प्रधानमंत्री रोड के फत्ते सिंह का खेत होते हुए मंसूरिया गांव तक मार्ग। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 Month | | | | |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-260487
दिनांक-05.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4760(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 — दिनांक-31.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी' सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| राज्य योजना(शहरी) के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | जनपद बलिया में बेन्दुआ बन्धे से निहोरा नगर कटहल नाले पर पुलिया का निर्माण कार्य। | 127.00 | 8.35 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांक-16.11.2026 से को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-23.11.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-23.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-23.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.-260466, दिनांक-05.11.026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।




गायकी प्रस्तुत करते कलाकार। छाया:आज

# बियर की बोतल फोड़कर सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमला

जखनिया (गाजीपुर)। कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत स्थानीय कस्बे में देर शाम सब्जी विक्रेता पर जानलेवा हमले की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दुकान पर हुए मामूली विवाद के बाद कुछ लोगों ने रेलवे लाइन के किनारे मीट मंडी के पास सब्जी विक्रेता विजय कुशवाहा (30) को घेरकर बियर की बोतल फोड़कर पेट में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। विजय कुशवाहा निवासी मंझनपुर महुआबारी का.स्थानीय कस्बे में सब्जी बेचने का काम करता है। गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे दुकान पर किसी बात को लेकर हल्का विवाद हुआ। इसके बाद रेलवे लाइन के किनारे मीट मंडी के पास कुछ लोगों ने उसे घेर कर हमलावरों ने बियर की बोतल फोड़कर उसके पेट में ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल विजय को किसी तरह सीएचसी जखनिया पहुंचाया और भुड़कुड़ा पुलिस को सूचना दी। पेट में गहरे जख्म होने के कारण उसकी हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ अवधेश ने जिला चिकित्सालय भेजा।

# दुकान में सेंध काटकर लाखों का सामान चोरी

मरदह, गाजीपुर। बहलोलपुर चट्टी पर सादात-मरदह फोरलेन मार्ग पर स्थित रामविलास मौर्य की बैट्री इन्वर्टर की दुकान के कमरे में सेंध काटकर चोरों ने दो लाख के लगभग का सामान चोरी कर लिया। लबे रोड चोरी की वारदात से क्षेत्र में दहशत वयाप्त है। चोरों दुकान से इन्वर्टर बैट्री आदि लाखो रुपये का सामान चोरी किया है। रामविलास मौर्या ने बताया कि वह नित्य की भांति वह शाम को दुकान बंद कर बहलोलपुर गांव में स्थित अपने घर चले गए थे। सुबह ग्रामीणों द्वारा उन्हें दुकान में चोरी की घटना जानकारी दी। लबे रोड स्थित दुकान से चोरी की वारदात से क्षेत्र में दहशत वयाप्त है।

# आवाज भोजपुरी माटी के तत्वावधान में गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दिलदारनगर (गाजीपुर)। नगर स्थित मैरिज हॉल में आवाज भोजपुरी माटी के तत्वावधान में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के रामगढ़ विधायक सतीश सिंह पिंटू और बसपा नेता परवेज खान रहे। प्रतियोगिता में क्षेत्र सहित बिहार के विभिन्न स्थानों से आए गायक-गायिकाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज और शानदार गायकी से श्रोताओं का मन मोह लिया। पहले राउंड में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर दस प्रतिभागियों का चयन टॉप टेन के लिए किया गया। इसके बाद दूसरे राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तीन प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए चुना गया।प्रतियोगिता में कासिमाबाद क्षेत्र के एसपी बृजेश लाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हर्षित पांडे द्वितीय और बिहार की काजल सैनी तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में देवानंद देव, मति कलाल, सुपरस्टार गायक राजू मस्ताना और फैसल खान शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान देर रात तक श्रोता मौजूद रहे और प्रतिभागियों की मधुर प्रस्तुतियों का आनंद लेते रहे। आयोजन का उद्देश्य भोजपुरी संगीत और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा।

# विद्यालयों में सजी रचनात्मकता की रंगोली

## दीप सज्जा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

गाजीपुर। दीपावली के पर्व पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली, दीप सज्जा, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से त्योहार की खुशियां मनाई गईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और सामूहिक सहभागिता का शानदार प्रदर्शन किया। गौरी शंकर पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड, दीपक सज्जा और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल आनंद, प्रबंधक राजेश्वर सिंह, निदेशिका रीता सिंह और को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मन सिंह उपस्थित रहे। जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार- नगर स्थित सत्यम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को दीपावली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का सुंदर एवं आकर्षक माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने दीप सज्जा, रंगोली निर्माण, कला एवं शिल्प तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रंगोलियों, दीपों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक सत्य प्रकाश मौर्य ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य एल. डी. जेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और संस्कारों के प्रतीक हैं।



आज
३.००
तीन रुपये मात्र

# भाजन

गौरवशाली परम्परा

२०७ वर्ष

कृति सेनन

## रॉयल एथनिक लुक में बला की खूबसूरत नजर आयीं



वाराणसी, शनिवार ७ नवम्बर, २०२६ सौर २१, कार्तिक कृष्ण १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १६, मूल्य ३.०० रुपये

# यूपीमें जारी रहेगा नौकरी देनेका सिलसिला-योगी

## मुख्यमंत्रीने ४,५४३ अभ्यर्थियोंको दिया नियुक्ति पत्र, कहा-प्रदेशमें पारदर्शी हुई नियुक्ति की प्रक्रिया

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस बल में चयनित 4,543 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी और उनसे तीन सवाल पूछे। - क्या धौंस देकर नियुक्ति पत्र लेने की कोशिश तो नहीं की। इस पर सीएम योगी ने कहा कि तीसरी बात तो मैं खुद भी नहीं मानता। उन्होंने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज धनतेरस के अवसर पर आप सबको नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इसके लिए आप सबको बधाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौजवानों को नौकरी देने का सिलसिला बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके लगातार चलता रहेगा। ये अनवरत चलता रहेगा। कुछ नियुक्ति पत्र हम रोकेंगे जब तीसरी बार सरकार बनेगी वो तब दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश के युवाओं को बिना सिफारिश, बिना पक्षपात और बिना रिश्वत के नौकरी मिल रही है। अब युवाओं की मेहनत को सम्मानित किया जा रहा है। अब हम लोग 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति का भी नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। अभी तक हम एक लाख से ज्यादा नौजवानों को नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं और ये आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया जा रहा है। आयोजन में अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज आप सबको वो जिम्मेदारी

(शेष पृष्ठ ११ पर)



# 'वोट चोरी' के बाद अब हो रही 'हक की चोरी'-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर चुनाव में धांधली और लोगों के मतदान के अधिकार छीनने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने यह प्रतिक्रिया केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के उस बयान पर दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान अब आधार कार्ड के बजाय वोटर आईडी कार्ड से की जायेगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार के मंत्री का एलान-योजनाओं का लाभ अब आधार से नहीं, वोटर आईडी से तय होगा। साजिश बहुत गहरी है, इत्मीनान से समझिए। एसआईआर के नाम पर करोड़ों नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं-रोका नहीं गया तो और भी काटे जायेंगे। ज्यादातर नाम किनके? जो भाजपा के खिलाफ आक्रोश में हैं। राहुल ने आगे लिखा कि, वोटर लिस्ट एक निष्पक्ष चुनाव आयोग के हाथ में होनी चाहिए, मगर अब वो मोदी सरकार के कर्मचारी, ज्ञानेश कुमार के हाथ में है, जिसकी भाजपा के साथ मिलीभगत में वोट चोरी हमने सबूत के साथ पकड़ी है। तैयारी है ऐसी लिस्ट बनाने की जिसमें बहुमत हमेशा भाजपा का हो - और अब वही लिस्ट तय करेगी कि आपको

(शेष पृष्ठ ११ पर)



### योजनाओंका लाभ वोटर आईडी से जोड़नेपर जतायी चिन्ता



वाराणसीके अन्नपूर्णा मठ मंदिरमें अवस्थित स्वर्णमयी अन्नपूर्णा मां का धन त्रयोदशी से पांच दिवसीय दर्शन शुरू, धन-सम्पत्ति ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए श्रद्धालु का लगा तांता।

## यूपी : ५५ साल की उम्रमें हटाये गये संविदा बिजली कर्मियोंको फिर मिलेगी नौकरी

लखनऊ (आससे.)। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के 19 जिलों से 55 साल की उम्र पूरी करने वाले जिन संविदा बिजली कर्मियों को पूर्व में नौकरी से हटाया गया था, उनको दोबारा नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे संविदा बिजली कर्मियों को दोबारा 60 साल की उम्र तक उपकेंद्रों पर काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि, इसमें उन संविदा कर्मियों को कोई राहत नहीं मिलेगी, जिनको भ्रष्टाचार सहित अन्य मामले में निष्कासित किया गया था। निगम के निदेशक (कार्मिक प्रबंधन व प्रशासन) राजेंद्र प्रताप सिंह ने चार

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## आपदामें जान गंवाने वालोंके परिवारको आठ लाख की मदद



लखनऊ (आससे.)। योगी सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता के मानकों में बदलाव करते हुए मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की है। अब प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये के स्थान पर आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही फसल नुकसान, पशुधन की क्षति और मकान के नुकसान पर मिलने वाली सहायता राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। नए मानक वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक प्रभावी रहेंगे। योगी सरकार का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल देने के साथ उनकी आजीविका को दोबारा पटरी पर लाना है। राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि को दोगुना कर दिया गया है। पहले चार लाख रुपये की सहायता दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब आठ लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह प्राकृतिक आपदा में गाय, भैंस, घोड़े या ऊंट जैसे बड़े पशुओं की मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि 40

(शेष पृष्ठ ११ पर)

### फसल, पशुधनकी क्षतिपर भी बढ़ी सहायता राशि

## यूपीमें दो आईएएस अधिकारियोंका तबादला

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। वित्त विभाग और गन्ना विभाग में अहम फेरबदल किया गया है।जारी आदेश के अनुसार, सचिव, वित्त भवानी सिंह खंगारौत को गन्ना आयुक्त, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड बनाया गया है।वहीं, गन्ना आयुक्त, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड मिनिस्ती एस को सचिव, वित्त के पद पर तैनात किया गया है।दोनों अधिकारियों को तत्काल नए पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## गिरफ्तारीके समयसे ही शुरू होगी २४ घंटे की अवधि-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की संवैधानिक समय-सीमा उसकी वास्तविक हिरासत शुरू होने के समय से गिनी जाएगी, न कि पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की औपचारिक

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## सीजेआईपर टिप्पणीको लेकर केरल कांग्रेसके सभी पदाधिकारियोंको नोटिस

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने पूछा है कि उनके खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 139 के तहत अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। सुनवाई के दौरान कांग्रेस की ओर से पेश वकील ने बताया कि विवादित पोस्ट पदाधिकारियों की मंजूरी के बिना आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर डाली गई थी। पार्टी ने बिना शर्त माफी मांगते हुए पोस्ट हटाने की जानकारी भी दी। हालांकि, अदालत ने इस पर संतोष नहीं जताया।

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## मुंबई हाईकोर्ट, बीएसई-अमिताभके बंगलेको उड़ानेकी धमकी

मुम्बई (आससे)। मुंबई में बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गयी हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। दरअसल, मुंबई में ही अमिताभ बच्चन के दो बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा। धमकी सामने आने के बाद मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गयी हैं।

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## सीआईडी कर्मी से 1.९० लाख साइबर ठगी

फरीदकोट (एजेंसी)। साइबर ठगों ने अब मोबाइल फोन को हैक कर ऑनलाइन ठगी करने का नया तरीका अपनाया है। ऐसा ही एक मामला फरीदकोट में सामने आया है, जहां पंजाब पुलिस के सीआईडी विंग में तैनात एक कर्मचारी के बैंक खाते से 1.90 लाख रुपये निकाल लिए गये। पीड़ित की शिकायत पर स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मोहाली में दर्ज जीरो एफआईआर के आधार पर थाना साइबर क्राइम फरीदकोट में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में शिकायतकर्ता गुरमीत सिंह कैंथ ने बताया कि पिछले माह 17

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## सीतापुर : ट्रैक्टर ट्रालीको ट्रकने मारी टक्कर, पांच की मौत

सीतापुर (एजेंसी)। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि 17 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरगांवा गांव निवासी हरिनाम के बेटे 'अभी' का मुंडन संस्कार हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र स्थित रायपुर गांव के एक धार्मिक स्थल पर संपन्न हुआ था। कार्यक्रम पूरा होने के बाद परिवार और रिश्तेदार ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर वापस बरगांवा गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के समीप हिम्मतनगर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे से बाहर निकाला गया।

## १६ फरवरीसे शुरू होगी सीबीएसई की १०वीं-१२वीं की परीक्षा

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए डेटशीट 2027 जारी कर दी है। बोर्ड ने 6 नवंबर 2026 को परीक्षा का कार्यक्रम अपनी आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in और cbseacademic.nic.in पर

### टाइम टेबल जारी

जारी किया। इसके अनुसार, दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अपनी कक्षा और विषय के अनुसार तारीखें देख सकते हैं। बोर्ड ने विषयवार परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। ऐसे में छात्रों को अपनी परीक्षा की तारीख और समय ध्यान से देखना चाहिए। सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी 16 फरवरी 2027 से शुरू होंगी। हालांकि, इनका आयोजन 10वीं के मुकाबले ज्यादा समय तक चलेगा। बोर्ड के अनुसार, बारहवीं की परीक्षाएं 9 अप्रैल 2027 तक आयोजित की जाएंगी। इस बार 12वीं के छात्र कुल 121 विषयों की परीक्षा देंगे। परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होगी। छात्रों को सलाह है कि वे




अपनी विषयवार डेटशीट डाउनलोड करके सुरक्षित रख लें। इससे उन्हें परीक्षा की तारीख, विषय और तैयारी के लिए मिलने वाले समय की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाओं और प्रोजेक्ट मूल्यांकन को लेकर भी जानकारी दी है। सामान्य शैक्षणिक सत्र के अनुसार चलने वाले स्कूलों में प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र से पेंशनभोगियोंको बैंकों के चक्कर लगानेसे मिलेगी मुक्ति

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 5.0 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य बुजुर्ग पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए बैंकों और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति दिलाना है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में वरिष्ठ नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए उनके स्वास्थ्य, वित्तीय सुरक्षा और कल्याण

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## झारखण्ड : बेकाबू ट्रकने लोगों को कुचला, सातकी गयी जान

खूंटी (झारखण्ड) (एजेंसी)। यहां खूंटी जिले में कर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कर्रा-तोरपा मुख्य मार्ग पर जोने-लुदरू मोड़ के पास गुरुवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की




जान चली गयी। मृतकों में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं, जिनमें एक 11 महीने का नवजात भी है। तोरपा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित भारी ट्रक ने सड़क किनारे एकत्र भीड़ को कुचल दिया। हादसे में एक पांच वर्षीया बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। मरने वाले सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। वे सड़क से तेज आवाज सुनकर हादसे की आशंका में बाहर आये थे लेकिन खुद हादसे का शिकार बन गये। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात जोने-लुदरू मोड़ के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास की बस्ती के नागरिक घटनास्थल पर एकत्रित होने लगे। लोग दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी सवार को झाड़ी से बाहर निकालने और मदद करने का प्रयास कर रहे थे।

## तरुण तेजपालको सुप्रीम कोर्ट से झटका, सजापर रोकसे इनकार

नयी दिल्ली (आससे)। तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने उनकी सजा पर रोक लगाने की अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों, विशेषकर तेजपाल के ईमेल और संदेशों के प्रथम दृष्टया आकलन के आधार पर सजा पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता। ऐसे में तेजपाल को दिवाली जेल में ही बितानी होगी। अदालत में छुट्टियों के कारण मामले की अगली सुनवाई दिवाली के बाद होने की संभावना है। तेजपाल ने 20 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर सजा पर रोक और सरेंडर से छूट मांगी थी। हालांकि, अदालत ने सरेंडर से छूट देने से इनकार करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद उन्होंने 14 सितंबर को गोवा के मापुसा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।

## वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को दोबारा फार्म भरनेका मौका

नयी दिल्ली (आससे)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाये हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किये गये थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किये जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे

### चुनाव आयोगने की घोषणा

मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नयी व्यवस्था तय की है। चुनाव आयोग ने 6 नवम्बर 2026 को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किये। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाय। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जायेगी। इन सूचियों को आयोग की वेबसाइट पर भी पीडीएफ के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा। नाम शामिल नहीं होने की संभावित वजह भी बतायी जायेगी। जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने

(शेष पृष्ठ ११ पर)

## दीपावली-छठपर प्रदेशके अस्पताल अलर्ट मोड में



### २४ घंटे चालू रहेंगी इमरजेंसी और ट्रामा सेवाएं

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। इसी क्रम में दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने की घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों तथा संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि त्योहारों के दौरान किसी भी नागरिक को आपात चिकित्सा सुविधा के लिए भटकना न पड़े और जरूरत पड़ने पर उसे तत्काल उपचार उपलब्ध हो। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण नेहा शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों को चिकित्सा सेवाओं, मानव संसाधन, दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और आपातकालीन व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। सभी मेडिकल

(शेष पृष्ठ ११ पर)






# धनतेरस पर झूमा बाजार, अरबों का हुआ कारोबार

**आधी रात तक बाजारों में रही चहलकदमी, खरीदारी के लिए उमड़े लोग, खूब बिके गहने, बर्तन और गाड़ी, व्यापारियों के चेहरे पर छाई रही खुशी**








जौनपुर। धनतेरस के मौके पर शनिवार को बाजार में खूब खरीददारी हुई। दीपावली की खरीदारी के लिए लोग सुबह से देर रात तक बाजारों में ही जमे रहे। जबर्दस्त कारोबार से व्यापारियों के चेहरे भी खुशी से चमक उठे। धनतेरस में करोड़ों का कारोबार हुआ है। सबसे ज्यादा रौनक ऑटोमोबाइल्स और सर्राफा बाजार में दिखाई दी। सर्राफा बाजार सुबह से ही दमकता रहा। गोल्ड और डायमंड की सबसे ज्यादा बिक्री हुई। इसके अलावा बर्तन, कपड़े, श्रृंगार, जूते-चप्पल, इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में भी लोगों की भीड़ दिखाई दी। खरीदारी के लिए शहर के सभी शॉपिंग मॉल में भी लोगों का तांता लगा रहा। नगर के प्रमुख बाजारोंओलन्दगंज, चहारसू, कोतवाली चौराहा, कचहरी रोड आदि बाजारों में जबर्दस्त भीड़ दिखी। बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने की वजह से लोग परेशान होते रहे। शहर में भारी-भीड़ की वजह से पहले चार और दोपहर बाद दोपहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। धनतेरस पर लोगों ने ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और गाड़ियों की खरीदारी की। इस वजह से शोरूम से लोगों के घरों में सुबह से देर रात तक डिलेवरी होती रही। इसी क्रम में शहर के गहना कोठी के तीनों फर्म कोतवाली चौराहा, सद्भावना पुल मोड़ और कलेक्ट्रेट तिराहा पर जबरदस्त भीड़ रही। फर्म के अधिष्ठाता विनीत सेठ व विवेक सेठ मोनू ने बताया कि इस बार पिछले साल की तुलना में बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गहना कोठी के तीनों फर्म पर महिलाओं की भीड़ देखते ही बन रही थी। किसी ने चेन खरीदी, तो किसी ने अंगूठी, सिक्का और चांदी की मूर्ति। इसी प्रकार कल्याण ज्वेलर्स के अधिष्ठाता मनोज अग्रहरि ने बताया कि हमारे फर्म पर इस बार पिछले साल की तुलना में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली जिसका ग्राहकों ने फायदा उठाया। वहीं वेंकटेश हुंडई के बारे में श्री अग्रहरी ने बताया कि पिछले वर्ष से इस बार अधिक बाइक व कार की खरीदारी लोगों ने की। ग्राहकों के लिए कई आफर भी रखे थे। वहीं भारत ग्लास हाउस नखास में बर्तन की दुकानों पर ग्राहकों की लाइन सुबह से ही लगनी शुरु हो गई थी, वहीं शाम तक दुकानदारों को ग्राहकों को संभालने के लिए अतिरिक्त स्टाफ लगाना पड़ा। सोने-चांदी की दुकानों पर भी उत्साह चरम पर रहा। बाजारों में देर रात तक खासी चहल पहल रही। जबकि दुकानों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। साथ ही लक्ष्मी गणेश व कुबेर, दीया, खिलौना, कंदील, झालर, मिठाई, गिफ्ट, घर की सजावट का सामान, पर्दे, झाड़ू आदि की लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसी क्रम में धनतेरस के पावन पर्व पर नरखास, ओलंदगंज स्थित भारत ग्लास हाउस में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने दुकान पर पहुंचकर बर्तनों सहित घरेलू उपयोग के सामानों की खरीदारी की। दुकान के प्रोपराइटर अंकुर गुप्ता ने बताया कि धनतेरस पर ग्राहकों का अच्छा उत्साह देखने को मिला और पूरे दिन खरीदारी का सिलसिला जारी रहा। भारत ग्लास हाउस में ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता के सामान और उचित विकल्प उपलब्ध कराए जाते हैं। ग्राहकों की अच्छी भीड़ और बिक्री से प्रतिष्ठान पर पर्व की रौनक देखने को मिली।

# भीषण सड़क हादसा, एक किशोर की मौत, दूसरा गंभीर घायल

बरईपार। तेजी बाजार थाना क्षेत्र के बरईपार-जौनपुर मार्ग पर सिरसी स्कूल के पास शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे के लगभग हुए भीषण सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों किशोर गोनापार गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, गोनापार गांव निवासी अनुज प्रताप प्रजापति (17) पुत्र राजकुमार तथा दिव्यांशु पुत्र राकेश कन्नौजिया बाइक से किसी काम के सिलसिले में बरईपार से जौनपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिरसी स्कूल के पास उनकी बाइक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों किशोर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने किया मृत घोषित, हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अनुज प्रताप प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दिव्यांशु को परिजन बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जौनपुर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर पीटा, मुकदमा दर्ज

पवांरा। पुरानी रंजिश को लेकर मारने-पीटने गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के सरायबीका गांव निवासी अनूप कुमार सिंह पुत्र अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि दो नवम्बर की रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसके पिता अमरेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व. राजाराम को गांव के ही सूरज मौर्य (बंटी) पुत्र सुरेश मौर्य ने मारापीटा, गाली-गलौज किया व जान से मारने की धमकी दिया। मारने-पीटने से उसके पिता को अत्यधिक चोटे आयी हैं।

## धनतेरस पर श्री गणपति ऑटो मोबाइल्स में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

सिकरारा। बरईपार, दीपावली पर्व के शुभारंभ के साथ शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में मछलीशहर रोड, वारी बरईपार स्थित श्री गणपति ऑटो मोबाइल्स पर दिनभर ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी रही। धनतेरस के शुभ अवसर पर खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। प्रतिष्ठान पर सुबह से ही ग्राहकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। इस अवसर पर प्रतिष्ठान के मालिक राकेश कुमार मिश्र ने ग्राहकों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्राहक उनके लिए भगवान के समान हैं। ग्राहकों का विश्वास और संतुष्टि ही उनके प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि श्री गणपति ऑटो मोबाइल्स पर ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद, उचित एवं प्रतिस्पर्धी दाम तथा बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जाता है। उन्होंने धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पशु आरोग्य शिविर/मेला आयोजित

डोभी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलरामपुर में गुरुवार को पशुधन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर/ मेला का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालको को पशु पालन विभाग की ओर से चलाई जा रही समस्त योजनाओ के बारे में वृस्तित जानकारी दी गयी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक-3808 /4ए दिनांक- 02.11.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉंक 13.11.2026 से दिनॉंक 18.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉंक 18.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विशेष मरम्मत के स्वीकृत कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | सलेमपुर डिहवां मार्ग से राजभर बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 20.82 | 16.70 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी.सी डी |
| 2 | बलिया | बलिया नगरा मार्ग से अम्बेडकर जी के मूर्ति होते हुए हरिजन बस्ती राजभर बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 35.74 | 28.60 | 945.00 | 2 Month | | | | |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.- 260488
दिनांक-05.11.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# मड़ियाहूं पीजी कालेज में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**२३ कंपनियों के साथ २३५३ अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग**

मड़ियाहूं। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर द्वारा मड़ियाहूं पीजी कॉलेज, मड़ियाहूं में विधानसभा स्तरीय रोजगार मेला-2026 का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 23 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की, जिसमें कुल 2353 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कर रोजगार के अवसरों की तलाश की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मड़ियाहूं विधानसभा के विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.के. पाठक ने की। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान की विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ.



आर.के. पटेल ने अपने संबोधन में युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राजकिशोर तिवारी के योगदान को स्मरण करते हुए उनकी स्मृति में स्मारक द्वार बनवाने की महत्वपूर्ण घोषणा की। उनकी इस घोषणा का उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.के. पाठक ने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए जिला सेवायोजन कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में युवाओं के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ जीवन कौशल, व्यावहारिक दक्षता एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे रोजगार मेले युवाओं को सीधे कंपनियों से जुड़ने और अपने भविष्य को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान ने युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं एवं रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को उनकी योग्यता एवं दक्षता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने युवाओं से ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता करने तथा अपने कौशल को निरंतर विकसित करने का आह्वान किया। रोजगार मेले में अदाणी, सोलर एनर्जी, टाटा, ब्लिंकिट, मारुति सुजुकी, एलायंस रक्षा सिक्योरिटी, निम्सन हर्बल, लर्नर प्राइवेट लिमिटेड, एशियन इलेक्ट्रॉनिक रिक्रूटमेंट कंपनी, श्री गणेश कंसर्ट एंड मैनपावर सर्विस, फ्यूचर ऑर्गेनिक, इंडिया पुखराज हेल्थ केयर तथा ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया सहित कुल 23 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता एवं दक्षता के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न की। इस आयोजन को सफल बनाने में जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर एस.के. यादव, जीतलाल मौर्य, ए.बी. त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, शशिकांत मौर्य, मनीष, सुभाष एवं विनोद सहित सेवायोजन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। रोजगार मेला क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने, उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने तथा शैक्षणिक संस्थानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल साबित हुआ।

## अनियंत्रित ट्रेलर ने बिजली का खंभा तोड़ दुकान में घुसा, हजारों का नुकसान

**हनुमान मंदिर के सामने हुआ हादसा, टीन शेड, काउंटर और सामान क्षतिग्रस्त, चालक मौके से फरार**

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बजरंग नगर बाजार में गुरुवार की देर रात करीब एक बजे अनियंत्रित ट्रेलर बिजली के खंभे को तोड़ते हुए जिगर चाइनीज की दुकान में जा घुसा। हादसे में दुकान का टीनशेड, काउंटर सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इससे दुकानदार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। बजरंगनगर बाजार निवासी राधेश्याम मोदनवाल के घर के सामने स्थित दुकान में अनियंत्रित हो ट्रेलर घुस गया। संयोग अच्छा रहा कि दुकान के टीनशेड के नीचे उस समय कोई सोया नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची चंदवक पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को दुकान से बाहर निकलवाया। इस दौरान ट्रेलर दो हिस्सों में बंट गया। बाद में उसके दोनों हिस्सों को बाजार से बाहर सड़क किनारे खड़ा कराया गया। वहीं, हादसे के बाद चालक मौके का फायदा उठाकर ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता-चतुर्थ बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः-01/AE-IV/BDV/2026-27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो (तालिका संख्या-1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या-2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधिशासी अभियन्ता, बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या-1

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि | अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जानी वाली धनराशि (% में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में अमरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक तथा जोगिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 1.06 | 2% | 10% | 15 दिवस | 75.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 2 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में बलिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा मीसीरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.85 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 3 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में बहेलियापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा मुरारपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.89 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 4 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में गोन्दी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा शहपुरवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.85 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 5 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में फीराजेपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा शेरवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक तथा फततेपुर माइनर किमी0 0.000 से किमी0 1.000 आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.90 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 6 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में रघुनाथपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक तथा मुजफ्फरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.97 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 7 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में छित्तमपुर राईट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.050 तथा छित्तमपुर लेफ्ट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.73 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 8 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में मुबारकपुर राईट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तथा मुबारकपुर लेफ्ट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.75 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 9 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड शहाबगंज में खरौझा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.650 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.56 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 10 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में लठिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.600 तक आन्तरिक सेक्शन के स्क्रैपिंग का कार्य। | 0.76 | 2% | 10% | 15 दिवस | 50.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | D& Above |
| 11 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में शिकारगंज राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 5.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य। | 2.54 | 2% | 10% | 15 दिवस | 150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | C& Above |
| 12 | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड चकिया में उचेहरा राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य तथा किमी0 4.000 से किमी0 8.600 तक स्क्रैपिंग का कार्य। | 3.39 | 2% | 10% | 15 दिवस | 150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge | C& Above |

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियॉं

| S.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in) | 20.11.2026 | 10:00 AM |
| 2 | Bid Submission Start | 20.11.2026 | 10:00 AM |
| 3 | Bid Submission End | 27.11.2026 | 02:00 PM |
| 4 | Technical Bid opening | 27.11.2026 | 03:00 PM |
| 5 | Bid opening place | Office of Executive Engineer, Bandhi Division, Varanasi | |

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्ते उ0प्र0सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
2. निविदा प्रक्रिया ऑन-लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन-लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑन-लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि-पत्र की जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.:- 260579
दिनांकः- 05.11.2026

(हीरा लाल यादव)
सहायक अभियन्ता चतुर्थ
बन्धी प्रखण्ड, वाराणसी

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# नीरव की मौत पर भड़का जनाक्रोश, हत्या के मुकदमे की मांग पर बंधक रहा राजमार्ग

खुटहन। तिलवारी गांव निवासी नीरव सिंह उर्फ सेठ की हत्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा। नामजद आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पिलकिछा पुल के पास प्रयागराज-वाया-शाहगंज राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन से राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सड़क के दोनों तरफ लगभग दस किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम की सूचना पर खुटहन, बदलापुर, शाहगंज और खेतासराय थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच मौके पर पहुंचे बदलापुर



विधायक रमेश मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने एसपी समेत अन्य अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। साथ ही पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं, सीओ शाहगंज प्रतिमा वर्मा ने भी भरोसा दिलाया कि विवेचना के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धाराओं का परिवर्तन किया जाएगा। विधायक और पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। इसके बाद राजमार्ग पर यातायात बहाल हो सका। नामजद आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग ग्रामीणों की मांग थी कि मुन्नू यादव, नीरज यादव, मंतोष पांडेय समेत अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। गौरतलब है कि नीरव सिंह की मौत के बाद स्वजनों ने उनके साथ मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। उधर, एसडीएम बदलापुर ने भी मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## जिन दोस्तों पर था भरोसा, उन्हीं के साजिश के जाल में फंसे नीरव

खुटहन। दोस्ती पर भरोसा कर जिनके साथ नीरव सिंह उर्फ सेठ का उठना-बैठना था, उन्हीं दोस्तों पर अब उनकी हत्या और हत्या की साजिश रचने का गंभीर आरोप लग रहा है। दोस्ती की आड़ में कथित तौर पर बुने गए इस साजिशी जाल ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। जिस घर में दीपावली की तैयारियां होनी थीं, वहां अब मातम पसरा है। जिस आंगन में खुशियों के दीप जलने थे, वहां अपनों को खोने का गम छाया हुआ है। त्योहार की रौनक पलभर में मातम में बदल गई। इस घटना ने न सिर्फ परिवार को झकझोर दिया है, बल्कि दोस्ती और भरोसे के रिश्तों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।परिजनों के लिए यह सदमा असहनीय है। उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि जिन लोगों के साथ नीरव का उठना-बैठना था, उन्हीं पर उनकी जान लेने की साजिश रचने का आरोप है। परिवार की आंखों में अपनों को खोने का दर्द है तो मन में घटना की सच्चाई सामने आने की उम्मीद भी। परिजन पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की तह तक पहुंचेगी और नीरव की मौत के पीछे छिपे हर राज से पर्दा उठाएगी।

## असवां रामलीला: बाली वध, सुग्रीव राज्याभिषेक और हनुमान का लंका दहन देख गूंजा पंडाल



जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवां में आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट के बैनर तले चल रही रामलीला के पांचवें दिन सुग्रीव मैत्री, बाली वध और लंका दहन का सजीव मंचन हुआ। भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता के पश्चात सुग्रीव ने मिले कुंडल दिखाए। राम कुंडल देखते ही पहचान गए कि ये सीता के हैं। श्रीराम ने लक्ष्मण से कुंडल पहचानने को कहा, तो लक्ष्मण ने कहा- मैं माता सीता के केवल पैर देखा हूं, पहचान नहीं सकता। तब श्रीराम ने कहा-सुग्रीव, तुम बहुत चिंतित दिख रहे हो। सुग्रीव ने भाई बाली की करतूत बताई। श्रीराम ने कहा-जाओ, बाली को युद्ध के लिए आमंत्रित करो, मैं तुम्हारे समस्त कष्ट दूर करूंगा। सुग्रीव ने बाली को ललकारा, भीषण युद्ध हुआ। हनुमान जी अशोक वाटिका में मां सीता के पास पहुंचे, राम की अंगूठी गिराई, आज्ञा लेकर वाटिका में उत्पात मचाया, रावण के बेटे का वध किया। मेघनाद ने हनुमान को बंदी बनाकर रावण के समक्ष प्रस्तुत किया। रावण के आदेश पर हनुमान की पूंछ में आग लगा दी गई। हनुमान जी ने सोने की लंका को खाक कर दिया, समुद्र में पूंछ बुझाकर श्रीराम के पास पहुंचकर सीता के पता लगने और लंका दहन की सूचना दी, जिससे राम दल में खुशी की लहर दौड़ गई।

# पंचायत सेकरेट्री अनूप सिंह को पितृ शोक

बदलापुर। तहसील क्षेत्र के हरदास पट्टी निवासी एंव ब्लाक बदलापुर मे कार्यरत अनूप सिंह के पिता सेवानिवृत्त पंचायत सेकेरेट्री राय



साहब सिंह का वीते दिवस असामिक मौत होने से शोक श्रद्धांजलि ब्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी हैं। इस संबंध मे ब्लाक मुख्यालय बदलापुर पर प्रभारी ऐडियो पंचायत रणजीत सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित शोक सभा मे दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गईं। इस अवसर पर शोक ब्यक्त करने वालों मे खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र द्विवेदी, ग्राम पंचायत अधिकारी आकाश सिंह, अजय कुमार रजक प्रदीप यादव, मुकेश, राहुल, श्री पति, अवनीश कुमार, प्रदीप शर्मा, उदय राज भारतीय, अम्बुज श्री वास्तव, पूजा सोनी, रूही धुरिया, सिकंदर, प्रेम, एंव ग्राम प्रधानों एंव ब्लाक के गण मान्य लोगो ने घर पहुंचकर शोक ब्यक्त किया। बताया गया हैं की जैसे-जैसे लोगो को राय साहब सिंह के मौत की जानकारी हों रही हैं, सुबह से शाम तक़ घर पहुंचकर शोक व्यक्त करने वालों का सिल सिला जारी हैं।

## वर्षों से बिजली संकट झेल रहे गांव को मिली राहत

बरसठी। बर्षो से बिजली की समस्या से जूझ रहे बरसठी क्षेत्र के गोठांव गांव के ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिली,गांव में 100 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने नए ट्रांसफार्मर एवं विद्युतीकरण कार्य का उद्घाटन किया, यह पहल गांव निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष आशीष सिंह के प्रयास तथा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह के सहयोग से पूरी हुई, लंबे समय से पर्याप्त विद्युत व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारों ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही थी नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से गांव के हजारों लोगों को बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जगी है, कार्यक्रम का आयोजन आशीष सिंह के आवास पर किया गया,इस दौरान ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया, कार्यक्रम में जिला महामंत्री संतोष मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रमेश मौर्य, सोमेश सिंह, सतीश सिंह, शुभम तिवारी बीडीसी, राजकुमार सिंह (दीपू), अरुण सिंह (अज्जू) और संतोष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धनतेरस पर बाजारों में जमकर धनवर्षा

## खरीदारों की उमड़ी भीड़, आभूषण, बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रानिक सामानों की खूब हुई बिक्री

ज्ञानपुर। जनपद में धनतेरस पर्व पर शुक्रवार को जिलेभर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। शुभ मुहूर्त में खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मान्यता के अनुसार धनतेरस पर नई वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इसी परंपरा के चलते लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार जमकर खरीदारी की। धनतेरस पर सबसे अधिक रौनक सर्राफा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक और वाहन बाजारों में देखने को मिली। लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों के साथ ही चांदी के सिक्के, पीतल और स्टील के बर्तन खरीदे।



वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहनों की खरीदारी के लिए भी बड़ी संख्या में लोग शोरूम पहुंचे। कई परिवारों ने नई साइकिल, मोबाइल, घरेलू उपकरण, सजावटी सामान और भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी की। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष सजावट और आकर्षक ऑफर दिए। ज्ञानपुर, गोपीगंज, सीतामढ़ी, घोसिया, औराई, भदोही, नई बाजार और सुरियावां समेत जिले के प्रमुख बाजारों में दिनभर भीड़ बनी रही। बाजारों में उमड़ी भीड़ के चलते कई स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही से कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। धनतेरस के अवसर पर जिले के बाजारों में करोड़ों रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। पर्व को लेकर व्यापारियों में भी खासा उत्साह रहा। देर शाम तक लोग परिवार के साथ बाजार पहुंचकर खरीदारी करते रहे। कुल मिलाकर धनतेरस ने जिले के बाजारों में रौनक बढ़ाने के साथ व्यापारियों को भी अच्छा कारोबार दिया।

## आवास दिलाने के नाम पर किसी को भी न दें पैसा-सीडीओ

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्राथमिकता सूची पोर्टल पर अपलोड

ज्ञानपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के आधार पर जनपद के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पात्र परिवारों की प्राथमिकता सूची पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित कर योजना के क्रियान्वयन, पात्रता सूची के सत्यापन तथा शिकायतों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत जनपद में असिस्टेड सर्वे के माध्यम से 42,600.77 तथा सेल्फ सर्वे के माध्यम से 14,028 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। इस प्रकार कुल 55,095.705 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के उपरांत भारत सरकार द्वारा विभिन्न तकनीकी माध्यमों एवं निर्धारित मानकों के आधार पर 8,154 परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने हेतु सूचीबद्ध किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उक्त प्राथमिकता सूची जनपद के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सम्मिलित होने अथवा किसी पात्र परिवार का नाम छूटने की स्थिति में आपत्ति एवं शिकायत प्राप्त कर उनका परीक्षण कराने की व्यवस्था की गई है। शासन के निदेर्शो के अनुरूप ग्राम स्तर पर भी सूची का परीक्षण कराया जाएगा, ताकि पात्रता के आधार पर लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे पोर्टल पर उपलब्ध प्राथमिकता सूची का अवलोकन अवश्य करें। यदि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल होने अथवा किसी पात्र परिवार का नाम छूटने के संबंध में कोई आपत्ति या शिकायत हो तो जनपद के आवास नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के मोबाइल नंबर 9454465122 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपनी आपत्ति लिखित रूप में मुख्य विकास अधिकारी अथवा जिलाधिकारी के समक्ष भी प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने योजना के संबंध में विशेष रूप से स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि पूरी तरह नि:शुल्क प्रदान की जाती है। इस योजना का लाभ केवल उन्हीं परिवारों को मिलेगा, जिनका नाम निर्धारित पात्रता एवं प्राथमिकता सूची में सम्मिलित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति आवास दिलाने, सूची में नाम जुड़वाने अथवा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर किसी प्रकार की धनराशि की मांग करता है तो उसे कतई पैसा न दें और तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि पात्रता सूची में नाम सम्मिलित होने वाले पात्र परिवारों को नियमानुसार आवास का लाभ अवश्य मिलेगा।

## धनतेरस पर अनुश्री पीजी कालेज में लगा दीपावली मेला

सुरियावां। धनतेरस के पावन अवसर पर शुक्रवार को अनुश्री पीजी कॉलेज, कैड़ा में भव्य दीपावली मेले एवं दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आकर्षक सजावट, रंगोली प्रतियोगिता और सेल्फी प्वाइंट ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार भदोही राहुल मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार सुरियावां रहे। इनके साथ राजस्व निरीक्षक और लेखपाल भी मौजूद रहे। महाविद्यालय परिसर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता की थीम 'जनगणना से जनकल्याण' रखी गई थी। स अवसर पर महाविद्यालय की परिसर प्रभारी बीना सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, रविचंद्र यादव, रामफल बिंद, विजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार गौतम, मनोज सहित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नरक चतुर्दशी आज, यम के नाम पर जलेंगे दीपक

कांवल। दीपोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को नरक चतुर्दशी का पर्व मनाया जाएगा। इसे छोटी दीपावली और रूप चौदस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान यमराज की पूजा और उनके नाम पर दीपदान करने की परंपरा है। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा करने और दीपक जलाने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है। पं. देवमणि मिश्र ने बताया कि नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से रूप और सौंदर्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। इसी कारण इस तिथि को नरक चतुर्दशी कहा जाता है। इस दिन हनुमान जयंती मनाए जाने की भी मान्यता है।

## अज्ञात बस की टक्कर से दो युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जंगीगंज मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश दुबे ने मानवीय पहल करते हुए दोनों घायलों को सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। इसके बाद स्वयं अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल भी जाना। घायलों की पहचान विप्लव पटेल (21) पुत्र संजय पटेल निवासी नवाबगंज, प्रयागराज और सौरभ पटेल (23) पुत्र धर्मेंद्र पटेल निवासी मऊआइमा, प्रयागराज के रूप में हुई। बताया गया कि दोनों युवक वाराणसी से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जंगीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

## घटतौली रोकने के लिए चलाया अभियान

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान अधिकारी चंद्रजीत यादव द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपद के विभिन्न बाजारों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को घटतौली एवं माप-तौल से संबंधित अन्य अनियमितताओं से बचाना तथा उनके हितों की रक्षा करना है। अभियान के दौरान मिठाई, गिफ्ट पैक, सर्राफा, पेंट, किराना एवं हार्डवेयर सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 17 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें अनियमितताएं पाए जाने पर 09 मामलों में अभियोजन की कार्यवाही की गई। इनमें घटतौली से संबंधित 02 मामले भी शामिल हैं। वरिष्ठ निरीक्षक चंद्रजीत यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं जांच अभियान चलाया जाएगा।

## सेंट थामस स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

गोपीगंज। नगर के प्रतिष्ठित सेंट थॉमस स्कूल, गोपीगंज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफायर हाउस ने ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 नवंबर को मुख्य अतिथि भदोही के अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, शॉटपुट, लंबी कूद, ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, रिले रेस एवं रस्साकशी सहित विभिन्न स्पर्धाओ में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 6 नवंबर को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्या श्रीमती ब्रिंडा सैम ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## आज मनायी जायेगी हनुमान जयंती

कांवल। हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है। पहली चैत्र मास की पूर्णिमा और दूसरी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को। हनुमान जी को बजरंगबली, संकटमोचन और महावीर के नाम से भी जाना जाता है। इस संबंध में डॉ. महेश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों तिथियों का अपना अलग धार्मिक और पौराणिक महत्व है। एक तिथि को विजय अभिनंदन के रूप में, जबकि दूसरी को जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार, बाल्यावस्था में हनुमान जी ने सूर्य को फल समझकर निगलने के लिए आकाश में छलांग लगा दी थी। उसी समय राहु सूर्य पर ग्रहण लगाने पहुंचा था। हनुमान जी को देखकर सूर्यदेव ने उन्हें दूसरा राहु समझ लिया। इस दौरान इंद्र ने अपने वज्र से हनुमान जी पर प्रहार कर दिया, जिससे वे अचेत हो गए। इससे पवन देव नाराज हो गए और उन्होंने संसार की वायु रोक दी। इसके बाद सभी देवी-देवताओं ने पवन देव को मनाया और हनुमान जी को पुनर्जीवन देकर अनेक वरदान प्रदान किए। यह घटना चैत्र मास की पूर्णिमा को हुई थी। इसी कारण इस तिथि को भी हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाता है। डॉ. त्रिपाठी ने वायुपुराण के श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि हनुमान जी का जन्म कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मंगलवार, स्वाति नक्षत्र और मेष लग्न में हुआ था। इसलिए वास्तविक जन्मोत्सव इसी तिथि को मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलियुग में हनुमान जी को सबसे जागृत देवता माना जाता है। मान्यता है कि वे आज भी अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

## लंका दहन से लेकर रावण वध तक का हुआ मंचन

सीतामढ़ी। विकासखंड डीघ क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारेपार के पैगहा गांव में मां जानकी बाल रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला शुक्रवार को विजयदशमी पर्व के साथ संपन्न हो गई। गुरुवार को रामलीला मंचन में लंका दहन, अंगद-रावण संवाद, कुंभकरण वध और मेघनाथ वध का मार्मिक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अंगद-रावण संवाद में अंगद द्वारा रावण की सभा में पैर जमाकर चुनौती देने का दृश्य आकषज्ण का केंद्र रहा। वहीं कुंभकरण और मेघनाथ वध के प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। शुक्रवार को विजयदशमी के अवसर पर भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित मनोज चतुर्वेदी ने रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर वर्णन कर समां बांध दिया। वाद्य यंत्रों की मधुर धुन और नृत्यांगनाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर नारेपार के पूर्व प्रधान मिश्रीलाल, सुनील सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. रामउचित सहित अनेक गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## अयोध्या पहुंचे राम, चारों ओर हर्षोल्लास

घोसिया। औराई क्षेत्र के अमीर पट्टी के मारुति धाम हनुमान मंदिर पर श्री स्वामी रामानंद मारुति नंदन रामलीला समिति की ओर से खेली जा रही रामलीला के अंतिम दिन राम भरत मिलाप का वृहद आयोजन किया गया। गांव की गलियों में तीन किलोमीटर से अधिक का भ्रमण करते हुए प्रभु श्री राम विमान पर सवार होकर रामलीला प्रांगण में पहुंचे। मारुति धाम रामलीला प्रांगण में पहुंचते ही चारों ओर प्रभु श्री राम के जयकारे लगने लगे। मेले में आए सभी भक्तजन प्रभु की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। इस मौके पर चंद्रकांत शुक्ला पट्टर चंद्रेश तिवारी प्रवीण दुबे जितेंद्र यादव श्यामलाल गौतम अमृतलाल पाल दिनेश चंद्र गौतम श्री प्रकाश गौतम रामलाल गौतम अजय यादव सहित बड़ी संख्या में आसपास गांवों के सम्भ्रांत जन उपस्थित थे।

## लोहे की राड से हमला कर युवक को किया गंभीर रूप से घायल

गोपीगंज। नगर के केड़वडिया तिराहे पर लोहे की राड से हमला कर 21 वर्षीय युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। हमले के बाद अज्ञात हमलावर मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान सेमरा गांव निवासी गौरव तिवारी पुत्र विजय तिवारी के रूप में हुई है। उसके सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम को गौरव अपनी बाइक बनवाने के लिए गोपपुर निवासी अशोक मिस्त्री के पास गया था। वहां से बाइक का कुछ सामान लेने के लिए वह मिस्त्री के साथ केडवरिया पहुंचा। मिस्त्री ने गौरव को केडवडिया तिराहे पर रोककर सामान लेने के लिए भेजा और खुद वहां से चला गया। करीब 15 से 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटा तो गौरव गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था।

## खेत बचाओ अभियान के तहत केवटाहीं में लगी किसान चौपाल

सीतामढ़ी । विकासखंड डीघ की ग्राम पंचायत केवटाहीं में कृषि विभाग की ओर से संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत किसान चौपाल का आयोजन उत्पादन के लिए जागरूक किया गया। चौपाल में यूनियन बैंक की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर भी लगाया गया। इसके माध्यम से किसानों और ग्रामीणों



किया गया। इसमें किसानों को स्वस्थ धरा, समृद्ध किसान के उद्देश्य से खेती-किसानी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों को अपनाने, खेतों की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और बेहतर को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी गई। बैंक से संबंधित लेनदेन, वित्तीय जागरूकता तथा बैंकिंग कार्यों के दौरान आने वाली परेशानियों के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने में मदद करना रहा। इस मौके पर कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी कृषि गोविंद यादव, यूनियन बैंक के वित्तीय साक्षरता केंद्र से नीता देवी एवं अखिलेश चौबे तथा कृषि विभाग के डॉ. रोहित पांडेय और रामविलास ने किसानों

### कृषि और बैंकिंग सुविधाओं की दी जानकारी

को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। किसान चौपाल में रामसिंगार पांडेय, विद्यामणि पांडेय, मुरलीधर पांडेय, जोगिंदर यादव, मानस पांडेय, विक्की सिंह, बसंत लाल गौतम, विकास यादव, कृपाशंकर पांडेय, सीताराम, देवी दयाल सिंह, लालमणि पांडेय, श्यामनारायण सिंह, कुलदीप गौतम और चिंतामणि सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बच्चों ने दिया कन्या शक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ज्ञानपुर। दीपावली के पावन अवसर पर श्री केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रंगोली और दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने आकर्षक रंगोलियों और सजावटी दीयों के माध्यम से कन्या शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में 'कन्या शक्ति', 'पेड़ नहीं तो कल नहीं' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषयों पर बनाई गई रंगोलियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्र-छात्राओं ने रंगों और कलाकृतियों के जरिए समाज में बेटियों के सम्मान, शिक्षा और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के संस्थापक नरेंद्र कुमार उपाध्याय ने बच्चों की कलाकृतियों का निरीक्षण कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अज्ञानता दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का भी संदेश देती है। बच्चों ने रंगोली और दीयों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को जिस तरह प्रस्तुत किया, वह सराहनीय है। वहीं प्रधानाचार्य वर्षा उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरने के साथ उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में कन्या शक्ति थीम पर उत्कृष्ट रंगोली बनाने के लिए आर्या भट्ट, ज्योति यादव, अनु यादव, अनन्या मिश्रा और अंजलि मिश्रा को सम्मानित किया



गया। 'पेड़ नहीं तो कल नहीं' विषय पर अर्पिता विश्वकर्मा और उनके ग्रुप को तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर अंशिका पाल और उनके ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## माटी कला मेले में मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता बताकर 'वोकल फार लोकल' का दिया संदेश

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वावधान में बस स्टॉप के बगल दुर्गागंज तिराहे पर तीन दिवसीय लघु माटी कला मेले का आयोजन किया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित यह मेला पांच नवंबर से सात नवंबर 2026 तक चलेगा। मेले के माध्यम से आमजन को मिट्टी से बने बर्तनों एवं अन्य उत्पादों की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही दीपावली के अवसर पर 'वोकल फॉर लोकल' की थीम को बढ़ावा देते हुए लोगों से मिट्टी के दीये जलाने और स्थानीय कुम्हारों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की गई। मेले के आयोजन में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के अनीस आलम एवं पंकज कुमार के साथ अर्जुन चंद्र प्रजापति और इंद्रेश कुमार दुबे का विशेष सहयोग रहा।

## गूगल पे का पासवर्ड हासिल कर उड़ाये रुपये, दो गिरफ्तार

ज्ञानपुर। चौराहे के पास एक व्यक्ति को घेरकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और गूगल पे खाते से 69 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने के मामले में दुर्गागंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ित से जबरन मोबाइल छीनकर हाथ-पैर तोड़ने का भय दिखाया और गूगल पे का पासवर्ड हासिल कर खाते से रकम निकाल ली थी। पुलिस के मुताबिक, 24 अक्टूबर 2026 की रात करीब आठ बजे बाबूराम चौर चौराहे के पास मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान आरिफ, राजा चौबे, आनन्द कनौजिया और शनी बिंद ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि गाली-गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद मोबाइल छीनकर पासवर्ड हासिल किया और खाते से 69 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से मोबाइल को फॉर्मेट कर दिया और सिम निकालकर फेंक दिया था। पीडित की शिकायत पर दुर्गागंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 121/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार, छह नवंबर को घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आनन्द कनौजिया पुत्र स्व. फूलचन्द कनौजिया उर्फ भट्टल निवासी नीबी मिल्कीपुर और शनी बिंद पुत्र हंसराज बिंद निवासी चौर (बौरी बोझ), थाना दुर्गागंज शामिल हैं।

## सालाना उर्स में उमड़े जायरीन

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत धनापुर उत्तरी में गुरुवार को हजरत बाबा सेराजूदीन का सालाना उसर्ज अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मजार पर दूर-दराज से आए जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी। जायरीनों ने मजार पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन-चैन,भाईचारा और खुशहाली की दुआ मांगी।

## मोटर पंप समेत हजारों का सामान चोरी

ज्ञानपुर। दुर्गागंज थाना क्षेत्र के प्रयागपुर गांव में चोरों ने एक किसान के ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए मोटर पंप समेत हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। चोरों ने पहले खेत में लगा मोटर पंप उखाड़ा, फिर ट्यूबवेल के कमरे की छत पर लगी तीन सीमेंटेड चादरें हटाकर अंदर रखा सामान चोरी कर लिया। घटना से किसानों में नाराजगी है। प्रयागपुर निवासी किसान मिश्रा पुत्र मोहनलाल मिश्रा के अनुसार, उन्होंने खेत की सिंचाई के लिए सीआरआई कंपनी का ढाई हॉर्स पावर का मोटर पंप लगा रखा था। गुरुवार की रात अज्ञात चोर मोटर पंप उखाड़ ले गए।

## ११ क्विंटल से अधिक पटाखों का जखीरा बरामद

गोपीगंज। दीपावली समेत आगामी त्योहारों के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को गोपीगंज पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम अमवामाफी उग्रसेनपुर में एक बंद गोदाम पर छापा मारकर 1118 किलोग्राम (11 क्विंटल 18 किलोग्राम) बारूदयुक्त पटाखे बरामद किए। गोदाम में 33 गत्तों में विभिन्न प्रकार के खतरनाक पटाखे रखे गए थे। कार्रवाई के बाद गोदाम को सील कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में त्योहारों को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान गोपीगंज पुलिस और तहसीलदार औराई राहुल सिंह के नेतृत्व वाली राजस्व टीम ने बंद गोदाम का ताला तोड़कर तलाशी ली। जांच में बिना वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में बारूदयुक्त पटाखों का भंडारण मिला। बरामद पटाखों में बुलेट बम, मिनी बम, हाइड्रो बम, चटाई, कृष्णा छाप जवान फुलझड़ी, मोरी छाप लगेन रॉकेट, चंद्रमा बैग और मिसाइल समेत कई प्रकार के पटाखे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि गोदाम रामचंद्र गुप्ता निवासी खरहट्टी मोहल्ला, गोपीगंज का है। बताया गया कि गोदाम उसकी पुत्री के नाम पर लिया गया है, लेकिन इसका संचालन और देखरेख रामचंद्र गुप्ता ही करता था। आरोप है कि त्योहारों के सीजन में अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से घनी आबादी वाले इलाके में बिना लाइसेंस पटाखों का थोक भंडारण और चोरी-छिपे खरीद-बिक्री की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने रामचंद्र गुप्ता के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9बी के तहत मुकदमा दर्ज कर बरामद पटाखों को कब्जे में ले लिया है।

## तीन वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

ज्ञानपुर। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को भदोही पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन वारंटी शामिल हैं, जबकि 11 लोगों को शांति भंग की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार कर चालान किया गया। पुलिस की कार्रवाई के तहत ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के मिसिरपुर से दो, गोपीगंज के बेरासपुर से दो और रजईपुर से चार तथा कोईरौना थाना क्षेत्र के बनकट उपरवार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह औराई थाना क्षेत्र के नटवा बंजारी से दो और सुरियावां थाना क्षेत्र के गोकुल पट्टी से एक व्यक्ति को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया। सभी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। वहीं, भदोही थाना क्षेत्र के हरदोपट्टी से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई। उधर, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान एक वाहन को सीज किया, जबकि 550 दोपहिया और 62 चारपहिया समेत कुल 613 वाहनों का चालान किया। इस कार्रवाई में कुल 7 लाख 23 हजार 600 रुपये का शमन किया गया।

## आज के समय में बच्चों के लिए तकनीकी ज्ञान भी जरूरी

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार को सेंट मैरीज स्कूल ने दिया कम्प्यूटर

भदोही। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार में शुक्रवार को सहयोग समर्पण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सेंट मैरीज स्कूल नई बाजार द्वारा एक कम्प्यूटर बच्चों के लिए दिया गया। कम्प्यूटर को सेंट मैरीज स्कूल के प्रिंसिपल फादर कास्फर ने बीईओ भदोही चंद्रशेखर आजाद व विद्यालय की प्रधानाचार्या फरखन्दा राशिद खान को भेंट किया। इस दौरान सेंट मैरीज स्कूल के प्रिंसिपल फादर कास्फर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान भी आज के समय में बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह कम्प्यूटर भेंट किया गया है, ताकि बच्चे कम्प्यूटर शिक्षा से जुड़कर आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि दोनों विद्यालयों के बीच सहयोग का यह रिश्ता आगे भी बना रहेगा। बीईओ चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सेंट मैरीज स्कूल का यह सहयोग सराहनीय है। इससे सरकारी विद्यालय के बच्चों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिलेगा और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस मौके पर आभा जायसवाल,



संजय कुमार यादव, अपराजिता गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, सविता देवी, संतोष कुमार, सुषमा सरोज व जयसिका देवी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### हजरत शहीद बाबा के मजार पर १२ को होगा सालाना उर्स

सुरियावां। क्षेत्र के ग्राम भटेवरा कच्चे तारा स्थित हजरत शहीद बाबा के मजार पर सालाना उर्स का आयोजन 12 नवंबर 2026, गुरुवार को किया जाएगा। उर्स के अवसर पर दिन में मेले का आयोजन होगा, जबकि रात में विराट कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग गाजीपुर

पत्रांक- 2492 / 10ए दिनांक-30 / 10 / 2026

ई0-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए.बी.सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक-10.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-17.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-17.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-17.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग-इन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | प्रा0 पाठशाला धरवां से नट बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 14.20 | 1.42 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |
| 2 | गाजीपुर | कस्तुआ सम्पर्क मार्ग से यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग (पिछड़ी बस्ती) के विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.10 | 0.71 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |
| 3 | गाजीपुर | कारिमाबाद सिधागरघाट सोनबरसा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0, गाजीपुर | 02 माह |

➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

➤ निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.-260353
दिनांक-04.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# धनतेरस पर बाजारों में हुई जमकर खरीददारी

**जिले में परम्परागत ढंग से मनाया गया पर्व**

**सोनभद्र।** जनपद में शुक्रवार को धनतेरस का पर्व धार्मिक परम्परा के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में दीपदान किया। इस पुनीत अवसर पर लोगों ने दो पहिया, चार पहिया वाहनों कृषि यन्त्रों, ट्रेक्टर, आभूषण समेत अन्य सामग्रियों की जमकर खरीदारी किया। सजधज कर ग्राहकों के इंतजार में लगी बाजारों में लक्ष्मी गड़ेश की मूर्ति, चांदी के सिक्के, बर्तन व हल्दी धनियां, झाड़ू नमक की भी खरीदारी कर भगवान धन्वंतरि का सविधि पूजन भी किया गया। जनपद में धनतेरस पर्व पर बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस पर्व पर आभूषण, कार, बाईक, ट्रेक्टर थ्रेसर कल्टीवेटर, बर्तन, लक्ष्मी गड़ेश की मूर्ति, नमक, धनिया, हल्दी, झाड़ू, चूड़ा, लाई, रेवड़ी समेत आवश्यकता की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की गई। प्रचंड महंगाई के बावजूद लोगों की खरीदारी में उत्साह को कहीं कोई कमी नहीं आयी। सुबह से लेकर दोपहर बाद तक बाजारें तो सजी हुई थी लेकिन ग्राहकों की भीड़ नहीं थी, अपरान्ह दो बजे के बाद ग्राहकों के बाजारों में पहुँचने का सिलसिला जो शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा, स्थिति यह हो गई की तिलभर पाँव रखने की जगह नहीं थी। हलांकि वाहनों की दूकानों पर सुबह से ही भीड़ लगी रही जो देर रात तक एक से बढ़ कर एक वाहन खरीदे गये। बाइक में हीरो,होंडा, टीवीएस, कार में महिंडा, हुंडई, टाटा की तरह तरह की गाड़ियों की खरीदारी में कहीं कोई कमी देखने को नहीं मिली। एक अनुमान के मुताबिक जिस तरह बाजारों में भीड़ देखी गई उससे इसबार जनपद में लाखों नहीं कई करोड़ की खरीदारी हुई होगी। जिले के रॉबर्ट्सगंज, घोरावल, ओबरा, रेणुकूट, अनपरा, दुद्धी समेत वाहनों की अन्य जगह स्थापित एजेंसियों पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। इसी प्रकार धनतेरस पर्व पर अन्य सामग्रियों की भी खरीदारी हुई। बाजारों में भारी भीड़ के मद्देनजर हर थाने की पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ चक्रमण करती रही। पुलिस की मुस्तैदी के चलते कहीं किसी के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। कुल मिलाकर धन तरस का त्योहार भारी उत्साह के बीच खरीदारी के साथ संपन्न हो गया। **रेणुकूट संवाददाता के अनुसार**-धनतेरस पर्व को लेकर शुक्रवार को रेणुकूट नगर का बाजार पूरी तरह गुलजार रहा। सुबह से ही बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक लगातार जारी रही। नगर की लगभग सभी प्रमुख दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। धनतेरस पर शुभ खरीदारी की परंपरा के चलते लोगों ने अपनी जरूरत और सामर्थ्य के अनुसार जमकर खरीदारी की।

### दीपावली को लेकर पुलिस ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** दीपावली त्योहार के दृष्टिगत पिपरी थाने की पुलिस ज्वेलर्स की दुकानों एवं हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी दीपावली त्योहार के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में पिपरी पुलिस ने पिपरी एवं रेनुकूट क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सोना-चाँदी के आभूषणों की दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# एनसीएल के सीनियर मैकेनिक की मौत

**नाश्ता करते समय अचानक बिगड़ी तबीयत, उल्टी के बाद हुए अचेत, अस्पताल में डाक्टरों ने किया मृत घोषित**

**बीना( सोनभद्र )।** एनसीएल की बीना कोयला परियोजना में कार्यरत 46 वर्षीय सीनियर मैकेनिक राजेश गोखे की शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नाश्ता करते समय अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद वह अचेत होकर गिर पड़े। परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल अटल अस्पताल, बीना ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजेश गोखे बीना परियोजना की वर्कशॉप में सीनियर मैकेनिक के पद पर कार्यरत थे और बीना कॉलोनी के आवास संख्या एम-177 में परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार की शाम ड्यूटी से लौटने के बाद वह घर पर सामान्य थे। शुक्रवार सुबह नाश्ता करते समय अचानक उन्हें उल्टी हुई और वह अचेत होकर गिर पड़े। उनकी हालत बिगड़ती देख परिजन और आसपास के लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।मृतक के परिवार में दो बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परियोजना के सहकर्मियों में भी शोक है। चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### १०० से अधिक लोगों को मिले खोये हुए मोबाइल

**सिंगरौली।** धनतेरस के मौके पर सिंगरौली पुलिस ने लोगों को खास सौगात देते हुए 100 से अधिक गुम मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए। दीपावली से पहले लंबे समय से अपने खोए मोबाइल मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। किसी के लिए मोबाइल अपनों की यादों से जुड़ा था तो किसी के लिए रोजमर्रा के कामकाज और जरूरी जानकारियों का अहम जरिया। पुलिस अधीक्षक शियाज के.एम. के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सीईआईआर पोर्टल और विभिन्न थानों के बीच बेहतर समन्वय के जरिए गुम मोबाइलों की तलाश की। सिंगरौली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2026 में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक 1100 से अधिक गुम मोबाइल बरामद किए गए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए बताई गई है।

# कोयला लदा ट्रेलर पलटने से दो की मौत, छह घायल

**रोडवेज बस से टकराने के बाद सड़क पर पलटा ट्रेलर, बाइक सवार कोयले के नीचे दबे**

**अनपरा( सोनभद्र )।** वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। कोयला लदा एक अनियंत्रित ट्रेलर सामने से आ रही रोडवेज बस से टकराने के बाद सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान बस के पीछे बाइक से जा रहे दो युवक भी ट्रेलर और कोयले के नीचे दब गए। घटना के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कोयला लदा ट्रेलर वाराणसी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस से उसकी जोरदार भिंड़त हो गई। भिंड़त इतनी भीषण थी कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। ट्रेलर पलटते ही उसमें लदा कोयला सड़क पर फैल गया। इसी दौरान बस के पीछे चल रहे बाइक सवार दो युवक भी उसकी चपेट में आकर कोयले के नीचे दब गए। हादसे में ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही अनपरा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। क्रेन और जेसीबी की मदद से कोयले के नीचे दबे बाइक सवारों को बाहर निकाला गया। वहीं, केबिन में फंसे ट्रेलर चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि पांच घायलों को एंबुलेंस की मदद से संयुक्त चिकित्सालय डिबुलगंज पहुंचाया गया। मृतकों की पहचान बाबूलाल 22 वर्ष पुत्र बरखीरन निवासी रामपहारी गांव, मकरा-सिंदूर थाना पिपरी तथा मनोज यादव 45 वर्ष पुत्र लालचंद यादव निवासी भोपतपुर थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। वहीं घायलों में रमाशंकर 19 वर्ष पुत्र पन्ने निवासी मनरहवां थाना अनपरा, ईशान 20 वर्ष पुत्र नंदलाल निवासी सिंगरौली, राजन 19 वर्ष पुत्र महादेव निवासी लोझरा, आकाश यादव पुत्र सेवक यादव निवासी आजमगढ़ तथा कशिश 18 पुत्री जयप्रकाश निवासी सिंगरौली शामिल हैं। हादसे में घायल एक अन्य व्यक्ति की पहचान का विवरण उपलब्ध नहीं हो सका है। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। सड़क पर बिखरे कोयले और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और राहत कार्य के साथ यातायात व्यवस्था सामान्य कराने का प्रयास किया। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और अनियंत्रित संचालन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सोनभद्र।** धनतेरस एवं आगामी दीपावली, भैया दूज तथा छठ पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी नगर, रणधीर कुमार मिश्रा एवं पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने बाजारों में भ्रमण कर व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया। इसके साथ ही व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारु रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया। विशेष रूप से सर्राफा एवं ज्वेलरी की दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने, प्रवेश एवं निकास द्वार पर सतर्क निगरानी रखने तथा नकदी एवं कीमती आभूषणों के सुरक्षित रख-रखाव के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निरंतर गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण द्वारा भी अपने-अपने सर्किल एवं थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों में सक्रिय रहकर धनतेरस पर्व के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ निरंतर पैदल गश्त की जा रही है। बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।



# खड़िया परियोजना की खदान में डीजल चोरी का बड़ा खेल

**रोजाना हो रहा लाखों का नुकसान**

**शक्तिनगर( सोनभद्र )।** एनसीएल खड़िया परियोजना की खदान में कथित डीजल चोरी और हेराफेरी का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों एवं लोगों के आरोपों के मुताबिक खदान में संचालित भारी मशीनों से रोजाना हजारों लीटर डीजल की कथित चोरी की जा रही है। इससे एनसीएल खड़िया परियोजना को प्रतिदिन लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि खदान में कोयला उत्पादन और ओबी हटाने के कार्य में लगी पीसी, डोजर, ड्रिल मशीन, डंपर, ड्रकलाइन सहित अन्य भारी मशीनों में इस्तेमाल होने वाले डीजल की खपत में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। आरोप हैं कि इन मशीनों के नाम पर जारी होने वाले हजारों लीटर डीजल का हिसाब वास्तविक खपत से मेल नहीं खा रहा है। सवाल यह है कि आखिर प्रतिदिन इतनी बड़ी मात्रा में डीजल कहां जा रहा है और इसकी निगरानी की जिम्मेदारी किसकी है? सूत्रों का यह भी दावा है कि एनसीएल सिक्योरिटी विभाग को प्रतिदिन टूटे हुए डीजल टैंकर के तले की तस्वीरें भेजी जाती हैं। इसके बावजूद कथित डीजल चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यदि लगातार टैंकरों में गड़बड़ी सामने आ रही है, तो अब तक विस्तृत जांच कर दोषियों की पहचान क्यों नहीं की गई? वहीं, कुछ लोगों द्वारा सिंगरौली से आकर सक्रिय बताए जा रहे हैं।

### छात्राओं ने विद्यालय में बनायी आकर्षक रंगोली

**सोनभद्र।** बिगत वर्ष की भांति पंडित विद्याधर इंटर कॉलेज कबरी में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी छात्राओं ने मिलकर कई तरह की रंगोली बनाया। जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर वक्ताओं ने रंगोली बनाये जाने,धनतेरस व दीपावली मनाये जाने के उद्देश्य पर प्रकाश भी डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महादेव विद्यालय के संरक्षक सुरेश तिवारी, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी, श्रवण पांडेय, सगीर खान, अनुराग त्रिपाठी,अमिताभ चौहान, मनीष द्विवेदी,संदीप चौहान, पूजा सिंह, निधि सिंह, पूजा पांडेय, कृष्ण देव पांडेय, पूजा भारती, स्नेहा पांडेय,राजू विश्वकर्मा,पायल सोनी,वैष्णवी गुप्ता, श्रेया पांडेय, शिवानी सिंह समेत अन्य छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# धनतेरस पर खरीददारों से गुलजार रहा बाजार

**मोरवा में बर्तनों और झाड़ू तक सिमटी ग्राहकों की खरीदारी, चांदी के सिक्कों की ओर बढ़ा रुझान, महंगी का दिखा असर**

**सिंगरौली।** धनतेरस पर बाजारों में रौनक तो खूब दिखाई दी, लेकिन ग्राहकों की खरीदारी में इस बार जेब का हिसाब भी साफ नजर आया। सुबह से ही मोरवा के बाजार में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती रही। बर्तन, सराफ, सजावट और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, लेकिन दुकानदारों की मानें तो बाजार में भीड़ के अनुपात में खरीदारी का उत्साह नजर नहीं आया। अधिकांश ग्राहक हल्के सामान, छोटी कटोरी, चम्मच और झाड़ू खरीदकर ही धनतेरस की परंपरा निभाते दिखाई दिए। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुमान के मुताबिक, इस वर्ष धनतेरस पर देशभर में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं सोने और चांदी की बिक्री 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक रहने का अनुमान जताया गया है। कीमती धातुओं की कीमतों में आई हालिया गिरावट के बीच चांदी के सिक्कों और हल्के आभूषणों की मांग को लेकर बाजार में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### बर्तन दुकानों पर छोटी खरीदारी से संतुष्ट हुए ग्राहक

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा के चलते मोरवा की बर्तन दुकानों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही। हालांकि बर्तन व्यवसायियों के अनुसार, इस बार ग्राहक भारी और महंगे बर्तनों के बजाय हल्के सामान खरीदने में ही रुचि दिखा रहे हैं। कोई छोटी कटोरी तो कोई चम्मच खरीदकर धनतेरस की खरीदारी पूरी करता नजर आया। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में ग्राहकों की संख्या अच्छी है, लेकिन उनकी खरीदारी का दायरा सीमित दिखाई दे रहा है। महंगाई और घरेलू बजट का असर खरीदारी पर साफ नजर आ रहा है।

### सोने-चांदी में गिरावट के बाद सिक्कों की मांग

सोने-चांदी के भाव में आई गिरावट के बाद सराफा बाजार में भी ग्राहकों की अच्छी आवाजाही रही। विशेषकर चांदी के सिक्कों को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। कई ग्राहक सोने के आभूषणों के बजाय चांदी के छोटे सिक्के खरीदने में रुचि दिखाते नजर आए। लक्ष्मी-गणेश की छाप वाले सिक्कों की मांग भी रही। सराफा व्यवसायियों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों का तांता लगा रहा। वहीं अधिक कीमत वाले आभूषणों के बजाय हल्के आभूषणों की ओर भी ग्राहकों का रुझान दिखाई दिया।

# दुकान में घुसी बेकाबू स्कार्पियो, भारी नुकसान

**चुर्क( सोनभद्र )।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के सहिजन खुर्द गांव वार्ड चार में सड़क के किनारे एक दुकान में गुरूवार की देर रात तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर घुस गई। इस घटना में हजारों रूपये का सामान नुकसान हो गया। संयोग अच्छा रहा कि रात में घटना घटी नहीं तो किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। सहिजन खुर्द गांव निवासी अजय चौरसिया की किराना एवं पान की दुकान है। गुरूवार की रात करीब सवा नौ बजे दुकान बंद करके पीछे बने मकान में चले आये। रात करीब साढे बारह बजे तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर परिजन दुकान की ओर गए। देखा कि स्कार्पियो अनियंत्रित होकर दुकान के सामने घुसी हुई थी। घटना होते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने बताया कि स्कार्पियों पर तीन लोग सवार थे और हादसा होते ही वे लोग वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। उधर घटना के बाद वाहन से संबंधित कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद सुबह मामले का निस्तारण किया जाएगा इस बात को कहकर पुलिस वहां से चली गई। दुर्घटना में चन्द्रभूषण सोनी का दुकान के बगल में रखा हुआ काउंटर समेत दुकानदार अजय का टीन शेड, दीवार, बैठने वाला सीमेंटेट स्थान क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग अच्छा रहा कि रात की घटना थी नहीं तो दिन की घटना होती तो जानमाल की हानि हो सकती थी।



सहिजन खुर्द गांव में दुकान में घुसी स्कार्पियो। छाया:आज।

# सोनअर्थ को मिली डिजिटल उड़ान, समूह की महिलाओं के उत्पादों को मिलेगी नयी पहचान

**समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने किया सोनअर्थ के डिजिटल लोगों का अनावरण**

सोनभद्र। डायट परिसर में आयोजित सोन अर्थ दीपावली सरस मेला-2026 में शुक्रवार को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी एवं डीसी मनरेगा रविंद्र सिंह की उपस्थिति में सोनअर्थ के डिजिटल लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 'सोनअर्थ' के डिजिटल लोगो के अनावरण से ब्रांड को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी नई पहचान मिलेगी। इससे अधिक से अधिक ग्राहक जुड़ सकेंगे तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की मार्केटिंग को और बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों को एक ब्रांड के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराना महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में सराहनीय पहल है। इस दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि जनपद की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता एवं विशिष्टता को 'सोनअर्थ' ब्रांड के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ब्रांड की उपस्थिति से उत्पादों की पहुंच स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर व्यापक स्तर तक हो सकेगी। इससे समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों के विपणन के बेहतर अवसर मिलेंगे और उनकी आय में वृद्धि के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सशक्त उद्यमी बनाने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। 'सोनअर्थ' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से जनपद के स्थानीय उत्पादों को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की जा रही है।

# सोन नदी के तट पर महागंगा आरती, पहली बार हुई नौका दौड़

**लोकसंस्कृति की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा गंगा उत्सव**

**सोनभद्र।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में गंगा उत्सव-2026 के अवसर पर सोन नदी तट स्थित छठ घाट, चोपन में भव्य महागंगा आरती, नौका दौड़ प्रतियोगिता एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नदी संरक्षण, जनसहभागिता एवं सोनभद्र की समृद्ध आदिवासी लोकसंस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। गंगा उत्सव का प्रमुख आकर्षण जनपद में पहली बार आयोजित नौका दौड़ प्रतियोगिता रही। सोन नदी की सहायक नदियों के नाम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में बजरंग घाट से छठ घाट, चोपन तक विभिन्न नदियों के नाम पर नाविकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गंडक नदी के नाविकों ने प्रथम, पांडु नदी के नाविकों ने द्वितीय तथा बिजुल नदी के नाविकों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सोन, रिहंद, कर्मनाशा, कनहर, बेलन सहित अन्य नदियों के नाविकों ने भी प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सायंकाल छठ घाट, चोपन पर भव्य महागंगा आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष कुमार जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली द्वारा दीप प्रज्वलित कर महागंगा आरती का शुभारंभ किया गया। दीपों की जगमगाहट एवं आरती के भक्तिमय वातावरण ने पूरे घाट को आध्यात्मिक एवं उत्सवमय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई व रंगोली बनाकर कार्यक्रम मे अलग ही छाप छोड़ी। वहीं स्थानीय आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा सोनभद्र की पारंपरिक लोकसंस्कृति के प्रतीक करमा एवं परसोना नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं संवर्धन हेतु उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन को संरक्षण शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसहभागिता का संदेश दिया गया। नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष कुमार जायसवाल, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली के अलावा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चोपन अखिलेश, उप प्रभागीय वनाधिकारी शत्रुघ्न त्रिपाठी, उप प्रभागीय वनाधिकारी कपिल, क्षेत्रीय वनाधिकारी अभिषेक यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम एवं जिला गंगा समिति, जिला परियोजना अधिकारी महेंद्र गौतम, नगर पंचायत चोपन के लिपिक श्री अंकित पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### फरार चल रहा दुष्कर्मी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** वर्ष 2019 से फरार चल रहे नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण के आरोपी को पिपरी थाने की पुलिस ने छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए गए। गठित पुलिस टीम ने न्यायालय से जारी अस्थायी गिरफ्तारी वारंट के अनुपालन में वर्ष 2019 से फरार चल रहे आरोपी श्रीकांत अग्रवाल पुत्र निरंजन प्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम बसंतपुर, थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, मुख्य आरक्षी श्याम सुंदर पाण्डेय शामिल रहे।

### आखिर किसकी निगरानी में चल रहा है डीजल चोरी का खेल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खदान में पीसी, डोजर, ड्रिल, डंपर और ड्रकलाइन जैसी महंगी मशीनें संचालित हो रही हैं, तो प्रत्येक मशीन की निर्धारित डीजल खपत और वास्तविक खपत का मिलान नियमित रूप से क्यों नहीं किया जा रहा है? डीजल टैंकरों की आवाजाही, आपूर्ति रजिस्टर, स्टॉक रिकॉर्ड, मशीनों में डीजल भरने की प्रक्रिया और उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की जांच क्यों नहीं कराई जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग गाजीपुर

पत्रांक- 2492 / 10ए दिनांक-30 / 10 / 2026

ई0-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए,बी,सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक-10.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-17.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-17.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-17.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग-इन करें।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | प्रा0 पाठशाला चरवां से नट बस्ती सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 14.20 | 1.42 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0 गाजीपुर | 02 माह |
| 2 | गाजीपुर | कस्तुआ सम्पर्क मार्ग से खाद्य बस्ती सम्पर्क मार्ग (पिछड़ी बस्ती) के विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.10 | 0.71 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0 गाजीपुर | 02 माह |
| 3 | गाजीपुर | कासिमाबाद सिधारगरघाट सोनबरसा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 854.00 | निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0 गाजीपुर | 02 माह |

➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
➢ निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.-260353
दिनांक-04.11.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# चोलापुर में धमकी देने वाला गिरफ्तार

चोलापुर। जान से मारने की धमकी देने वाले को चोलापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी तमंचा, एक पिस्टल, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपित की पहचान बेनीपुर कला निवासी आशु यादव पुत्र फौजदार यादव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पांच नवंबर को एक व्यक्ति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसके भतीजे के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे गोली मारने की धमकी दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा ३५२, ३५१(३) और आर्म्स एक्ट की धारा ३/२५ के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।मामले की विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगदीश सिंह कर रहे थे। इसी क्रम में पुलिस ने पांच नवंबर की रात करीब ११.५६ बजे थाना परिसर से आशु यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस, जबकि एक पिस्टल, मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।प्रभारी निरीक्षक सधुबन राम गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आवश्यक विधिक काररवाई की जा रही है। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक जगदीश सिंह शामिल रहे।

# युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

कैंट थाना क्षेत्र के भीम नगर में जातिसूचक गाली देने का विरोध करने पर एक युवक पर धारदार हथियार से हमलाकिया गया द्य इस घटना के मामले मे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आशु पटेल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के अनुसार , वह खाना खाने के बाद कॉलोनी में टहल रहा था। इसी दौरान बाइक से पहुंचे आरोपी ने उसे जातिसूचक गालियां दीं। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर स्थानीय लोग जुटे तो आरोपी बाइक से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मंडलीय जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया।

## कार्यालय-नगर पंचायत अतरौलिया, जनपद-आजमगढ़

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत अतरौलिया, आजमगढ़ में कर-संग्रह रजिस्टर में नामान्तरण हेतु दाखिल-खारिज के रूप में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित भवनों/भूमियों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनों/भूमितों पर पूर्व में दर्ज हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो अपने प्रमाणिक साक्ष्य के साथ समाचार पत्र में प्रकाशन की विधि से 30 दिवस के अन्दर पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामांत्रण की कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पूर्व में दर्ज हितबद्ध का होगा, तथा प्रकाशन किये जाने में आने वाले व्यय भार का वहन आवेदक द्वारा किया जायेगा जिसका विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | भवन/कर निर्धारण रजिस्टर क्रमांक वार्ड संख्या | पूर्व में दर्ज कर संग्रह रजिस्ट के हितबद्ध का नाम जिसे खारिज किया जाना है, का नाम | कर संग्रह रजिस्टर में दर्ज होने वाले हितबद्ध का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | खानपुर फतेह नगर वार्ड-2 | नगर शीतला प्रसाद पुत्र रामधनी उर्फ प्रसाद क्रम सं0 65 निवासी अब्दुल कलाम नगर वार्ड-6 नगर पंचायत अतरौलिया जनपद-आजमगढ़। | श्री आनंद सोनी पुत्र शिवप्रसाद निवासी-खानपुर फतेह वार्ड-2 नगर पंचायत अतरौलिया जनपद-आजमगढ़। | बैनामा/विक्रय पत्र |
| 2 | BF-39/5 देशबन्धु नगर, साहापाड़ा, बागुईआटी कोलकाता-70 059 | श्रीमती शोभावती देवी पत्नी स्व0 कन्हैयालाल क्रमांक संख्या 65 वार्ड नं0-08 विरुआपुर एवं क्रमांक संख्या-24 वार्ड नं0-05 सदर बाजार कन निर्धारण रजिस्टर पर अंकित है। | श्री प्रदीप, श्री मनोज, श्री राजकुमार पुत्र स्व0 कन्हैयालाल BF-39/5 देशबन्धु नगर, साहापाड़ा, बागुईआटी कोलकाता-70059 | वरासत |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अतरौलिया
आजमगढ़

पत्रांक- 162/न0पं0अत0/2026-27 दिनांक-02.11.2026

## कार्यालय जिला पंचायत मऊ

**ई-प्रोक्योरमेन्ट /ई-टेण्डर सूचना**

एतद्द्वारा समस्त जिला पंचायतों,सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग हेल्थ ग्राण्ट की प्राप्त अनुदान से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों की ई-निविदा शासकीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की गयी है। ई-निविदा के साथ कार्य विवरण तथा नियम व शर्त अपलोड है,जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क पृथक-पृथक देय होगी। धरोहर धनराशि 02प्रतिशत का एफ.डी.आर./ एन.एस.सी./ पोस्ट आफिस जमा/ अन्य सावधि पत्र जो अपर मुख्य अधिकारी,जिला पंचायत मऊ के पक्ष में बंधक हो,एवं निविदा शुल्क की धनराशि को केनरा बैंक सहादतपुरा में संचालित जिला पंचायत,मऊ के जिलानिधि खाता संख्या-2661101018165IFSC Code CNRB0002661 में NEFT/ RTGS / आनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से जमा करना होगा, तथा प्राप्त यूटीआर /ट्रांजैक्शन अभिलेख की पठनीय स्कैन प्रतियां निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन(जो अनुबन्ध होने की तिथि तक की अवधि में वैध हो) चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण-पत्र,सम्बन्धित फर्म/ निविदादाता की जी.एस.टी.पंजीकरण/पैन,सिंचाई/ लोक निर्माण विभाग अथवा जिला पंचायत,उ.प्र.द्वारा जारी ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र,फर्म का टर्नओवर विगत तीन वित्तीय वर्षों में कम से कम निर्माण कार्य की लागत का एक तिहाई होना अनिवार्य है,जिसके प्रमाण हेतु चार्टेड एकाउन्टेण्ट द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति व अन्य आवश्यक अभिलेख की पठनीय स्कैन प्रतियां अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदादाता द्वारा विगत पांच वर्षों में सामान्य प्रकृति के कार्य (भवन निर्माण) कराने का अनुभव के रूप में कार्य की लागत के एक तिहाई धनराशि के कम से कम 03 कार्य अथवा कार्य की लागत के आधे धनराशि के कम से कम 02 कार्य अथवा कार्य की लागत के दो तिहाई धनराशि के कम से कम 01कार्य जिसे संतोषजनक ढंग से पूर्ण किया गया हो,का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा में प्रतिभाग किये जाने हेतु निविदादाता की न्यूनतम हैसियत रू. 20.00लाख होना अनिवार्य है।पंचायतीराज अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या -5596बी/33-2-93-69जी./93 दिनांक 01नवम्बर 1993 के अनुपालन में निविदादाता द्वारा इस आशय का रू.100.00का स्टाम्प पर नोटरी शपथ -पत्र अपलोड किया जायेगा कि,1-निविदादाता जिला पंचायत,मऊ के पदाधिकारियों,कर्मियों अथवा अधिकारियों के सगे-सम्बन्धी नहीं है। 2-निविदादाता राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत नहीं है। 3-निविदादाता अथवा उनकी फर्म को किसी संस्था द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया एवं बैंक द्वारा बैंककप्ट(दिवालिया ) नहीं किया गया है। समस्त निविदादाताओं को निविदा शुल्क की यू.टी.आर./ट्रांजैक्शन नं.चरित्र प्रमाण पत्र,हैसियत प्रमाण पत्र,पंजीकरण प्रमाण पत्र व जमानत धनराशि की टी.डी.आर./एफ.डी.आर.,शपथ पत्र (T6) व अन्य वांछित अभिलेखों की मूलप्रति शासनादेश संख्या-1791/33-22-2020-198जी/2018 दिनांक 07सितम्बर2020 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार निविदा खोले जाने के पश्चात कार्यालय जिला पंचायत,मऊ में जमा करना अनिवार्य होगा,अन्यथा की स्थिति में निविदादाता के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। परियोजनाओं का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 02वर्ष तक रहेगा। इस दौरान कार्य में किसी प्रकार की कमी होने पर कार्य को ठीक कराने का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार को होगा। अपूर्ण निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अन्य जानकारी कार्यशील दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| Onlne Tender Publshed Date and Time | Tender Sale Start Date Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|
| 09-11-2026 Time 10:00AM | 09-11-2026Time 10:00AM | 30-11-2026 Time 05:00PM | 01-12-2026 Time 10:00AM |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,मऊ।

पत्रांक-476/जि.पं.मऊ/2026-2027 दिनांक 06-11-2026

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गाजीपुर

पत्रांक-690/23-ई-निविदा सूचना/न.पा.परि.गा./2026-27 दिनांक-05.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड मद से नगर पालिका परिषद गाजीपुर में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की अन्य शर्ते वेबसाईट/पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानक. ारी कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा समय सारणी https://etender.up.nic.in पर**

| | |
|---|---|
| 1. ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निविदा प्रदर्शित होने की तिथि व समय | दिनांक-07.11.2026 को प्रातः 09.00 बजे से |
| 2. निविदा आनलाईन सबमिशन की अवधि | दिनांक-07.11.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक-26.11.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 3. मूल प्रतियों सहित बिड लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि व समय | दिनांक-27.11.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दिनांक-28.11.2026 को अपरान्हः 12.00 बजे से |
| 5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय | तकनीकी बिड खोलने के पश्चात तत्काल तिथि व समय निश्चित करते हुए खोला जाएगा। |

(डा.धीरेन्द्र कुमार राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

(सरिता अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

## कार्यालय जिला पंचायत मऊ

**अल्पकालिक ई-टेण्डरिंग सूचना**

लोक निर्माण विभाग,सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों एवं जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष -2026-27 में पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत मा.प्रशासक महोदय की स्वीकृति दिनांक 05-11-2026 के क्रममें आन लाईन निविदा https://etender.up.nic.in पर निम्नवत विवरण के अनुसार आमंत्रित किया जाता है।

| अपलोड करने की तिथि एवं समय | अपलोड करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 09-11-2026 प्रातः 10:00 बजे से | 19-11-2026 की सायं 05 बजे तक | 20-11-2026 को समय 10:00 बजे से |

**ई-टेण्डर की नियम एवं शर्तें**

1-कोई भी निविदादाता जो राज्य बार काउन्सिल में पंजीकृत हो तथा नियमानुसार जिला पंचायत प्रशासक/सदस्य/ अधिकारी एवं कर्मचारी के रिस्तेदार (फस्ट ब्लड रिलेशन)निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते हैं।
2-आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। यदि किसी भी पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्ध ठेकेदार किसी नियम के अनुसार ठेका पाने के लिए अनर्ह था,या सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों आसामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है,तो उसे प्रदान किया गया स्वीकृत/ पट्टा / टेण्डर निरस्त कर दिया जायेगा।
3-बिड के साथ नान रिफन्डेबल निविदा के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो,अपर मुख्य अधिकारी,जिला पंचायत ,मऊ के पक्ष में देय हो एवं बिड के साथ वर्णित धरोहर धनराशि परियोजना की लागत का 02प्रतिशत एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक या डाकघर हो बन्धक बनाकर संलग्न कराना अनिवार्य होगा तथा अर्नेष्टमनी हेतु जिला पंचायत कार्यालय से प्रपत्र-5 में माध्यम से भी जमा करायी जा सकती है।
4-किसी भी पंजीकृत ठेकेदार द्वारा एक साल्वैन्सी सर्टिफिकेट एक ही विभाग में प्रयोग की जायेगी,जिसका सत्यापन कराया जायेगा,किसी भी ठेकेदार द्वारा फर्जी एवं गलत अभिलेख प्रस्तुत किये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
5-ई-टेण्डरिंग के समय समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण -पत्र,हैसियत प्रमाण पत्र,चरित्र प्रमाण-पत्र,जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नम्बर व पैन कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा मूल अभिलेख वांछित अभिलेखों की मूलप्रति शासनादेश संख्या-1791/33/22-2020-198जी/ 2018 दिनांक 07 सितम्बर 2020 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार निविदा खोले जाने के पश्चात कार्यालय जिला पंचायत,मऊ में जमा करना अनिवार्य होगा,अन्यथा की स्थिति में निविदादाता के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
6-परियोजनाओं का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 02वर्ष तक रहेगा। इस दौरान कार्य में किसी प्रकार की कमी होने पर कार्य को ठीक कराने का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार को होगा। अपूर्ण निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
7-टेण्डर के समय 10.00 रू0 के स्टैम्प पेपर पर नोटरी शपथ-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8-पेंटिंग/पिच कार्यों में निविदादाता को पेंटिंग कार्य का अनुभव प्रमाण -पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9-कार्य पूर्ण करने की अन्तिम तिथि अनुबन्ध के दिन से दो मास तक ही होगा।
10-निर्माण कार्य नियमावली के अनुसार किसी भी निविदा/ सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/ अस्वीकृत करने का अधिकार प्रशासक,जिला पंचायत,मऊ में निहित होगा।
11-शेष अन्य नियम एवं शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अभियन्ता जिला पंचायत,मऊ। | अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत,मऊ। | प्रशासक जिला पंचायत,मऊ।

पत्रांक-475/जि.पं.-ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 06-11-2026

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गाजीपुर

पत्रांक-691/23-ई-निविदा सूचना/न.पा.परि.गा./2026-27 दिनांक-05.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड की धनराशि से नगर पालिका परिषद गाजीपुर सीमान्तर्गत ददरीघाट मंदिर के पास 12.50 मीटर ऊंचाई वाले हाईमास्ट पोल पर 12 नग 200 वॉट एल.ई.डी. फ्लड लाईट के साथ अधिष्ठापन का कार्य व नगर पालिका परिषद गाजीपुर सीमान्तर्गत वार्ड नं. 21 महात्मा गांधी नगर के मिश्रबाजार स्थित न्यू मार्केट में 12.50 मीटर ऊंचाई वाले हाईमास्ट पोल पर 12 नग 200 वॉट एल.ई.डी. फ्लड लाइट के साथ अधिष्ठापन का कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की अन्य शर्ते वेबसाईट/पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा समय सारणी https://etender.up.nic.in पर**

| | |
|---|---|
| 1. ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निविदा प्रदर्शित होने की तिथि व समय | दिनांक-07.11.2026 को प्रातः 09.00 बजे से |
| 2. निविदा आनलाईन सबमिशन की अवधि | दिनांक-07.11.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक-13.11.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 3. मूल प्रतियों सहित बिड लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि व समय | दिनांक-16.11.2026 को सायं 05.00 बजे तक |
| 4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | दिनांक-17.11.2026 को अपरान्हः 12.00 बजे से |
| 5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय | तकनीकी बिड खोलने के पश्चात तत्काल तिथि व समय निश्चित करते हुए खोला जाएगा। |

(डा.धीरेन्द्र कुमार राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

(सरिता अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

## कार्यालय नगर पंचायत वलीदपुर जनपद-मऊ

पत्रांक- 350/न0पं0वलीदपुर,मऊ/2026-27 दिनांक-06.11.2026

**अति अल्पकालिक निविदा-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत वलीदपुर में राज्य वित्त आयोग की संचित धनरा. शि से छठ महापर्व पर नगर पंचायत वलीदपुर के विभिन्न घाटों पर होने कार्यों हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 12-11-2026 को समय 1 बजे दिन तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह समय 4 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं एवं उनके प्रतिनिधियों समक्ष खोली जायेगी,निविदा के साथ 10 प्रति धनराशि के रूप में एन.एस.सी./ के.पी.पी./ बैंक एफ.डी.आर.जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत वलीदपुर मऊ के नाम बन्धक हो,निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा,निविदा प्रपत्र दिनांक 07-11-2026 को प्रातः 12 बजे से कार्यालय पर उपस्थित होकर निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त कर सकते हैं,बिना जमानत धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा,किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकार/ अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा,नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय में उपस्थित होकर की जा सकती है।

| क.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ललरी छठ पर रामघाट तमसा नदी के किनारे मलवबा साफ सफाई,मिट्टी भराई व बालू से समतलीकरण/ लाईट डेकोरेशन का कार्य। | 359500 | 10% | 400 |
| 2 | वार्ड नं.-07 मु.भीरा उत्तरी कोट हनुमानगढ़ी में नदी के किनारे कवर्ड नाली व मलबा साफ-सफाई मिट्टी भराई व बालू से समतलीकरण/लाईट डेकोरेशन कार्य। | 509000 | 10% | 600 |
| 3 | मु.-परासखाड़ वार्ड नं.16में ललरी छठ पर सुरदास कुटी तमसा नदी के किनारे बलबा साफ सफाई व बालू से समतलीकरण व अशोक चौधरी के खेत से नदी तक मिट्टी डालने/लाईट डेकोरेशन का कार्य। | 322700 | 10% | 400 |

1. T4, T 5, T6
2.जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।
3-जी.एस.टी.हेतु निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।
4-आधार /पैन कार्ड संलग्न करें।
5-निविदा को पूर्ण/ आंशिक संसोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधि कारी नगर पंचायत वलीदपुर,मऊ में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत वलीदपुर
जनपद-मऊ।

## वर्गीकृत आज विज्ञापन

### सूचना

**सूचना**-मेरे सर्विस रिकॉर्ड में भूलवश मेरे पुत्र का नाम SHACHIN YADAV दर्ज है जो गलत है जबकि उसके अन्य अभिलेख में उसका सही नाम SACHIN YADAV है।जिसे मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत है। आर्मी नम्बर - 14674031H, HAV उमाशंकर यादव ग्राम - राजूपुर मकान नंबर - 54 पोस्ट - सम्मनपुर जिला - गाजीपुर उत्तरप्रदेश

**सूचना**-मेरे सर्विस रिकॉर्ड में भूलवश मेरे पुत्र का नाम SUNNY YADAV दर्ज है जो गलत है जबकि उसके अन्य अभिलेख में उसका सही नाम SHANI YADAV है।जिसे मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत है। आर्मी नम्बर - 14674031H, HAV उमाशंकर यादव ग्राम - राजूपुर मकान नंबर - 54 पोस्ट - सम्मनपुर जिला - गाजीपुर उत्तरप्रदेश

**सूचना**- हम शपथिनी के पुत्री के आधार कार्ड नं.-587030190901 में पुत्री का नाम रोशनी व जन्मतिथि 03-02-2013 गलत अंकित हो गया है, जबकि पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम रोशन व जन्मतिथि 28 -08-2011 है जो शुद्ध व सही है, पुत्री का सही नाम व जन्मतिथि रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **सावित्री** पत्नी सुरेंद्र ग्राम थनईपुर, पोस्ट व थाना नोनह. रा, जिला गाजीपुर

**सूचना**-मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1242197884 सन 2024, इंटरमीडिएट 2266813147 सन 2026 यूपी बोर्ड का मार्कशीट वास्तव में खो गया है । **सचिन निषाद** पुत्र चंदन निषाद ग्राम पोस्ट सडेरी, जौनपुर

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **अक्षय कुमार सेठ** व उसकी पत्नी काजल सेठ जो मेरे कहने में नहीं है हमसे अलग रहते है आये दिन लड़ाई- झगड़ा करते है भविष्य में इनके द्वारा किये गये लेन-देन, मारपीट, सामाजिक व अनैतिक कृत्य या कोई भी कृत्य करते है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी एवं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। **सरोज देवी** पत्नी अशोक कुमार सेठ निवासिनी म.नं. सा. 6/186 एस-1, सत्संग नगर कालोनी अकथा, बेनीपुर, वाराणसी।

### सूचना

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अभिन्दा चतुर्वेदी,** पुत्री अरविंद चतुर्वेदी, निवासी ग्राम एवं पोस्ट बभनौल, थाना दावथ, जिला रोहतास, बिहार की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड संख्या 66446348 7110 में मेरा नाम अभिन्दा चतुर्वेदी, पिता का नाम अरविंद चतुर्वेदी तथा जन्मतिथि 21 नवंबर 2008 अंकित है, जो सही है। उक्त नाम एवं जन्मतिथि के सत्यापन के संबंध में मेरे द्वारा दिनांक 04 नवंबर 2026 को बिक्रमगंज, रोहतास में शपथ पत्र निष्पादित किया गया है। स्थान - बिक्रमगंज, रोहतास दिनांक- 04/11/2026

**सूचना**-मेरा बी.एस.सी.प्रथम वर्ष 2015 अनुक्रमांक 62670070123,द्वितीय परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 16267380845 एवं तृतीय परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 16267380845 का अंक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **आनन्द कुमार** पुत्र स्व.दुक्खी राम,ग्राम-दपेहड़ी,पोस्ट-नगपुर,थाना -रानीपुर,जिला-मऊ।

### सूचना

In my service record, my son's name is mistakenly recorded as SHACHIN YADAV, which is incorrect, while in his other records, his correct name is **SACHIN YADAV**. Which is justified to be recorded in my service record. Army No. - 14674031H, HAV **Umashankar Yadav** Village - Rajupur House No. - 54 Post - Sammanpur District - Ghazipur, Uttar Pradesh

In my service records, my son's name is mistakenly recorded as SUNNY YADAV which is incorrect while in his other records his correct name is **SHANI YADAV.** Which is justified to be recorded in my service records. Army No. - 14674031H, HAV **Umashankar Yadav** Village - Rajupur House Number - 54 Post - Sammanpur District - Ghazipur Uttar Pradesh

**पाठकों से**

**'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।**

**प्रबन्धक**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुबारकपुर-आजमगढ़

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुबारकपुर में राज्य वित्त आयोग के अवशेष धनराशि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु कराये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना पर जिलाधिकारी महोदय, द्वारा प्रदत्त वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 04.11.2026 के अनुपालन में स्वायत्ता निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग कार्य कराये जाने हेतु निविदायें उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेण्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत हैं-

| क्र0 सं0 | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 06/11/2026 | अपराह्न 02:00 बजे से। |
| 02 | ऑनलाइन ई-निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 06/11/2026 | अपराह्न 02:15 बजे से। |
| 03 | ऑनलाइन ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | 27/11/2026 | अपराह्न 04:00 बजे तक। |
| 04 | ई-निविदा खोलने की तिथि | 28/11/2026 | अपराह्न 04:30 बजे से। |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़

अपर जिलाधिकारी
नगर पालिका परिषद मुबारकपुर, आजमगढ़

पत्रांकः- 1135/न0पा0प0मु0/2026-27 दिनांक-06.11.2026

## कार्यालय उप निदेशक (वि0/यॉ0)
## राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद,उ0 प्र0, नवीन मण्डी स्थल पहड़िया, वाराणसी।

पत्रांकः वि0/यां0/निविदा/2026- 1535 दिनांक 06.11.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

कार्यालय पत्रांकः 1516 दिनांक 15.10.2026 के माध्यम से निम्नलिखित मण्डी स्थलों में प्रवेश एवं निकास द्वार पर पूर्व सेस्थापित 50 एम0टी0 क्षमता के इलेक्टांनिक वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्ची करण के कार्यो को कराने हेतु दिनांक 06.11.2026 कोई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को कोई भी निविदायें प्राप्त न होने के कारण वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं वे-ब्रिज कीअनुभवी निर्माता कम्पनियों से Two Bid System के माध्यम से पुनः दिनांक 21.11.2026 को अपराह्न 12:30 बजे निविदायेंआमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20.11.2026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, षेश नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी। ई-निविदा की टेण्डर आई0डी0 निम्नवत् है।
राबर्ट्सगंज Tender Id - 2026_RKUMP_1197452_6
शाहगंज Tender Id - 2026_RKUMP_1197452_7
मिर्जापुर Tender Id - 2026_RKUMP_1197452_8
जंगीपुर Tender Id - 2026_RKUMP_1197452_9
मऊ (कोपागंज) Tender Id - 2026_RKUMP_1197452_10

उप निदेशक ;वि./यां.
मण्डी परिषद, वाराणसी

# कारोबारियों के लिए मंगलकारी रहा दीपोत्सव का पहला दिन

## सड़क किनारे भी लगी थीं झाड़ू और सूप की दुकानें, दीया, झालर संग सजावट के सामानों की भी हुई बिक्री, बर्तन से लेकर सराफा और पुष्पमाला की दुकानों पर रही ज्यादा भीड़

**हमारे त्योहार**

### धनतेरस पर सुबह से सजा बाजार, प्रमुख सड़कों पर दिखा भीड़ का गुबार

आजमगढ़। आम आदमी में त्योहार का उत्साह उफान मारता दिखा, तो कारोबारियों के लिए भी मंगलकारी। एक दिन पहले बर्तन विक्रेताओं में पिछले साल की तरह से धनतेरस के दिन शनिवार नहीं होने को लेकर उत्साह दिखा और शुक्रवार को शाम होने के साथ प्रमुख बाजारों में भीड़ का ऐसा गुबार दिखा कि जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगी। सुबह से लेकर रात तक बाजार गुलजार रहे। उम्मीद के अनुरूप कारोबार पर लक्ष्मी कृपा की बारिश होती रही। सुबह से लेकर देर रात तक सराफा व बर्तन बाजार में लोगों की भीड़ जुटी रही। लोगों ने अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार बर्तन, इलेक्ट्रानिक सामान के साथ सोने व चांदी के सिक्के, जेवर भी खरीदे। सुबह से ही बर्तन व इलेक्ट्रानिक की दुकानें सजना शुरू हो गईं। सराफा बाजार पुरानी कोतवाली पर आकर्षक रूप से दुकानें सजी रहीं। धनतेरस पर चांदी की तस्तरी, चांदी के गिलास, सोने की माला, अंगूठी, सोने व चांदी के सिक्के के साथ गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं विभिन्न-विभिन्न रेट में सजाई गई थीं। लोगों ने अपने-अपने हिसाब से खरीदारी की। मध्यम वर्ग के लोगों ने बर्तन खरीदा तो उच्च वर्ग के लोगों ने सोने व चांदी के जेवरात खरीदकर धनतेरस की खुशियां मनाईं। गरीब व मध्यम तबके के लोगों ने चम्मच व गिलास से ही काम चला लिया। इसी प्रकार लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं भी चौक पर सजीं तो माला और फूलों का बाजार भी गरम रहा। गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति के अलावा दीयों व झालरों का बाजार भी गुलजार रहा। इलेक्ट्रानिक दुकानों पर भी ग्राहकों की खासी जुटान रही। तमाम सराफा कारोबारियों ने आफर की भी घोषणा की थी, जिसके चलते हमेशा की तरह से खरीदारी होती रही। आसिफगंज के सराफा कारोबारी आशीष गोयल उर्फ बाबी ने बताया कि कारोबार संतोषजनक रहा।



**गलियों में गूंजी आवाज, दीया-घरिया ले ला हो**

आजमगढ़। दीपावली पर जलने वाला दीया आज भी गलियों में बिकता है। दीया की टोकरी लेकर कुम्हार सुबह ही घर से निकल लिए और गलियों में आवाज लगाने लगे कि दीया-घरिया ले ला हो। घरिया-घंटी के साथ मिट्टी का खिलौना देख बच्चे आकर्षित हो रहे थे। चूल्हा-चौका सहित खिलौने का सेट 100 रुपये, तो दीया भी 80 से 200 रुपये सैकड़ा के भाव बिका।

**माहुल प्रतिनिधि के अनुसार**-धनतेरस पर नगर पंचायत माहुल के बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहा। बर्तन, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सजावट की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और आकर्षक ऑफर भी दिए। खासकर ज्वेलरी की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में देर शाम तक रौनक बनी रही।



**अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार**-नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रौनक देखने को मिली। सुबह से ही दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी। शुभ मुहूर्त में खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। बाजार में सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों तथा दोपहिया वाहनों की जमकर खरीदारी हुई। धनतेरस पर परंपरागत रूप से धातु के सामान खरीदने की मान्यता के चलते बर्तन और आभूषण की दुकानों पर ग्राहकों की विशेष भीड़ रही। वहीं, दीपावली पूजन के लिए लोगों ने लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और चांदी के सिक्के भी खरीदे। वाहन शोरूमों में भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। उधर, जनपद में मिठाइयों की दुकानों पर लगातार हो रही छापेमारी का असर भी बाजार में देखने को मिला। मिलावटी और सिंथेटिक मिठाइयों की आशंका के चलते लोग ऐसी मिठाइयों से दूरी बनाते नजर आए। कई ग्राहकों ने बाजार की मिठाइयों के बजाय घर पर तैयार की गई मिठाइयों को प्राथमिकता दी।

### मुंबई भेजे गये रानी सराय क्षेत्र में तैयार एक लाख दीये

रानी की सराय, आजमगढ़। दीपावली पर्व पर इस बार यहां पर तैयार एक लाख दीये मुंबई भेजे गए। गांव की मिट्टी से तैयार दीये से मुंबई रोशन होगी। चार वर्ष से यहां से तैयार दीये मुंबई जा रहे हैं। हाईटेक दौर में भी मिट्टी से बने दीये की डिमांड कम नहीं है। खासतौर से महानगरों में आज भी कायम है। बड़े कारोबारी महानगरों से आर्डर ले लेते हैं और गांव में कामगारों को अलग-अलग हिस्सों में आर्डर देकर तैयार कराते हैं। कामगार भी लंबे आर्डर से काफी खुश रहते हैं। राजेश प्रजापति, राकेश प्रजापति ने बताया कि इस बार एक लाख दीये के आर्डर पहले से ही मिल गए थे। रात-दिन मेंहनत कर तैयार किए गए दीये सामान्य दीयों से हटकर बनाए जाते हैं। इनकी सुंदरता अधिक होती है। महानगरों में अच्छी कीमत पर बिकते हैं। इस बार सभी तैयार दीये मंगलवार को ही अलग-अलग खेप में भेज दिए गए। सभी मुंबई महानगर जाएंगे।

### अधिवक्ताओं ने की कारर्वाई की मांग

आजमगढ़। दी ट्रैक्स बार एसोसिएशन की शुक्रवार को अधिवक्ता कक्ष जीएसटी कार्यालय मड़या में संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता व मंत्री उमेश कुमार यादव के संचालन में हुई। जिसमें संघ के पूर्व मंत्री व तहसील सगड़ी के छत्तपुर निवासी सत्यप्रकाश लाल के पत्र पर विचार किया गया। जिसमें अधिवक्ता की पड़ोसी पर एक नवंबर को रात निर्माधीन शटरिंग व बारजा में लगी बांसबल्ली गिराने के प्रकरण की निंदा की गई। प्रकरण की निंदा करते हुए डीएम व एसएसपी से संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई।

## दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

अतरौलिया, आजमगढ़। स्थानीय थाना पुलिस ने रोडवेज के समीप स्थित रेडीमेड कपड़े की दुकान का शटर काटकर हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर अनावरण कर दिया। पुलिस टीम ने शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े सात बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेल्हरापट्टी अंडरपास के पास घेराबंदी करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से छह प्लास्टिक की बोरियों में भरा चोरी का माल बरामद हुआ, जिसमें 171 जींस पैंट, 139 शर्ट, 97 टी-शर्ट, 30 टॉप, 6 स्वेटर और 16 हैंगर शामिल हैं। इस मामले में ग्राम मडोही निवासी अमित कुमार पुत्र स्व. लालबहादुर ने 5 नवंबर को तहरीर दी थी कि 4 नवंबर की रात अतरौलिया रोडवेज के पास स्थित उनकी एसकेएफ फैशन गारमेंट्स की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी व भारी मात्रा में रेडीमेड कपड़े पार कर दिए हैं। उपनिरीक्षक संजय सिंह व उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार की टीम शुक्रवार की सुबह क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम सेल्हरापट्टी अंडरपास के पास घेराबंदी कर आरोपी रोशन निवासी कस्बा अतरौलिया, अनुराग निवासी महादेवपुर, अंकित निवासी कौरीपुरा डीघियाऊ, थाना जलालपुर, जनपद अम्बेडकरनगर तथा सचिन निवासी करीमनगर, थाना कटका, जनपद अम्बेडकरनगर को दबोच लिया।

**अतरौलिया पुलिस ने सेल्हरापट्टी अंडरपास के पास से दबोचा**




### पटाखे जलाते समय बरतें सावधानी, अतरौलिया में तीन बेड का बर्न वार्ड तैयार

अतरौलिया, आजमगढ़। दीपावली पर पटाखे जलाते समय जरा सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसे देखते हुए स्थानीय अमर शहीद राजा जय लाल सिंह सौ शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय के स्वास्थ्य अधीक्षक डा. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने क्षेत्रवासियों को जागरूक करते हुए सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। पटाखे जलाते समय सिंथेटिक कपड़ों से बचें और सूती कपड़े पहनें। स्वास्थ्य अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में जलने से संबंधित मरीजों के उपचार के लिए तीन बेड का बर्न वार्ड तैयार है, जो पूरे वर्ष उपलब्ध रहता है। दीपावली पर किसी भी संभावित दुर्घटना से निपटने के लिए चिकित्सकों की टीम गठित की गई है।

### चक्रपानपुर में एएसपी ने किया रूट मार्च

आजमगढ़। दीपावली पर्व के मद्देनजर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम एएसपी/सीओ सदर ईश्वरलाल गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चक्रपानपुर बाजार में रूट मार्च किया। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने बाजार के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च के दौरान पुलिस ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों को पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। दीपावली पर बाजारों में खरीदारी के लिए बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस की सक्रियता और निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### किराये के मकान में एएनएम ने की आत्महत्या

मेंहनगर, आजमगढ़। मेंहनगर कस्बे के वार्ड नं. 3 संत कबीर नगर स्थित किराए के मकान में रह रही एएनएम बबिता यादव ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। वह सीएचसी पंदहा में तैनात थीं। बताया गया कि शुक्रवार सुबह 10.30 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकलीं तो आसपास के लोगों को आशंका हुई। अंदर से दरवाजा बंद होने पर लोगों ने मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर उनका शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर पिता को सूचना दिया है।

## कुम्हारों के बीच पहुंचीं एसडीएम, बांटे मिठाई और फल, खरीदे मिट्टी के बर्तन

लालगंज, आजमगढ़। दीपावली से पहले धनतेरस के दिन एसडीएम नेहा मिश्रा ने सराहनीय पहल करते हुए ग्राम चिरकिहिट में कुम्हार परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। कुम्हारों के बीच मिठाई और फल बांटे और उनसे मिट्टी के बर्तन खरीदकर उत्साह बढ़ाया। साथ ही मिट्टी के दीये बनाने की कला सीखी। इसके बाद महिलाओं और बच्चों के बीच मिठाई एवं फलों का वितरण कर दीपावली की खुशियां साझा कीं। खरीदे गए मिट्टी के कुल्हड़ों का भी लोगों के बीच वितरण किया गया। एसडीएम ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी और उत्सव का पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सहयोग और खुशियां बांटने का भी संदेश देता है। मिट्टी के दीये और बर्तन बनाने वाले कुम्हार हमारे पारंपरिक हुनर और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। त्योहारों पर हमें स्थानीय कारीगरों से खरीदारीकर उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए, ताकि उनके परिवारों की आजीविका को भी मजबूती मिल सके।

**धनतेरस पर सराहनीय पहल, बढ़ाया कारीगरों का उत्साह, कला भी सीखी**



**हर किसी के हाथ में दिखा झाड़ू और सूप**

आजमगढ़। भारतीय परंपरा भी अजब है। मान्यता है कि झाड़ू और सूप में लक्ष्मी का वास होता है। इसके मद्देनजर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के किनारे भी झाड़ू और सूप के दुकान लगे थे। सूप सौ से ढाई सौ तो झाड़ू 40 रुपये से दो सौ रुपये तक बिक गए।

### प्रतिमा विसर्जन के बाद जायसवाल त्रिमुहानी सेवा संघ ने किया भंडारा

अतरौलिया, आजमगढ़। कस्बे में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के समापन और मां भगवती की प्रतिमा के विसर्जन के उपरांत गुरुवार की शाम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जायसवाल त्रिमुहानी सेवा संघ की देखरेख में आयोजित भंडारे में क्षेत्र तथा ग्रामीण अंचलों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर माता रानी का महाप्रसाद ग्रहण किया और पुण्य के भागी बने।श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, बैठने की समुचित व्यवस्था और किसी भी भक्त को असुविधा न हो, इसकी निगरानी में वे निरंतर सक्रिय रहे। पिंटू जायसवाल ने भंडारे की आंतरिक तैयारियों, महाप्रसाद निर्माण की शुद्धता और युवा स्वयंसेवकों के समन्वय का जिम्मा बखूबी निभाया।

### दिवंगत पत्रकार के घर पहुंचे ग्रापए ने जतायी संवेदना

कलान, आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला संरक्षक रहे रघुवंश मणि त्रिपाठी के निधन से दुखी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय के साथ उनके पैतृक आवास चकिया ब्लाक पवई पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी कृष्ण मोहन उपाध्याय, सिद्धेश्वर पांडेय, फूलपुर तहसील अध्यक्ष शशिकांत पांडेय, बूढ़नपुर अध्यक्ष अखिलेश चौबे के अलावा चंडी प्रसाद सिंह, श्याम सिंह, संतोष सिंह, अवनीश कुमार सिंह, अरविन्द विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार यादव, रूपेश तिवारी ने परिजनों को दुख की घड़ी में धैर्य रखने के लिए कहा। रघुवंश मणि त्रिपाठी के इकलौते बेटे के साथ इस संकट की घड़ी में सभी ने रहने को कहा। इसी समय सभी सदस्यों ने एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के घर जाकर उनके चाची के निधन पर शोक संवेदना जताई।

### पीजी की आठ और डीएनबी की दो सीटों पर १३ नवंबर तक दाखिला

आजमगढ़। राजकीय मेडिकल कालेज में पीजी (एमडी-एमएस) की आठ और डीएनबी की दो सीटों पर प्रवेश के लिए प्रथम चक्र की काउंसलिंग में चयनित अभ्यर्थियों को 13 नवंबर तक प्रवेश लेना होगा। इसके अलावा एमबीबीएस की एक रिक्त सीट पर भी प्रवेश के लिए काउंसलिंग कराई गई थी। पीजी की आठ सीटों में कम्युनिटी मेडिसिन की तीन, नाक-कान-गला (ईएनटी) की दो, एनेस्थीसिया की दो और फार्माकोलाजी की एक सीट शामिल है। वहीं डीएनबी की दो सीटों में गायनी और रेडियोलाजी विभाग की एक-एक सीट है। प्रधानाचार्य प्रोफेसर डा. बीडी सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 बैच के लिए इन सभी 10 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग पिछले दिनों हुई, जबकि एमबीबीएस की 100 सीटों के सापेक्ष पूर्व में 99 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया था।

## लालगंज क्षेत्र में एसडीएम की छापेमारी, गंदगी मिलने पर मिठाइयां करायी गयी नष्ट

लालगंज, आजमगढ़। दीपावली पर जनता को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसडीएम नेहा मिश्रा के नेतृत्व में मिष्ठान भंडारों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। गोसाईगंज बाजार से शुरू हुआ यह अभियान लालगंज बाजार होते हुए टीकड़गढ़ स्थित अस्पताल के सामने की मिठाई दुकानों तक पहुंचा। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। जांच अभियान के दौरान महादेव मिष्ठान भंडार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। यहां रसगुल्ले से भरे एक पतीले में मक्खियां पाई गईं,जिसके बाद उसे नष्ट कराया गया। इसके अलावा खोया और दूध से बनी मिठाई का नमूना लिया गया। गुलाब जामुन का एक पतीला भी नष्ट कराया गया। वहीं विष्णु मिष्ठान भंडार पर खोये सहित विभिन्न मिठाइयों के नमूने लिए गए। यहां लौंगलता में चींटियां पाई गईं तथा पनीर का पानी भी नष्ट कराया गया। एसडीएम ने बताया कि मिठाइयों में मिलावट की आशंका के साथ-साथ गंदगी और अस्वच्छता मिलने पर खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया। रसगुल्ले में मक्खियां और लौंगलता में चींटियां पाई गईं, जो बीमारियों का कारण बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि गंदगी एवं साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को नोटिस तामील कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। जांच अभियान के दौरान लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों को प्रयोगशाला (लैब) में जांच के लिए भेजने की तैयारी की गई है, ताकि उनकी गुणवत्ता और शुद्धता की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

## रंगोली प्रतियोगिता में प्रभाकर हाउस ने मारी बाजी

लालगंज, आजमगढ़। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, लालगंज में दीपावली पर बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए 'इको-फ्रेंडली दिवाली' थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभाकर, दिवाकर, आदित्य और भास्कर हाउस के बीच आयोजित की गई, जिसमें सभी बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक रंगों के महत्व को अपनी रंगोली के माध्यम से बखूबी दर्शाया।

**सेंट जेवियर्स हाई स्कूल लालगंज में 'इको-फ्रेंडली दिवाली' थीम पर प्रतियोगिता**

प्रथम स्थान प्रभाकर हाउस, द्वितीय स्थान दिवाकर हाउस, तृतीय स्थान आदित्य हाउस तथा चौथा स्थान भास्कर हाउस की टीम ने प्राप्त किया। मूल्यांकन विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुशांत चंद्रा जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने सभी सदन की रंगोलियों का बारीकी से निरीक्षण किया और बच्चों को इको-फ्रेंडली दिवाली मनाने का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने बच्चों की कला की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेंहनत करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सपना शर्मा, समन्वयक नीलम राय एवं प्रतिमा घाले विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र सिंह, सानिया शेख, किरण सिंह, सरिता वर्मा, गरिमा सिंह एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4044/4ए दिनांक:- 31.10.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा)**

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.11.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.11.2026 सांय 12.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 30.11.2026 को अपरान्हन 12.30 बजे तकनीकी बिड ऑनलाईन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2. कार्यों का विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विशेष मरम्मत के अन्तर्गत स्वीकृति के प्रत्याशा के कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | एकौनी से मेड़वरा के अवशेष भाग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.00 | 2.70 | 945.00 | 2 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी सी डी |
| 2 | बलिया | सोहांव से रामपुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 21.00 | 2.10 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | बलिया | रामपुर टॉवर से राजाराम के घर होते हुए मणिक तिवारी के घर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 25.50 | 2.55 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | कथरिया सोनवानी मार्ग से मगई नाले पर सेतु पहुंच मार्ग एवं अति0 पहुंच मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 22.50 | 2.25 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | अमांव प्राइमरी पाठशाला से सोहांव तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.50 | 1.85 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | सिहाचँवर बहादुरपुर से चितबड़ागांव होते हुए सुल्तानीपुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.00 | 2.70 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | भरौली में रामलाल हरिजन के घर से उजियार में सीता पासी के घर तक के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 8 | बलिया | सुरेमनपुर श्रीनगर से गंगापुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.50 | 1.35 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 9 | बलिया | पृथ्वीचक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 12.00 | 1.20 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 10 | बलिया | रूद्रपुर ग्राम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.50 | 1.05 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

3. प्रत्येक निविदा का शुल्क ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. प्रत्येक निविदा का सिक्योरिटी धनराशि ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender online Account Intenet Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश संo-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट- निविदा की समस्त शर्त वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उ.प्र.:-260502 अधिशासी अभियन्ता
दिनांक:- 05.11.2026 निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।


# ओवरटेक के चक्कर में कार ने टेंपो में मारी टक्कर, तीन की मौत, छह घायल

## फूलपुर क्षेत्र के बेलसिया गांव के पास हुई दुर्घटना के बाद मची अफरा-तफरी

फूलपुर, आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलसिया गांव के पास अंबारी-शाहगंज मार्ग पर शुक्रवार को दिन के लगभग ग्यारह बजे ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में टेंपो सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में दोनों वाहनों के छह लोग घायल हो गए। हादसे के समय दोनों वाहन शाहगंज की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखचे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मृतकों की पहचान 51 वर्षीय प्रमिला पत्नी स्वर्गीय राजनाथ चौहान निवासी मकसुदिया, 45 वर्षीय दिनेश पुत्र पतिराज निवासी नियाउज तथा 60 वर्षीय अंतर्ध्यानी पत्नी राम लवटन गौड़ निवासी करौजा के रूप में हुई है। इसमें अंतर्ध्यानी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। हादसे में घायल लोगों में कार सवार 19 वर्षीय मो. अतहर पुत्र अशहर और 17 वर्षीय मो. उमैर पुत्र आशिफ निवासी लखमापुर, थाना पवई, 19 वर्षीय यूसुफ पुत्र आफताब आलम निवासी टेऊंगा, फूलपुर तथा 17 वर्षीय शादान पुत्र मुन्ना निवासी ऊदपुर, फूलपुर के अलावा टेंपो सवार 23 वर्षीय मुस्तकीन पुत्र खलील अहमद निवासी मुड़ियार ईदगाह और 38 वर्षीय मो. अशरफ पुत्र मो. इसहाक निवासी पलिया अदाई, फूलपुर शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि टेंपो में सवार पांच लोगों में तीन की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए। वहीं स्विफ्ट कार में चालक समेत चार लोग सवार थे, जो हादसे में घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अंबारी पुलिस चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में फूलपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे ने सभी के परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। मृतका प्रमिला के पति की दो वर्ष पहले कैंसर से मौत हो चुकी थी। परिवार में दो बेटे 20 वर्षीय योगेंद्र, 18 वर्षीय नागेंद्र, दो बेटियां 17 वर्षीय करीना व 16 वर्षीय रबीना हैं। प्रमिला की मौत से बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया और परिवार का सहारा छिन गया। वहीं दिनेश की मौत से पत्नी प्रियंका का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक दिनेश के पास कोई संतान नहीं हैं। वहीं मृतका अंतर्ध्यानी के परिवार में पांच बेटियां हैं।

**बड़ा हादसा**

**टेंपो के उड़े परखचे, इलाज के दौरान तीसरी महिला ने तोड़ा दम, तीन गंभीर**



वाराणसी **आज** शनिवार ७ नवम्बर, २०२६, सौर २१ कार्तिक, सं. २०८३ वि.

**सुभाषित** *तपाया और जलाया जाता हुआ लौह पिण्ड दूसरेसे जुड़ जाता है, उसी प्रकार ही दुखसे तपते मन आपसमें निकट आकर जुड़ जाते हैं।* ❑ *लहरीदशक*

## शेयरोंपर धन वर्षा

विश्वके प्रमुख शेयर बाजारोंमें गिरावटके बीच भारतके शेयर बाजारोंमें तेजीका दौर बना हुआ है और शेयरोंपर धन वर्षासे निवेशकोंकी खुशियां आसमान छूने लगी हैं। शुक्रवारको भी धनतेरसपर लक्ष्मीकी कृपा बनी रही और संवेदी सूचकांक दोपहरतक एक हजारसे अधिक अंकोंकी बढ़तके साथ ८० हजार ४०० अंकोंके करीब पहुंच गया। आठ महीनेके बाद यह पहला अवसर है जब सूचकांक ८० हजारके पार पहुंचा है। निफ्टीमें भी २५० अंकोंसे अधिकको तेजी आयी। गुरुवारको बाजारमें वर्षकी दूसरी बढ़त रही। सेंसेक्स २००९ अंक बढ़कर ७९,३१० पर बन्द हुआ था। इसके पूर्व आठ अप्रैलको सेंसेक्स २,९४६ अंक चढ़ा था। दीपावलीसे पूर्व शेयर बाजारमें तेजीसे गुरुवारको पहली बार निवेशकोंकी पूंजी ५०० लाख करोड़के पार पहुंच गयी और निवेशकोंको पिछले छह कारोबारी सत्रोंमें लगभग २९ लाख करोड़का मुनाफा हुआ। बाजारमें चौतरफा खरीदारीका उत्साह बना हुआ है। छोटी और मझोली कम्पनियोंके शेयरोंमें बढ़त दर्ज हुई है। शेयरोंमें तेजीके दो प्रमुख कारण हैं, जिनमें विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की तेज खरीदारी भी शामिल है जिससे घरेलू शेयर बाजारको जबरदस्त समर्थन मिला है। दूसरा कारण कम्पनियोंके अच्छे तिमाही परिणाम हैं। सितम्बर तिमाहीके मजबूत नतीजोंसे बाजारकी भावनामें मजबूती आयी है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कम्पनियोंके शेयरोंमें अच्छी तेजी दर्ज की गयी है। सेंसेक्सके शीर्ष ३० में शामिल कम्पनियोंके शेयरोंमें बढ़तसे ही बाजारका सेंसेक्स बढ़ता है। गुरुवारको इनमेंसे ज्यादातर कम्पनियोंके शेयरोंमें उछाल आया है। बाजार विशेषज्ञोंका यह भी कहना है कि अमेरिकाके मध्यावधि चुनावमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पकी पार्टीकी हारसे बाजारकी धारणा प्रभावित हुई है। अमेरिकी बाजारमें लगभग पांच प्रतिशतकी गिरावट आयी है। कोरिया और जापानके बाजार भी छह प्रतिशत गिरे हैं। घरेलू शेयर बाजारमें सात दिनोंके अन्दर शेयरोंका आठ प्रतिशतका बढ़ना बड़ी घटना है। २८ अक्तूबरसे लेकर छह नवम्बरके दौरान सेंसेक्स ७३,२४६ से उछाल लगाकर ८० हजारसे पार पहुंच गया है। इसके साथ ही सस्ते क्रूड आयलके साथ एलटीसीजी टैक्समें बदलावकी सम्भावनाओंने एफआईआईका दृष्टिकोण बदल दिया है। इसे विदेशी निवेशकोंकी वापसीकी वजह माना जा रहा है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनोंमें भी तेजीका दौर चल सकता है लेकिन इसके साथ यह भी आवश्यक है कि निवेशक पूरी सतर्कता बरतें। खरीद-बिक्रीसे पूर्व विशेषज्ञोंका परामर्श उचित रहेगा। निवेशकोंको संयम भी बरतना होगा।

## एआई-ड्रोनको ट्रैफिकका जिम्मा

भारतीय सड़कोंपर दिनोंदिन बढ़ती ट्रैफिक जामकी गम्भीर चिन्ताका विषय है। इससे न सिर्फ लोगोंकी दिनचर्या प्रभावित होती है, बल्कि उनका सुरक्षित गन्तव्यतक पहुंचना भी सुनिश्चित नहीं रहता है। इसके मूलमें ट्रैफिक प्रबन्धनका सुव्यवस्थित न होना है। देशकी ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अलग ही ढंगकी है। यहां एक ही सड़कपर बाइक, स्कूटर, आटो, बस, ट्रक और पैदल चलने वाले सबके सब एक साथ न जर आते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम होना स्वाभाविक है। वाहनोंकी लम्बी कतार लग जाती है और पैदल चलने वाले फुटपाथ छोड़कर वाहनोंके बीचसे रास्ता बनाकर आगे निकलनेकी कोशिश करते हैं। इससे वाहनोंकी रफ्तार और दूरी लगातार बदलती रहती है। इस समस्यासे निबटनेके लिए अब ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ली जायगी, जो सड़कोंका हाल बतायेंगे कि ट्रैफिक जाम क्यों लगता है, गाड़ियां किस रफ्तारसे चलती हैं और किस स्थितिमें सड़कपर वाहनोंकी भीड़ बढ़ने लगती है जैसे सवालोंका जवाब मिल सकेगा। इस दिशामें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटीके शोधकर्ताओंने दिल्लीके पास एक राजमार्गसे ड्रोनके जरिये हाई-रिजाल्यूशन यातायात डाटाका उपयोग कर खास माडल विकसित किया है जिससे देशकी सड़कोंके ट्रैफिक पैटर्नके विश्लेषणमें मदद मिल सकती है। शोधकर्ताओंने अपने माडलमें ३० हजारसे अधिक वाहनों और उनकी करीब ९० लाख लोकेशनको रिकार्ड किया है जिससे यातायातको सुव्यवस्थित किया जा सकता है। शोधकर्ताओंके माडलको विशेषज्ञोंके समक्ष रखने और इसका विश्लेषण करनेकी जरूरत है। इसमें कुछ खामियां हो सकती हैं, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए और इसे प्रायोगिक तौरपर परीक्षण किया जाना चाहिए ताकि ट्रैफिक जामकी समस्याका जितना शीघ्र हो सके समाधान किया जा सके। शोधकर्ताओंको भी प्रोत्साहित करनेकी जरूरत है, ताकि उनका मनोबल ऊंचा रहे।

# आत्मदीप जलानेका संकल्प

**भारतकी सांस्कृतिक परम्परामें मनाये जाने वाले सभी त्योहार और उत्सव कृषि संस्कृतिसे ताल्लुक रखते हैं। सभी त्योहार व्यक्ति, समाज और समुदायोंको सीख कार्य करते हैं। ऐसा ही सीख देने वाला त्योहार दीपावली है, जो हर तरह के अंधकारसे प्रकाशकी तरफ बढ़नेकी प्रेरणा और संकल्पबद्ध होनेकी सीख देती है।**

❑ अखिलेश आर्येन्दु

दीपावलीका ताल्लुक वैदिक धर्म, अध्यात्म और मूल्यपरक संस्कृतिसे है। इसलिए यह मानव मात्रके लिए है किसी खास जाति या धर्मकी प्रतिनिधि नहीं है। तमसो मां ज्योतिर्गमयके रास्तेपर चलनेकी प्रेरणा मानवको सनातनसे मिलती रही है। यह सनातनता इंसानी जिन्दगीको रौशन कर उसे ज्ञान-विज्ञानकी तरफ ले चलनेका कार्य करती रही है। यह सनातनता कृषि जीवनका अहम हिस्सा रही है। इसमें वह दीप है जो घरके अंधियारेको खत्म कर रौशन करनेका कार्य ही नहीं करता है, बल्कि धन, वैभव, उत्साहए धैर्य, धर्म (कर्तव्य) से विमुख न होनेका प्रतीक भी है। दीपावलीपर यह नन्हां-सा माटीका दीया डेहरीपर जला, खेतमें जला और आंगनमें जला और यही दीया जब मनके एक कोनेमें जब जला, सारा जीवन रौशनीसे भर गया। तब लगता है, जीवनका सच यही है कि आलोक और सत्यके बिना जीवन अधूरा है। इस तरह हम पाते हैं, दीपावली जीवनको आलोकसे पूर्ण कर तमसका समूल नाश करनेका संकल्प दिवस भी है और मनका संकल्प जाग उठता है फिर कह उठता है-जलाओ ज्ञान दीप मन आज। छोड़ दे जीवनके भाग-दौड़ एवं सारे कलुषित काज और इस साधारणसे दिखायी पड़ने वाले दीपोत्सवका इंतजार इस कदर पूरे एक साल। कभी अपने आपसे पूछिये। क्यों दीवालीका इंतजार इस कदर क्या पटाखे छुड़ाने उपहार लेने- देने व्यापारको बढ़ाने या ज्ञानकी देवीका आराधना और जागरण कर चेतनाकी पूर्णताकी लिए बढ़ते पर्यावरण प्रदूषणसे भरे वातावरणमें केवल एक दीप, पौराणिक संदर्भोंपर नजर डालते हैं तो लगता है। दीपावली मानव सभ्यता, संस्कृतिकी निर्मात्री बनकर मानवको अंधकारसे प्रकाश और असत्यसे सत्य, पुरातनतासे चिर नवीनताके भाव बोधकी ओर ले चलनेके लिए हमेशा प्रेरित करती आयी है। यही कारण है विश्व मानव किसी न किसी दिन, किसी न किसी खास अवसरपर दीप जलाकर प्रकाशको अपने जीवनका अभिन्न अंग बनानेका संकल्प लेता है। इसलिए दीपावली अमर है और मानव सभ्यता संस्कृतिके साथ अमर रहेगी। दीवालीके मूल रहस्य और भावको यदि समझनेकी कोशिश करें तो पता चलता है, जीवन पूर्णताकी ओर वैसे बढ़ता जायगा जैसे दीपावलीका दीप रातभर जलते-जलते सबेरा होते ही पूर्णताको प्राप्त हो जाता है।



**दीपावली हमारे लिए ज्ञान-विचार उत्सवका महापर्व है जहां हमको अपने अंदर ही नहीं समाज और संस्कृतिमें बढ़ रहे अंधेरेको नाश करनेके लिए आत्मदीप जलानेका संकल्प लेना चाहिए। इससे परिवार, वातावरण और समाजमें एक नयी रोशनी रौशन हो सकेगी। देखना यह भी है कि आजादीके बहत्तर सालोंमें समाज, संस्कृति और राजनीतिमें फैले अंधेरेके प्रति लोगोंमें जागृति क्यों नहीं आयी। सोचना यह भी कि क्या दीपावलीके दीयेकी रोशनीसे ही समाज और संस्कृतिमें फैले अंधेरेको हटाया जा सकता है।**

दीपावलीपर माटीके दीपक जलानेकी परम्पराका भी अपना एक अलग भाव और व्यंजना है। हम इसे एक सही समझके साथ जब सात्विक भाव और व्यंजनाको आत्मसात् कर लेते हैं तब दीपावलीका दीप महज एक दीप नहीं रह जाता, बल्कि एक आलोकित सभ्यता और संस्कृतिका प्रतीक बन जाता है। प्रकृति माताकी गोदमें दीप इठलाता है लेकिन अपना छोटा-सा अवदान देकर इतराता नहीं। आलोकका मूल्यांकन दीप और सूर्यके अवदानसे नहीं, बल्कि उनके संकल्पसे करना चाहिए। रातभर प्रकृति मातासे विनम्र भावसे दीप प्रार्थना करता रहा। मां, मैं बहुत छोटा दीप जरूर हूं लेकिन मैं अंधकारको परास्त करनेका व्रत लेकर आया हूं। मानवने जब दीपका संकल्प सुना उसे लज्जा आयी, उसने तो अंधकार और गंदगियोंको दूर करनेका कभी व्रत लिया ही नहीं। आज वह स्वच्छता और प्रकाशको जीवनका हिस्सा बनानेका व्रत लेगा और अंधकारको परास्त करके रहेगा।

आज ऐसे ही तमाम सभ्यता और संस्कृतिके प्रतीक दीपोंको जलानेकी जरूरत महसूस की जा रही है। जो आत्मदीपो भवके लिए हमारी अंतर्चेतनाको प्रकाशित कर सकें। प्रकाशका यह पावन उत्सव हमारे जीवनका सबसे जीवंत और अखंड उत्सव है। इस उत्सवको हम महज पटाखे फोड़कर प्रदूषण बढ़ाकर या मंहगे बिजलीके झालरोंको सजाकर पूर्ण न मान लें, बल्कि इसकी उत्सवधर्मिताको समझनेकी कोशिश करें तो दीपावली अपने पूर्व स्वरूपको ग्रहण कर अपनी सार्थकताको हासिल कर सकती है। लेकिन हम जिस कुबेरी संस्कृतिके हिस्सा बनते जा रहे हैं वहां तो अपना कुछ भी ऐसा नहीं दिखाई पड़ता जिसे हम अपने अंतरमें उतार कर अपनी मनकी आंखोंसे देख सकें और अपना कह सकें। जिस दीपकको हम जलाते हैं वह हमारे ज्ञानका भी तो प्रतीक है।

ज्ञानसे अज्ञानताका नाश होता है। ज्ञानको सत्य माना गया है। लेकिन केवल सत्यसे ज्ञान पूर्ण नहीं बनता है, बल्कि इसमें सौंदर्य और शुभत्व भी होना चाहिए। लक्ष्मीके साथ सरस्वतीका वैर भले बताया जाता हो लेकिन इस बातको कौन झुठला सकता है कि लक्ष्मी तभी फलदायी होती है जब सरस्वतीका फलभोग किया जाता है। यानी अर्थका सदुपयोग बिना विद्या यानी ज्ञानके नहीं हो सकता है। जिस जगह धनके साथ अविद्या यानी भ्रष्ट एवं कदाचार हावी रहते हैं? उस धनका नाश होनेमें कितना वक्त लग इसलिए लाभके साथ हमारी परम्परामें शुभ भी लिखा जाता है। पहले फिर लाभ। ऐसा लाभ कभी फलदायी नहीं होता जहांपर शुभ न हो। इ बहुत बड़ा दर्शन है। इसे हमें आज समझनेकी जरूरत है। गांधीजीने प्र सभाके बादके अपने उद्बोधनमें कहा था, हम दीपावलीका उत्सव मना इसका मतलब यह हुआ हमने कुछ अच्छा कार्य कर लिया है। जिस रावणके युद्धके बाद रामकी विजय हुई और रावणकी हार हुई उसक समझनेकी जरूरत है। राम दैवीय सम्पदाके प्रतीक हैं और रावण आ रामके पास कुछ भी नहीं था लेकिन उनके पास दैवीय सम्पत्ति भरी हुई रावणके पास सब कुछ था लेकिन उसके पास आसुरी सम्पत्ति भरी हुई दैवीय सम्पत्तिके मालिक रामकी विजयका मतलब है कि हमें भी अन्दर आसुरी सम्पत्तिके ऊपर दैवीय सम्पत्तिकी विजय पानी चाहिए। न तो राम हैं और न तो रावण ही। लेकिन दोनोंके कार्य हमारे बीच भी मौजूद हैं। हमें दीपावलीको उसी रूपमें मनाना चाहिए जिससे अन्दर दैवीय सम्पत्ति बढ़े और आसुरी सम्पत्तिका नाश हो सके।

दीपावली ह लिए ज्ञान-वि उत्सवका महापर्व है हमको अपने अंद नहीं समाज संस्कृतिमें बढ़ अंधेरेको नाश क लिए आत्मदीप जल संकल्प लेना चा इससे परिवार, वाता और समाजमें एक नयी रोशनी रौशन हो सकेगी। हे ग्राम देवता नम कविता लिखने वाले डा. रामकुमार वर्माने किसानका अभिवादन उ श्रम, सचाई और तपस्या पूर्ण जीवनको देखकर किया रहा होगा और हरिवंश राय बच्चनने जीवन पथको आलोकित करनेके लिए जीव मधुशाला और समाजके हर गली-चौबारेपर दीप जलानेके लिए करते हैं तो कवि गोपालदास नीरज दीप जलाना ही काफी नहीं म बल्कि अंधेरा हटा कि नहीं, इसपर गौर करते रहना भी जरूरी मान दीपके प्रति हमारा अभिवादन कवितामें ही सिमटकर न रह जाय। दे यह भी है कि आजादीके बहत्तर सालोंमें समाज, संस्कृति और राजनी फैले अंधेरेके प्रति लोगोंमें जागृति क्यों नहीं आयी। सोचना यह भ क्या दीपावलीके दीयेकी रोशनीसे ही समाज और संस्कृतिमें फैले अंधे हटाया जा सकता है।

# महारैलीकी भीड़में मुद्दोंकी अनदेखी

**पहली बार देशके स्वराष्ट्रमंत्रीने देशमें तीन करोड़ घुसपैठियोंके होनेकी बात स्वीकार की है। यह सवाल तो सरकारसे पूछा ही जाना चाहिए कि इतने घुसपैठिये देशमें घुसे कैसे और देशमें रह कैसे रहे हैं।**

❑ विश्वनाथ सचदेव

मुद्दा महत्वपूर्ण होता है अथवा कोई मुद्दा उठाने वालोंकी संख्या। राजधानी दिल्लीमें हुई विपक्षकी 'महारैली' के संदर्भमें यह सवाल उठाया जा रहा है। यह सही है कि कांग्रेसके नेतृत्व वाले गठबंधन 'इंडिया' ने दावा किया था कि 'लोकतंत्र बचाओ' वाले इस अभियानमें देशभरसे दस लाख नागरिक राजधानीमें एकत्र होंगे। यह भी सही है कि सारी गणनाएं बता रही हैं कि उस दिन दिल्लीमें देशभरसे आने वालोंकी संख्या दस लाख नहीं थी। प्रदर्शनमें शामिल होने वालोंको किसीने गिना नहीं, यह सम्भव भी नहीं होता। इस गणनाके हमेशा अनुमान ही लगाये जाते हैं। 'महारैली' आयोजित करने वाले लाखोंकी उपस्थितिके अपने दावेपर अड़े हुए हैं और भाजपाके सारे नेता इस संख्याको सत्ताईस हजारसे लेकर सत्तर हजारतक बतानेमें लगे हैं। प्रदर्शन करने वालोंकी संख्या कुछ भी हो, यह स्पष्ट दिख रहा है कि सत्तारूढ़ पक्ष इस 'भारी जमावड़े' से कुछ विचलित है। जिस तेजीसे भाजपाके नेता देशभरमें 'अराजकता हटाओ' की अपनी मुहिममें लग गये हैं, वह यह बतानेके लिए पर्याप्त है कि 'लोकतंत्र बचाओ' का मुद्दा देशकी राजनीतिको कहीं गहरेतक प्रभावित कर रहा है। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि राजधानीमें हुए इस प्रदर्शनमें कितने हजार या कितने लाख लोग शामिल हुए थे, महत्वपूर्ण वह मुद्दा है जो प्रदर्शनकारी उठा रहे थे। मुद्दा कथित वोट चोरीका था और इस प्रदर्शनसे विपक्ष इसे देशव्यापी जन-आन्दोलन बनानेका प्रयास कर रहा था। इस प्रयासकी सफलताका आकलन भी तत्काल संभव नहीं है, परन्तु इतना अवश्य स्पष्ट हो गया है कि लोकतंत्रकी रक्षाके नामपर विपक्षका चलाया जाने वाला यह अभियान जनताकी चिन्ताका विषय बनने लगा है। सत्तारूढ़ पक्ष भले ही कुछ भी कहता रहे, परन्तु विपक्षकी राजनीतिक सक्रियता और कार्यकर्ताओंका जोश इसे बहुत हदतक सफल बता रहा है। सफल इस मानेमें कि आम मतदाता भी इस बारेमें सोचने लगा है कि 'वोट चोरी' के आरोपमें कहीं कुछ गम्भीरता है। यह सही है कि ऐसी स्थितियोंमें तत्काल परिणाम सामने नहीं आते, परन्तु ऐसे प्रयास आगे बढ़नेका रास्ता दिखाने लगते हैं। विपक्षने अपने इस प्रयासको 'लोकतंत्र बचाओ' का नाम दिया है। उसका आरोप है कि सत्तारूढ़ पक्ष 'बेईमानी' से सत्तामें आया और बेईमानीसे ही सत्तामें बना हुआ है। दूसरी तरफ भाजपाके नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ पक्ष-विपक्षको अराजकतावादी कहकर यह बताना चाहता है कि मुख्य चुनाव आयुक्तके इस्तीफेकी मांगके बहाने विपक्ष सत्ता-परिवर्तन चाह रहा है और इसके लिए वह किसी भी सीमातक जा सकता है।

विपक्षकी इस महारैलीसे पहले सत्तारूढ़ पक्षने इस बातपर भी आपत्ति दर्ज की थी कि कांग्रेस उसी तारीखको यह आयोजन क्यों कर रही है, जब बयालीस साल पहले १९८४ में राजधानी दिल्लीमें सिख-विरोधी दंगे हुए थे। ज्ञातव्य है कि ३१ अक्तूबर, १९८४ को तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधीकी हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद देशभरमें विशेषकर दिल्लीमें, बड़े पैमानेपर सिख-विरोधी हिंसा, आगजनी और कत्लेआम हुआ था। एकसे तीन नवंबरतक सिखोंके विरुद्ध यह हिंसा चलती रही थी। प्रधान मंत्री इंदिरा गांधीकी हत्या और उसके बाद हुए सिख-विरोधी दंगे स्वतंत्र भारतके इतिहासका एक शर्मनाक काला अध्याय है। इस अध्यायको इसलिए तो याद रखना चाहिए कि फिर कभी ऐसा कांड देशमें न हो, परन्तु राजनीतिक लाभ उठानेके लिए उसे याद करना देशके घावोंको फिरसे हरा करना ही होगा। यह कहना कि कांग्रेसने जानबूझकर एक नवंबरको यह रैली रखी, घटिया राजनीतिका ही एक उदाहरण है। फिलहाल विपक्षका 'लोकतंत्र बचाओ' का नारा और सत्तारूढ़ पक्षका 'अराजकता हटाओ' का नारा कुल मिलाकर एक-दूसरेके पूरक ही हैं। मतदाता सूचियोंके लिए जिस तरहके आरोप लग रहे हैं, वे निश्चित रूपसे चिन्ताका विषय हैं। देशके १९ करोड़ मतदाता मतदानके अधिकारसे वंचित हो जायं, यह बात किसी भी दृष्टिसे उचित नहीं लगती। मतदाताओंका निधन हो जाना, स्थानांतरण कर जाना आदि तर्क गलत नहीं हैं, परन्तु एक भी मतदाताका मतदानके अधिकारसे वंचित हो जाना हमारी चुनाव-प्रणालीकी कमी ही दर्शाता है। इस आशयकी मांगको अराजकतावादसे जोड़ना उचित नहीं कहा जा सकता और यह भी उचित नहीं है कि घुसपैठियोंको भगानेके नामपर दलगत हितोंके लिए मतदाता सूचीमें फेर-बदल हो! घुसपैठियों, विशेषकर बंगलादेशियोंको वोटका अधिकार नहीं मिलना चाहिए, यह तो सही है, परन्तु सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए कि तीन करोड़ विदेशी भारतमें कैसे रह रहे हैं। हां, पहली बार देशके स्वराष्ट्रमंत्रीने देशमें तीन करोड़ घुसपैठियोंके होनेकी बात स्वीकार की है।

यह सवाल तो सरकारसे पूछा ही जाना चाहिए कि इतने घुसपैठिये देशमें घुसे कैसे और देशमें रह कैसे रहे हैं। स्वराष्ट्रमंत्री यह आरोप भी लगा रहे हैं कि विपक्ष इन घुसपैठियोंको अपने वोट बैंककी तरह देखता है। इस आरोपकी पुष्टि भी होनी चाहिए। राजधानी दिल्लीमें हुई विपक्षकी 'महारैली' की सफलता-असफलताके संदर्भमें ये सारे मुद्दे उठाये जा रहे हैं। इनकी जांच-पड़ताल होनी ही चाहिए। लेकिन सफलता-असफलता इस आधारपर तय नहीं हो सकती कि कितने लोग रैलीमें एकत्र हुए अथवा कितने लाये गये या अपने आप आये। इस सबका आकलन इस बातसे होना चाहिए कि जो मुद्दे इस रैलीमें उठे, देशमें लोकतंत्रकी रक्षाके लिए उनका कितना महत्व है। आकलन इस आधारपर भी होना चाहिए कि देशकी जनता इन मुद्दोंके बारेमें क्या सोच रही है। यदि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजनमें गड़बड़ियां हुई हैं तो इसके लिए उत्तरदायी व्यक्तियों-एजेंसियोंको सजा मिलनी ही चाहिए। नि:संदेह दलगत राजनीतिके स्वार्थोंकी पूर्तिके लिए देशकी चुनाव-प्रणालीके साथ किसी भी तरहकी छेड़खानी स्वीकार्य नहीं हो सकती। दशकों पहले चुनावी रैलियोंमें यह गीत गाया जाता था कि 'हे मतदाता, तेरे करमें वोट नहीं, यह तुलसी दल हैं'। इस पवित्र पर्चेकी पवित्रताकी रक्षा हर कीमतपर होनी चाहिए। राजनीतिक दलोंकी सभाओंमें इस मुद्देपर चर्चा होनी चाहिए और इन सभाओं-आयोजनोंकी सफलताका आकलन भी इसी आधारपर होना चाहिए, न कि यहां आने वालोंकी संख्याके आधारपर।

### आत्मबोध

## प्रसन्नता

❑ जग्गी वासुदेव

एक ही सवालसे शुरू करते हैं, हम खुशहाली किसे हैं। बिलकुल सीधे तौरपर खुशहाली बस अपने प्रसन्नताकी एक गहरी भावना है। यदि आपका सुखद महसूस करता है तो हम उसे स्वास्थ्य कहते हैं। यदि अ मन सुखद बनता है तो हम उसे शांति कहते हैं। यदि आपकी भ सुखद बनती है तो हम उसे प्रेम कहते हैं, यदि वह बहुत स बन जाती है तो हम उसे करुणा कहते हैं। यदि आपकी ऊर्जाएं सुखद बनती हैं तो हम उसे आनन्द कहते हैं। यदि वे सुखद बन जाती हैं तो हम उसे परमानन्द कहते हैं। आप पूर यही खोज रहे हैं, भीतर और बाहरकी प्रसन्नता। जब प्रसन्नता होती है तो उसे शांति, आनन्द या खुशी कहते हैं। जब आपके ओरका माहौल सुखद बन जाता है तो उसे सफलताका नाम जाता है। यदि आपकी इनमेंसे किसीमें भी रुचि नहीं है और स्वर्ग जाना चाहते हैं तो आप क्या खोज रहे हैं। बस दूसरी दुनि सफलता! तो मुख्य रूपसे, सारे मानव अनुभव बदलते स्त प्रसन्नता और अप्रसन्नतासे आते हैं। लेकिन अपने जीवनमें कितनी बार पूरे दिनभर आनन्दमय रहे हैं, बिना एक पलक चिन्ताए बेचैनी, चिढ़ या तनावके। कितनी बार आप चौबीस लिए निरी प्रसन्नता और पूरे आनन्दमें रहे हैं। पिछली बार अ साथ ऐसा कब हुआ था। हैरानीकी बात यह है कि इस धर ज्यादातर लोगोंके लिए, एक दिन भी ठीक वैसा नहीं बीता है वे चाहते हैं! यकीनन ऐसा कोई भी नहीं है जिसने खुशी, या आनन्द अनुभव नहीं किया हो, लेकिन वह हमेशा अस होता है। वे उसे कायम नहीं रख पाते। वे वहां पहुंच तो जा लेकिन फिर गिरते रहते हैं। और उसके गिरनेके लिए कोई भ चीज होनेकी जरूरत नहीं है। सबसे साधारण चीजें लो संतुलनसे बाहर फेंक देती हैं और बेतरतीब कर देती हैं। यह ऐसा है। आज आप बाहर जाते हैं और कोई आपसे कहता आप दुनियाके सबसे सुन्दर व्यक्ति हैं, आप सातवें आसम तैरने लगते हैं। लेकिन जब आप घर लौटते हैं और घरके आपको बताते हैं कि आप वाकई कौन हैं, हर चीज चकनाच जाती है। क्या यह जाना-पहचाना लगता है। आपको अपने प्रसन्न रहनेकी जरूरत क्यों है। जब आप प्रसन्नताकी एक आन अवस्थामें होते हैं, तब आप स्वाभाविक रूपसे अपने आसपा किसीके साथ और हर चीजके साथ मधुर होते हैं।

### लोक संवाद

## संजीवनी देगा कीवी

महोदय,-फलों और सब्जियोंके सेवनसे स्वास्थ्यको जरूरी पोषक तत्व और विटामिनकी पूर्ति होती है। ऐसा ही एक स्वादिष्ट फल है कीवी, जिसे स्वास्थ्यके लिए बहुत फायदेमन्द माना जाता है। कीवीमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेंटरी, विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, फास्फोरस, कॉपर, जिंक, नियासिन, पोटाशियम, राइबोफ्लेविन, बीटा कैरोटिन आदि जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं। इसका सेवन करनेसे कई गम्भीर बीमारियोंसे रिकवरी करनेमें बहुत फायदा मिलता है। आइये जानते हैं कीवी किस तरहसे स्वास्थ्यको फायदा पहुंचानेका काम करती है। डायबिटीजके मरीजोंके लिए कीवीका सेवन बहुत फायदेमन्द होता है। कीवीमें मौजूद गुण डायबिटीजके मरीजोंमें ब्लड शुगरको कंट्रोल करनेमें फायदेमन्द माने जाते हैं। डायबिटीजके मरीज डाक्टरकी सलाह लेकर रोजाना कीवीका सेवन कर सकते हैं। इससे उनका पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। कीवीके सेवनसे शरीरमें खूनका थक्का जमनेकी दिक्कत भी नहीं होती है। इसमें एंटीथ्रोम्बोटिक यानी खूनका थक्का न जमने देनेका गुण मौजूद होता है, जिसकी वजहसे स्ट्रोक, किडनी और हार्ट अटैक संबंधी दिक्कतका खतरा भी कम रहता है। कीवीका सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमताको बढ़ानेमें काफी सहायक हो सकता है, इसका प्रमुख कारण इसमें मौजूद विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा होती है। कीवीमें विटामिन-सीके साथ एंटीऑक्सीडेंट भी पाये जाते हैं, जो इम्युनिटी बढ़ानेके साथ कई प्रकारके रोगोंसे आपकी सुरक्षा करते हैं। कीवीका नियमित सेवन अस्थमाके लक्षणोंको भी कम करता है। कीवी कब्जको दूर करनेमें काफी मदद करती है। इसके सेवनसे पुरानीसे पुरानी कब्ज भी ठीक होने लगती है। यह गैस, ब्लोटिंग, एसिडिटी, अपच जैसी पेटकी दिक्कतोंको भी दूर करती है। यदि आप कब्जसे परेशान हैं तो कीवी आपके लिए फायदेमंद है। यह पेट साफ करनेमें भी मददगार है। कीवी हार्टके मरीजोंके लिए बहुत फायदेमंद होती है। कीवीमें मैगनीशियम और पोटाशियम पर्याप्त मात्रामें होता है। इसका सेवन करनेसे हाई ब्लड प्रेशरकी समस्याको कम करनेमें मदद मिलती है। कीवी खानेसे शरीरमें कोलेस्ट्रॉलका स्तर भी संतुलित रहता है। हाई बीपी रहता है कंट्रोल कीवीमें पोटाशियम और फाइबर प्रचुर मात्रामें पाया जाता है। इसके सेवनसे हृदय स्वस्थ रहता है। साथ ही उच्च रक्तचाप कंट्रोलमें रहता है। वहीं, फाइबर बढ़ते कोलेस्ट्रॉलको कंट्रोल करनेमें मददगार साबित होता है। एक शोधमें उच्च रक्तचापके मरीजोंको एक हफ्तेमें आठ कीवी खानेकी सलाह दी गयी है। इसके लिए रोजाना कीवीका सेवन जरूर करें। आंखोंके लिए अच्छा कीवी मॉक्यूलर डिजनरेशनको रोक सकता है, जो विजन लॉस होनेका कारण बनता है। कीवीमें ल्यूटिन और जेक्सैंथिन पाया जाता है। ये दोनों ही पदार्थ एंटीऑक्सीडेंटकी तरह काम करते हैं। **-मोनिका शर्मा, वाया ईमेल।**

# पौराणिक मान्यताओंका अनूठा संगम नरक चतुर्दशी

❑ योगेश कुमार गोयल

कार्तिक कृष्ण पक्षमें मनाये जाने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सवका दूसरा पर्व नरक चतुर्दशी है, जिसे छोटी दीपावली, रूप चतुर्दशी और काली चौदसके नामसे भी जाना जाता है। धनतेरसके अगले दिन मनाया जाने वाला यह पर्व धार्मिक आस्था, पौराणिक मान्यताओं और आध्यात्मिक संदेशोंका अनूठा संगम है। 'नरक चतुर्दशी' नामसे ही स्पष्ट होता है कि इसका संबंध मृत्युके देवता यमराज और नरकसे मुक्तिकी मान्यतासे जुड़ा है। धार्मिक विश्वास है कि इस दिन यमराजकी पूजा, व्रत और दीपदान करनेसे अकाल मृत्युका भय दूर होता है तथा मनुष्यको नरककी यातनाओंसे मुक्ति मिलती है। यह पर्व बुराईपर अच्छाई, अत्याचारपर न्याय और अंधकारपर प्रकाशकी विजयका प्रतीक है। इस पर्वपर अभ्यंग स्नानका विशेष महत्व है। मान्यता है कि सूर्योदयसे पूर्व शरीरपर तिलका तेल लगाकर उबटन करने और स्नान करनेसे रुपये सौंदर्य तथा आरोग्यकी प्राप्ति होती है। इसी कारण इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इस दिन घरोंकी साफ-सफाई, दीप प्रज्वलन, हनुमान जीकी पूजा और यमराजके निमित्त दीपदान करनेकी परम्परा भी प्रचलित है। विशेष रूपसे घरके बाहर दक्षिण दिशामें दीपक जलाकर यमराजसे परिवारकी सुख-समृद्धि और दीर्घायुकी कामना की जाती है।

इस वर्ष चतुर्दशी तिथि दो दिन रहनेके कारण पर्वकी तिथिको लेकर असमंजसकी स्थिति है। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी ७ नवंबरको सुबह १० बजकर ४७ मिनटसे प्रारम्भ होकर ८ नवंबरको सुबह ११ बजकर २७ मिनटतक रहेगी। प्रदोष कालमें चतुर्दशी तिथि होनेके कारण यम दीपदान, हनुमान पूजा और काली चौदसकी पूजा ७ नवंबरको की जायगी जबकि उदयातिथिके अनुसार ८ नवंबरकी सुबह अभ्यंग स्नान होगा। नरक चतुर्दशी केवल धार्मिक कर्मकांडका पर्व नहीं है, बल्कि जीवनसे नकारात्मकता, अहंकार और बुराइयोंको दूर कर सद्गुणोंका प्रकाश फैलानेकी प्रेरणा भी देता है। इसका संदेश है कि जिस प्रकार दीपक अंधकारको मिटाता है, उसी प्रकार सदाचार, विवेक और सकारात्मकता मनुष्यके जीवनसे अज्ञान तथा विकारोंके अंधकारको दूर कर सकते हैं।

'नरक चतुर्दशी' पर्वको 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नामसे भी जाना जाता है। इस दिन मृत्युके देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्तका पूजन किया जाता है और यमराजसे प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपासे हमें नरकके भयसे मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमानका भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतारमें भगवान विष्णुने राजा बलिसे तीन पग भूमि दानमें मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलिके शरीरको भी अपने तीन पगोंमें नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मासकी पूर्णिमाको मनायी जाती है, लेकिन उत्तर भारतके कई भागोंमें यह दीवालीसे एक दिन पहले भी मनायी जाती है। यमको मृत्युका देवता और संयमके अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशीके दिन सूर्योदयसे पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकालके समय यमके लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियमसे रहने वालोंको मृत्युसे जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदयसे पहले स्नान करनेका आशय ही आलस्यका त्याग करनेसे है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियमसे रहनेसे उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशीके साथ भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुरके वधकी पौराणिक कथा भी जुड़ी हुई है। नरक चतुर्दशी मनाये जानेके संबंधमें मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्णने इसी दिन प्राग्ज्योतिषपुरके राजा 'नरकासुर' न अधर्मी राक्षसका वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न के पृथ्वीवासियोंको, बल्कि देवताओंको भी उसके अत्याचारोंसे मुक्ति दि थी। उसके आतंकसे पृथ्वीके समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर क थे। अपनी शक्तिके घमंडमें चूर नरकासुर शक्तिका दुरुपयोग करते हुए स्त्रि भी अत्याचार करता था। उसने १६००० मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियोंके अनुरोधपर भगवान श्रीकृ सत्यभामाके सहयोगसे नरकासुरका संहार किया था और उसके बंदी १६००० कन्याओंको मुक्ति दिलायी थी। नरकासुरसे मुक्ति पानेकी ख देवगण एवं पृथ्वीवासी बहुत आनन्दित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया माना जाता है कि तभीसे इस पर्वको मनाये जानेकी परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवालीके दिन दीपक जलाये ज संबंधमें एक मान्यता यह भी है कि इन दिनोंमें वामन भगवानने अपने पगोंमें सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड एवं महादानवीर दैत्यराज ब शरीरको नाप लिया था और इन तीन पगोंकी महत्ताके कारण ही लोग यातनासे मुक्ति पानेके उद्देश्यसे तीन दिनोंतक दीपक जलाते हैं तथा सुख, स एवं ऐश्वर्यकी प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मीका पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता बलिकी दानवीरतासे प्रभावित होकर भगवान विष्णुने बादमें पाताल लो शासन बलिको ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी पृथ्वीवासी लगातार तीन दिनतक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। चतुर्दशीका संबंध स्वच्छतासे भी है। इस दिन लोग अपने घरोंका कूड़ा-क बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रात: सूर्योदयसे पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करनेसे पुण्य मिलता है।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर

पत्रांक – 2959 / 4ए दिनांक : 31 / 10 / 2026

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1– महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए", "बी," सी" और "डी" श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होगें। निविदा दाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र मे अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली भांति अध्ययन कर लें। अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आन–लाइन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिए निविदा दी जा सकती है।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि रू0 लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | वित्तीय वर्ष 2026–27 में पुलों का अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य। | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | जनपद जौनपुर मे गोमती नदी जफराबाद देवकली औडिहार मार्ग के बेलाव घाट पर दीर्घ सेतु (210 मी0) के मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 32.40 | 3.24 | 944.00 | 4 माह | अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, जौनपुर | अधीक्षण अभियन्ता, जौ0–गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी |
| 2 | जौनपुर | जनपद जौनपुर में बक्शा तेजीबाजार लोहिन्दा से गढ़ासेनी होते हुए रीठी बाजार के मध्य सई नदी पर सेतु (180 मी0) के मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 31.80 | 3.18 | 944.00 | 4 माह | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | जौनपुर | जनपद जौनपुर में गोमती नदी/धर्मापुर जमैथा मार्ग पर अखड़ों घाट पर दीर्घ सेतु (210 मी0) के मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 30.72 | 3.10 | 944.00 | 4 माह | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | जौनपुर | जनपद जौनपुर में राजेपुर से उदपुर वाया हरीपुर जलालपुर थानागद्दी मार्ग पर सई नदी पर दीर्घ सेतु (210मी0) के मरम्मत एव सुरक्षात्मक कार्य। | 31.00 | 3.10 | 944.00 | 4 माह | तदैव | तदैव | तदैव |

2. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 12–11–2026 से 18–11–2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकेगे। प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या–4869 / 4एम0–एल0सी0 / 2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी साफ्टवेयर पर समस्त सूचना व अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त निविदादाता द्वारा तकनीकी शीट (ई01) डाउनलोड की जायेगी, जिसकी कापी स्कैन कर ई–टेण्डर पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर अपलोड करनी होगी। निविदादाताओं द्वारा ऑन लाईन निविदा की अपलोडिंग / डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070 / 78–2– 2018–42आई0टी0 / 2017(22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जमा किया जाएगा। ऑन लाईन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 18–11–2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, जौनपुर में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण हेतु http://e-tender.up.nic.in पर लागइन करें।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
जौनपुर

उ.प्र.–260409
दिनांक–05.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक– 5519 / एस0ई0टेण्डर / जौ0गा0 वृत्त / 2026–27 दिनांक– 31 / 10 / 2026

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक–12.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–18.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक– 18.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि (लाख रू0 मे | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता | अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | वित्तीय वर्ष 2026–27 में क्षतिग्रस्त मार्गों के विशेष मरम्मत का कार्य। | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | परसुरामपुर–डोडी–इटियाबीर होते हुए उसरांव तक सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3,4 एवं 5 में विशेष मरम्मत का कार्य। | 75.75 | 5.80 | 2 माह | 2714.00 | निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0 जौनपुर | जौ0गा0वृत्त लो0नि0वि0 जौनपुर | वा0क्षे0 लो0नि0वि0 वाराणसी | A,B |
| 2 | जौनपुर | जफराबाद सिरकोनी मार्ग पर पुलिया बाबा बाजार होते हुए पिच रोड तक सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2(500) में विशेष मरम्मत का कार्य। | 35.65 | 3.57 | 2 माह | 2714.00 | तदैव | तदैव | तदैव | A,B,C |
| 3 | जौनपुर | रसूलपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2 में विशेष मरम्मत का कार्य। | 37.60 | 3.76 | 2 माह | 2714.00 | तदैव | तदैव | तदैव | A,B,C |
| 4 | जौनपुर | रामदयालगंज से बेलवा रामसागर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2 एवं 3 में विशेष मरम्मत का कार्य। | 43.15 | 4.16 | 2 माह | 2714.00 | तदैव | तदैव | तदैव | A,B,C |
| 5 | जौनपुर | पराऊगंज से भड़ेहरी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1(300),2(550) में विशेष मरम्मत का कार्य। | 39.74 | 3.99 | 2 माह | 2714.00 | तदैव | तदैव | तदैव | A,B,C |
| 6 | जौनपुर | खगरसेनपुर नाले से पिण्डारी सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,2,3 में विशेष मरम्मत का कार्य। | 43.70 | 4.19 | 2 माह | 2714.00 | तदैव | तदैव | तदैव | A,B,C |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोडते हुये लगाई गयी है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.–260410, दिनांक–05.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## वाराणसी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी

पत्रांक– 5258 / 183 काम–वा0वृत्त / 2026–27 दिनांक:– 31.10.2026

### ई–निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के निम्नानुसार निम्नलिखित मार्ग कार्य हेतु श्रेणी के पात्र एवं पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधि0अभि0 कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता वाराणसी | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विधानसभा–शिवपुर | | | | | | | | | | |
| 1 | वाराणसी | नटिनियादाई मंदिर से शिवपुर बाईपास होते हुए शिवपुर रेलवे क्रासिंग तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 56.50 | 4.83 | 2714.00 | 2 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी | वा0वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी | वा0क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी | A, B & C |
| 2 | वाराणसी | लेढूपुर से पर्वतपुर वाया उमरहा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 101.00 | 7.05 | 2714.00 | 3 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A & B |
| 3 | वाराणसी | लमही आदमपुर ऐढ़े मार्ग के किमी. 03 से आदमपुर संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 45.50 | 4.28 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B & C |
| 4 | वाराणसी | वाराणसी आजमगढ़ मार्ग के किमी 03 घनश्याम सिंह महाविद्यालय से मढ़वा होते हुए वी0डी0ए0 कालोनी, लालपुर तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 100.00 | 7.00 | 2714.00 | 3 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A & B |
| 5 | वाराणसी | रुस्तमपुर से सारनाथ मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 64.00 | 5.20 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B & C |
| 6 | वाराणसी | पहड़िया बलुआ मार्ग से रुस्तमपुर चौराहा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 44.00 | 4.20 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B & C |
| 7 | वाराणसी | रमदत्तपुर दलित बस्ती ओम नगर कालोनी फेज–2 में संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 157.50 | 9.88 | 2714.00 | 3 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A & B |
| 8 | वाराणसी | गौरा कला कमौली से मनोरथपुर होते हुए बभनपुरा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 46.00 | 4.30 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B & C |
| 9 | वाराणसी | वाराणसी रिंग रोड से ऐढ़े मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 153.00 | 9.65 | 2714.00 | 3 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A & B |
| 10 | वाराणसी | पहड़िया बलुआ से कृष्णा नगर कॉलोनी मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 36.00 | 3.60 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B, C & D |
| 11 | वाराणसी | सारनाथ शिवमंदिर से काशी कुष्ठ सेवा आश्रम होते हुए हिरामनपुर हरिजन बस्ती तक संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 52.50 | 4.63 | 2714.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | A, B & C |

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 12.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 19.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 19.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2026 को 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी सॉफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गई समस्त शर्तों / नियमों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गई है, जो सही है।)

(के0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., वाराणसी

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0,वाराणसी

उ.प्र.–260415 दिनांक–05.11.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर

पत्रांक:- 4993/53काम-मी.वृत्त/2026 दिनांक:- 28.10.2026

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### ( ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना )

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग श्रेणी में पंजीकृत कालम–11, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए प्रतिशत दर के आधार पर आन–लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा–4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्र0सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में | | | | | | | | |
| 1 | सोनभद्र | घोरावल गुरुवल शिल्पी वाया कोलियाघाट मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 386.84 | 21.34 | निविदा मूल्य 2720.00 (जी0एस0टी0 सहित) | 05 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0 सोनभद्र | मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर | मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर | A |
| 2 | | कोलियाघाट से गोडेडीह वाया कोरट मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 134.33 | 8.72 | | 05 माह | | | | A,B |
| 3 | | परासी पाण्डेय बहुआर पी0एसी0 कैम्प मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 60.98 | 5.05 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 4 | | करीबरांव से बेलाही सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 41.29 | 4.06 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 5 | | आर0एस0 मार्ग से बरवां गौडिहा सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 51.52 | 4.58 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 6 | | बी0एस0 रोड के कि0मी0 56 से बनौरा पी0एम0 जी0एस0 वाई0 सम्पर्क मार्ग के कि0मी0 4 से महुआरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 50.05 | 4.50 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 7 | | शाहगंज मार्ग से पेटराही सम्पर्क मार्ग सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 49.14 | 4.48 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 8 | | बी0एस0 रोड कि0मी0 42 से खानेआजमपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 48.93 | 4.45 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 9 | | सरौली से बढ़ुराही सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 68.14 | 5.41 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 10 | | मधुपुर से भवानीपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 55.84 | 4.79 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 11 | | मधुपुर मार्ग से खैरपुर से अकड़ी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 40.74 | 4.04 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 12 | | बी0एस0 रोड से सुअरी नार सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 43.51 | 4.18 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 13 | | बी0एस0 रोड से लोहरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 38.37 | 3.92 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 14 | | बी0एस0 रोड से तकीया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 41.18 | 4.06 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 15 | | छितिकपुरवा से नेवारी के छूटे भाग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 46.98 | 4.35 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 16 | | चुर्क सीमेंट फैक्ट्री पहुँच मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 131.83 | 8.59 | | 05 माह | | | | A,B |
| 17 | | निमनिया से परसौटी सम्पर्क मार्ग एवं पुलिया निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य। | 101.67 | 7.08 | | 05 माह | | | | A,B |
| 18 | | चुर्क सीमेंट फैक्ट्री से हरहुआ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 14.21 | 3.71 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 19 | | चुर्क गुरुकला से सिद्धी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 41.27 | 4.06 | | 02 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0 सोनभद्र | मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर | मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर | A,B,C |
| 20 | | बिच्छी से नईगांव तक मार्ग का सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 44.33 | 4.22 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 21 | | पुरैनिया से रामपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 37.79 | 3.89 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 22 | | बरवाडीह से जमुअल मकरयानी नेवारी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 134.19 | 8.71 | | 05 माह | | | | A,B |
| 23 | | रोनिहवा परसोई बैसुर नदहरी मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 121.49 | 8.07 | | 05 माह | | | | A,B |
| 24 | | मगरदहा सेलहवा गोंडापाथर नवाटोला मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 103.28 | 7.16 | | 05 माह | | | | A,B |
| 25 | | नौडिहवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 47.78 | 4.39 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 26 | | नेवारी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 205.71 | 12.29 | | 05 माह | | | | A |
| 27 | | कपिसौर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 63.83 | 5.19 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 28 | | भसहरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 217.88 | 12.89 | | 05 माह | | | | A |
| 29 | | खरहरा से बभनी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 35.23 | 3.76 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 30 | | टापू सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 60.39 | 5.02 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 31 | | ओबरा मार्ग से गजराज नगर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 175.63 | 10.78 | | 05 माह | | | | A,B |
| 32 | | अरंगी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 39.18 | 3.98 | | 02 माह | | | | A,B,C |

3 कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 7 के अनुसार होगी।

4 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी ।

5 निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।

6 ई–निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (टी0–2) आन लाईन दिनांक दिनांक–10.11.2026 से 25.11.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।

7 यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।

8 निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

9 बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

नोट :– ई–निविदा की समस्त शर्ते ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सोनभद्र

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.:– 260531
दिनांक:– 05.11.2026
वेबसाईट:– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांक:- 4043/4ए दिनांक:- 31.10.2026

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना ( अल्पकालीन निविदा )
### निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.11.2026 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.11.2026 साय 12.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 12.30 बजे तकनीकी बिड ऑनलाईन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2. कार्यों का विवरण

| क्र.स. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित करने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत स्वीकृति के प्रत्याशा के कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | विश्वम्भरपुर मुरलीधर तिवारी के डेरा से डोमा भगत विद्यालय बघौली होते हुये विशुनपुरा प्रतापपुर तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 7.00 | 0.70 | 945.00 | 2 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी. सी डी |
| 2 | बलिया | ग्राम पंचायत विसुनपुरा मुख्य मार्ग से हीरानन्द तिवारी विसुनपुरा के घर से विश्वम्भरपुर हनुमान मन्दिर होते हुए सेंवरूबांध माधवपुर मुख्य मार्ग तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 23.50 | 2.35 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | बलिया | जसांव सोनवानी काली मंदिर से दवनी गांव के विशेष मरम्मत का कार्य। | 15.00 | 1.50 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 4 | बलिया | बलिया गड़वार मार्ग से कटरिया राजभर बस्ती होते हुए निबिया पोखरा चट्टी सम्पर्क मार्ग का शेष भाग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 16.75 | 1.67 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | सुदामा जी के मठिया शाहपुर से दामोदरपुर अम्बे0 ग्राम के विशेष मरम्मत का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | ग्राम रामपुर से शिवजी मंदिर से निमेष सिंह के घर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.00 | 1.80 | 945.00 | 2 माह | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
**Estimated Cost:-** 2.34 Lakh + GST extra.

**Tender Specification No. T-10/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Annual Preventive (mechanical) of Machine no. 1 of (3X33 MW) Hydel Obra Power, Obra.
**Estimated Cost:-** 14.50 Lakh + GST extra.

**Date of availability of bid documents on website:-** 04/11/2026
**Last date for submission of tender :-** 03/12/2026

For further details please visit website **www.upjvn.org** and **hptts://etender.up.nic** from where tender documents can be downloaded.

पत्रांक: 832 / एच0ओ0पी0एस0 / निविदा(प्र0) दिनांक: 06.11.2026

**"Save Electricity for Nation"**

**UP Rajya Vidyut Utpadan Nigam Ltd.**
**HYDEL OBRA POWER STATION, OBRA**
**E-Notice Notice**

Office of the Executive Engineer Hydel Obra Power Station, Obra Sonebhadra, U.P. Jal Vidyut Nigam Ltd. invites sealed tender from interested parties. Details of tenders is given below:-

**Tender Specification No. T-05/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Supply, Laying and Termination of Control Cables for circuir breaker of Machine no. 1&2 at HOPS, Obra.
**Estimated Cost:** 10.0 Lakh + GST extra.

**Tender Specification No. T-06/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Supply, of miscellaneous electrical and mechanical items for day to day maintenance of various auxiliaries and turbine related equipment at Hydel Obra Power Station Obra Sonebhadra..
**Estimated Cost:-** Rs. 17.0 Lakh + GST extra.

**Tender Specification No. T-11/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Extension and Establishment of Internet Leased Line Connectivity from Urja Bhawan (Obra Thermal) to Hydel Obra Power Station, Obra, along with Necessary Networking Arrangements for Uninterrupted ERP Operations at HOPS, Obra Sonebhadra.
**Estimated Cost:-** Rs. 2.46 Lakh + GST extra.

**Tender Specification No. T-12/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Annual Electrical Overhauling of unit no. 1 & 3 of 33 MW capacity at Hydel Obra Power Station, Obra Sonebhadra.
**Estimated Cost:-** Rs. 9.45 Lakh + GST extra.

**Tender Specification No. T-13/HOPS/2026-27**
**Name of work:-** Complete Overhauling of Various LT motors and drainage/dewatering pumps installed in Hydel Obra Power station.
**Estimated Cost:-** Rs. 6.0 Lakh + GST extra.

**Date of availability of bid documents on website:-** 05/11/2026
**Last date for submission of tender :-** 04/12/2026

For further details please visit website **www.upjvn.org** and **hptts://etender.up.nic** from where tender documents can be downloaded.

पत्रांक: 832 / एच0ओ0पी0एस0 / निविदा(प्र0) दिनांक: 06.11.2026

**"Save Electricity for Nation"**

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 31/2026 दिनांकः 03.11.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** 19267511 | **मात्रा :** 04 नग |
| **विवरण :** मशीन रूम-लेस और गियरलेस प्रकार की हैवी ड्यूटी लिफ्टः 14 यात्रियों की क्षमता और दो स्टॉप | |
| **ई.म.डी.रू.:** 1,47,870/- | **निविदा खुलने की तिथि :** 08/12/2026 |
| **निविदा संख्या :** 19267507 | **मात्रा :** 11 नग |
| **विवरण :** मशीन रूम-लेस और गियरलेस प्रकार की हैवी ड्यूटी लिफ्टः 14 यात्रियों की क्षमता | |
| **ई.म.डी.रू.:** 4,06,620/- | **निविदा खुलने की तिथि :** 16/12/2026 |

**नोट-1.** उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको। T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। **4.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। • उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2546/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## शेष

### सीजेआई

पीठ ने कहा कि वह देखेगी कि माफी हलफनामे में केवल कलम से लिखी गई है या दिल से भी आई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान सर्वोच्च है और कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल उससे ऊपर नहीं है। अदालत ने कहा कि फैसलों की आलोचना की जा सकती है, लेकिन न्यायपालिका के कामकाज में बाधा डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीठ ने चेतावनी दी कि अदालत के अधिकार को कमजोर करने की कोशिशों से सख्ती से निपटा जाएगा। साथ ही कहा हम खुद पर नियंत्रण रखते हैं, इसे कमजोरी न समझा जाए। बता दें कि यह मामला 12 अक्टूबर को कांग्रेस केरल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर सीजेआई के खिलाफ की गई टिप्पणी से जुड़ा है।

### मुंबई...

पुलिस ने ईमेल को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। फिलहाल धमकी भेजने वाले की पहचान नहीं हो पायी है। धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल मामले में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।

### गिरफ्तारी...

कार्रवाई दर्ज किए जाने के समय से। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति अतुल एस. चांदुरकर की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 22(2) के तहत बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी व्यक्ति को 24 घंटे से अधिक हिरासत में रखना असंवैधानिक है। तलाशी और जब्ती की कार्रवाई या गिरफ्तारी की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के समय से इस अवधि की गणना नहीं की जा सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि से अधिक समय तक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए बिना हिरासत में रखे गए व्यक्ति को तत्काल रिहा करना होगा। न्यायालय ने इस मामले में ओडिशा, मद्रास और केरल उच्च न्यायालयों के पूर्व के कुछ फैसलों में व्यक्त विचारों से भी असहमति जताई।

### वोट चोरी...

योजना का पैसा मिलेगा या नहीं। राहुल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, देखते ही देखते आप एक अपहृत लोकतंत्र के अदृश्य नागरिक बन जायेंगे, जहां जनता सरकार नहीं चुनेगी, सरकार अपनी जनता चुनेगी। आज पंचायती राज की योजनाएं। कल राशन? पेंशन? मनरेगा? आवास? छात्रवृत्ति? आरक्षण? यह चुनाव जीतने की राजनीति नहीं, चुनाव चोरी का इंतज़ाम और सत्ता में बने रहने का स्थायी बंदोबस्त है। वोट देना आपका अधिकार है, शर्त नहीं। किसी गरीब की पेंशन उसके वोटर कार्ड की गुलाम नहीं हो सकती। ये सिर्फ वोट चोरी नहीं-ये हक चोरी है। हम ये होने नहीं देंगे।

### यूपी : ५५..

नवंबर को सभी जोनल मुख्य अभियंताओं को हटाए गए संविदा कर्मियों को सूचीबद्ध करके उसकी रिपोर्ट 15 नवंबर तक प्रबंध निदेशक मुख्यालय भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश में यह कहा गया कि पूर्व में ज्यादा कर्मचारी होने पर भी जिनकी छंटनी करके 25 फीसदी संविदा कर्मियों को नौकरी से हटाया गया था, उनको दोबारा सेवा में लेने की प्रक्रिया को शुरू किया जाए। मध्यांचल निगम के तहत लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव ,हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, पीलीभीत, जिले के उपकेद्रों पर से कुशल और अकुशल संविदा कर्मियों को दो तरह से हटाया गया था। एक वह जिनकी आयु 55 साल पूरी चुकी थी, दूसरे जो स्वीकृत पदों से ज्यादा थे।

### आपदा...

हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। बकरी, भेड़ और सूअर जैसे छोटे पशुओं के लिए यह राशि चार हजार से बढ़ाकर 5,500 रुपये कर दी गई है। वहीं, मुर्गीपालकों को भी राहत देते हुए प्रति मुर्गी सहायता राशि 100 से बढ़ाकर 130 रुपये कर दी गई है। भार ढोने वाले पशुओं की क्षति पर सहायता राशि 20 हजार से बढ़ाकर 25,400 रुपये की गई है।

### सीआईडी...

अक्तूबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन अपने आप अपडेट होने लगा और अपडेट के बाद दोबारा चालू हो गया। अगले दिन 18 अक्तूबर को भी इसी तरह मोबाइल फोन अपने आप अपडेट हुआ। इसके कुछ समय बाद उनके मोबाइल पर उनके एचडीएफसी वाले बैंक खाते से 45 हजार और 50 हजार रुपये कटने के मैसेज आये। जब उन्होंने गूगल-पे के माध्यम से खाते की जांच की तो पता चला कि 17 अक्तूबर को उनके खाते से 95 हजार निकले हुए थे। इस तरह उनके खाते से कुल 1.90 लाख रुपये निकाले गये। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करवायी जिसके आधार पर स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज हुई और अब थाना साइबर क्राइम फरीदकोट ने उक्त जीरो एफआईआर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज किया है। इस मामले में डीएसपी तरलोचन सिंह ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच जारी है और शिकायतकर्ता का फोन हैक कर उसके बैंक खाते से आगे जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किये गये उन खातों के रेकार्ड की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी शिनाख्त कर पीड़ित के पैसों की रिकवरी करवायी जायेगी।

### १६ फरवरी..

मूल्यांकन 1 जनवरी 2027 से शुरू होंगे। वहीं, विंटर-बाउंड यानी सर्दियों के कारण अलग शैक्षणिक कार्यक्रम वाले स्कूलों के लिए प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन का कार्यक्रम अलग है। इन स्कूलों में परीक्षाएं 9 नवंबर से 19 दिसंबर 2026 तक आयोजित की जाएंगी। दोनों तरह के स्कूलों के छात्रों को अपने स्कूल से संबंधित तारीखों की पुष्टि कर लेनी चाहिए।

### डिजिटल जीवन...

सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देते रहें। उन्होंने पेंशन सेवाओं को सरल और सुलभ बनाने के लिए पेंशन अदालतों तथा पुराने नियमों को समाप्त करने जैसे सुधारों का भी उल्लेख किया।

### वोटर...

का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नयी व्यवस्था की गयी है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किये जायेंगे। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जायेंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां व्हाट्सऐप, ईमेल और एसएमएस के जरिये भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं। आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फार्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फार्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे श्वष्टद्बह्यश्वञ्ज पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी। आयोग ने कहा है कि मिले हुए सभी फॉर्म और उनके साथ दिये गये घोषणापत्रों की जांच नियमों के अनुसार की जाय। पंजीकरण अधिकारी पात्रता, सामान्य निवास और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। जिन फॉर्म को स्वीकार किया जायेगा, उन्हें अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अलग रखा जायेगा। इस प्रक्रिया में मतदाता का वही पुराना ईपीआईसी नंबर बना रहेगा।

### दीपावली...

कॉलेजों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में इमरजेंसी विभाग, ट्रामा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी जीवनरक्षक चिकित्सा सेवाएं चौबीसों घंटे क्रियाशील रखी जायेंगी। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का तत्काल चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यकतानुसार प्राथमिक उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। मरीजों की गंभीरता के आधार पर उपचार की प्राथमिकता तय करने के साथ अतिरिक्त बेड और चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिये गये हैं। त्योहार अवधि के लिए इमरजेंसी, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभागों के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, तकनीशियनों एवं अन्य कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन भी उपलब्ध रखा जायेगा। सभी संबंधित विभागाध्यक्षों एवं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों को आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं, इंजेक्शन, ड्रेसिंग सामग्री, स्यूचर, प्लास्टर सामग्री तथा आपातकालीन उपचार किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन आपूर्ति प्रणाली, वेंटिलेटर, मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर और सक्शन मशीन सहित सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता की जांच करायी जायेगी।

# वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## नाक-मुंह से निकल रहा था खून, जांच में जुटी पुलिस



अदलहाट। थाना क्षेत्र के ग्राम विक्सी में शुक्रवार की सुबह एक 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका विक्सी ग्राम निवासी मलुई देवी 65 वर्ष पत्नी स्व. नथुई को एक पुत्री है।जिसका विवाह हिनौता ग्राम में हुआ है। मृतका के नाती सुचित कुमार पुत्र बहादुर प्रसाद निवासी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे उनके दोनों बेटे रितेश और नितेश सोकर उठे। घर के एक कमरे में उनकी दादी मलुई देवी सो रही थी। बच्चे जब उन्हें जगाने पहुंचे तो उनका शरीर कोई हरकत नहीं कर रहा था। इसके बाद बच्चों ने आवाज लगाकर बगल में रहने वाली प्रियंका कुमारी को बुलाया। मौके पर पहुंची प्रियंका ने देखा कि मृत अवस्था में पड़ी थीं तथा उनकी नाक और मुंह से खून निकल रहा था। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद सुचित कुमार ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक की टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## नाली के विवाद में मारपीट, अधेड़ की मौत

अदलहाट। क्षेत्र के गौठौरा गांव में गुरुवार को नाली के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल अधेड़ की मौत हो गई। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने उपचार के लिए ले जाते समय दम तोड़ दिया। मामले में परिजनों ने पांच नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार, गौठौरा गांव निवासी रामप्यारे यादव उर्फ पप्पू पुत्र स्व. शिवहरक यादव का पड़ोसी व बड़ेपिता का पुत्र कुबेर यादव के परिवार से बहुत लम्बे समय से चकबंदी के समय से नाली को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक के पुत्र सुनील कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पांच नवंबर की शाम करीब चार बजे उनके पिता गाँव से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपितों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। परिजनों के मुताबिक, हमले में रामप्यारे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। वहां से घर लौटने के बाद भोर सुबह में उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। परिजन उन्हें दोबारा अस्पताल लेकर जा रहे थे, तभी उनकी मौत हो गई। मिली तहरीर के अनुसार कुबेर यादव, उसके पुत्र राकेश यादव व इंदल यादव उर्फ कुबेर यादव, पत्नी शीला यादव, अवनीश यादव तथा समधी दयाराम यादव निवासी शिवनाथपुर, चोरमरवा, थाना बबुरी, जनपद चंदौली समेत एक अज्ञात व्यक्ति पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

हलिया। शुक्रवार को धनतेरस पर्व पर हलिया बाजार सहित देवरी, कोटा, शिवप्रताप सिंह अदवा कॉलोनी और हथेडा जैसे छोटे बाजारो में खरीदारी को लेकर काफी चहल पहल रही। सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई, जो देर शाम तक जारी रही। धनतेरस के अवसर पर लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने चांदी के आभूषण, सिक्के, पीतल, तांबा, कांसा और स्टील के बर्तनों की खरीदारी की। इसके साथ ही झाड़ू, दीपक, लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, मिठाई और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। कई लोगों ने दोपहिया वाहन और अन्य घरेलू सामान खरीदा धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के साथ नई वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ माना जाता है।

# धनतेरस पर बाजारों में रौनक, भारी भीड़

## सोने-चांदी, बर्तन के लिए बाजार में लगी खरीदारों की भीड़

कछवां। धनतेरस के पावन पर्व पर कछवां के बाजारों में रौनक लौट आई है। पूरे नगर की गलियां रोशनी से जगमगा उठी हैं और दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। त्योहारी खरीदारी को देखते हुए इस बार बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, गारमेंट्स और सजावट के बाजारों में तैयारी कुछ अलग अंदाज में की गई है। सबसे ज्यादा बाजार में झाड़ू की बिक्री होते हुए देखी गई। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नई रेंज के साथ ही डिस्काउंट वाले ऑफर शुरू किए हैं। बाजार में इस बार पिछले साल की तुलना में ग्राहकों की आवाजाही अधिक देखने को मिल रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान साफ नजर आ रही है। नगर के बर्तन बाजार में धनतेरस के खरीदारों की भीड़ लगी रही। सोने-चांदी के साथ ही पीतल, स्टील और तांबे के नए डिजाइनों वाले बर्तनों की बिक्री जोरों पर है। कई दुकानों पर आकर्षक पैकेजिंग और ऑफर ग्राहकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए सुबह से ही लोग बर्तन की दुकानों पर खरीदारी करते नजर आए। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी इस बार खासा उत्साह है। एलईडी टीवी, मोबाइल, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर की मांग बढ़ी है। कंपनियों ने धनतेरस के मौके पर नई स्कीमें और आसान ईएमआई विकल्प शुरू किए हैं, जिसका ग्राहक जमकर लाभ उठा रहे हैं।

## ग्राम सचिव को हटाने की प्रधानों ने की मांग

जमालपुर। विकास खंड के ग्राम पंचायत करजी, धोबही, सकरौड़ी एवं हसौली में तैनात ग्राम सचिव की मनमानी से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं नही मिल पा रही है। ग्रामीण जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय का परिक्रमा लगा रहे है, लेकिन ग्राम सचिव के नही मिलने से लोगों को मायूसी हाथ लग रही है। ग्राम सचिव के गांवों में न आने से ग्राम पंचायतों का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है।करजी, सकरौड़ी एवं धोबही ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों ने बुधवार को डीपीआरओ राम उदय यादव को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव की शिकायत कर हटाए जाने की मांग किया।

# विद्यालयों में मना दीपावली पर्व, बच्चों ने लिया हिस्सा

कछवां। धनतेरस के पावन पर्व पर आदर्श नगर पंचायत कछवां स्थित मदरसा हिदायतुल इस्लाम कछवा, किडजी प्री स्कूल बरैनी और पंडित लोकपति त्रिपाठी इंटर कॉलेज कछवां में बच्चों ने बड़ी धूमधाम से धनतेरस का पर्व मनाया। इस दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर और दीप जलाकर धनतेरस का पर्व मनाया। स्कूल परिसर दीपों की रोशनी और रंगोली की छटा से जगमगा उठा। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दीप सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मदरसा हिदायतुल इस्लाम के प्रधानाचार्य मैनब हाशमी ने कहा कि धनतेरस का पर्व हमें प्रकाश, स्वच्छता और समृद्धि का संदेश देता है। बच्चों को बचपन से ही अपने त्योहारों, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना बहुत जरूरी है। किडजी प्री स्कूल बरैनी की प्रिंसिपल लक्ष्मी सेठ ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रंगोली बनाना और दीप जलाना बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। इस अवसर पर प्रज्ञा सिंह कोऑर्डिनेटर, मीनाक्षी, चाहत आंचल, कावेरी, निधि, रीति सेठ, स्वाति सिंह,खुशी सोनकर, दौलत फातिमा,दौलत फातमा, कलश सिंह, अनीशा बेगम आदि अध्यापक व स्टॉपगण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से चला स्वच्छता अभियान

चुनार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर के गंगा शाखा के स्वयं सेवकों ने शुक्रवार की सुबह स्वच्छता सेवा कार्य के अंतर्गत निषादराज पार्क के बालू घाट के सामने स्थित शिवमंदिर परिसर में स्वच्छता कार्य अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत पर्यावरण संयोजक कृष्णमोहन ने कहा कि स्वच्छता कार्य का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं बल्कि स्वच्छ ता को संस्कार, सामाजिक दायित्व नागरिक कर्तव्य और जन भागीदारी से जोड़ना भी है। अभियान में प्रांत पर्यावरण संयोजक कृष्णमोहन जी, नगर संघचालक गोविंद, जिला सह व्यवस्था प्रमुख आलोक, नगर प्रचारक अजय, सह नगर कार्यवाह धीरज, नगर संपर्क प्रमुख राकेश, नगर सेवा प्रमुख सत्येंद्र आदि मौजूद रहे।

# समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हो जनगणना का कार्य-डीएम

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना कार्य के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सम्पादन करने हेतु जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार व जनगणना निदेशालय द्वारा यह अपेक्षा की गई है। यह कार्य बहुत वृहद है अतएव सभी विभाग अपना-अपना सहयोग करें। स्वगणना के बारे में ट्रेनरों द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। अपर जिलाधिकारी वित्त द्वारा बताया गया कि स्वगणना 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक, समय सीमा एक दिसम्बर से 04 जनवरी 2027 तक, बेघर की गिनती 04 जनवरी 2027 रात्रि, संदर्भ तिथि 05 जनवरी 2027, पुनरीक्षण चरण 05 जनवरी 2027 से 09 जनवरी 2027 तक है। उन्होंने बताया कि नागरिक स्वंय भी पर जाकर कर 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 के मध्य कर सकते है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं अपने कार्यालय में कर्मचारियों की स्वगणना कराएं एवं कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों को इसके बारे में बताए एवं स्वगणना करवाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त विनोद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



निर्देश देते जिलाधिकारी। छाया:आज

# ब्रेक फेल होने से धान लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास गुरुवार की देर रात ब्रेक फेल होने से धान लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले से धान लादकर मीरजापुर जा रहा ट्रक जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचा तो ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक घाटी में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक कल्लन प्रसाद पाल निवासी गंगहरा थाना लालगंज घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने घायल चालक को ट्रक से बाहर निकलवाकर उपचार हेतु अस्पताल भेजा। पुलिस ने घाटी में बिखरी धान की बोरियों को किनारे करवाया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि धान लदा ट्रक ब्रेक फेल होने से बड़का मोड़ घुमान के पास पलट गया चालक को सामान्य चोटें आई हैं उपचार करवाया गया। हादसे के बाद घाटी में फैली धान की बोरियों को किनारे करवाया गया।



पलटी ट्रक। छाया:आज

# विंध्य गुरुकुल कालेज में मनाया गया धनतेरस एवं दीपावली उत्सव

चुनार। विंध्य गुरुकुल कॉलेज एवं विंध्य गुरुकुल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, गोसाईंपुर में शुक्रवार को धनतेरस के पावन अवसर पर दीपावली का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली, तोरण सजावट, दीपक सजावट, थाली सजावट तथा विभिन्न आकर्षक स्टॉलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता से आकर्षक रंगोलियां, सुसज्जित दीपक, सुंदर तोरण एवं पूजा की थालियां तैयार कीं। रंगोली प्रतियोगिता में बी.एससी. एग्रीकल्चर विभाग ने प्रथम, बीएससी, बीएड विभाग ने द्वितीय तथा बीफार्मा विभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया, जिससे उत्सव का उल्लास और बढ़ गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य उप प्राचार्य डॉ. आशीष मिश्रा एवं फार्मेसी विभाग की प्राचार्या डॉ. सुशीला गुप्ता उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग, आत्मविश्वास एवं भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## पर्यावरण, प्लास्टिक मुक्त विद्यालय के तहत किया जागरूक

सीखड़। आईटीसी हरित प्रोग्राम एवं मिशन लाइफ के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय रूदौली में एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता एवं एवं प्लास्टिक मुक्त विद्यालय के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रोग्राम मैनेजर विवेक कुमार शुक्ला एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में सिंगल यूजर प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंधन और गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पर्यावरण से संबंधित बच्चों में चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें जागरूक किया गया।

# विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति किया गया जागरूक

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिर्जापुर आनंद कुमार द्वितीय द्वारा डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संविधान सभा के योगदान, संविधान की प्रस्तावना तथा उसमें निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व जैसे मूलभूत आदर्शों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रस्तावना के प्रत्येक शब्द के महत्व को समझाते हुए बताया कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रत्येक नागरिक की गरिमा का आधार है।

## संक्षेप

### बारिश में क्षतिग्रस्त मार्ग की नहीं हुई मरम्मत, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हलिया। स्थानीय विकास खंड के हलिया ददरी मार्ग से निकला बसकुड़ियां एवं बधैता संपर्क मार्ग बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद भी संबंधित विभाग की ओर से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके चलते मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की बदहाल स्थिति से राहगीरों और वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के दौरान संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क पर गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को मार्ग से गुजरते समय काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। इस मार्ग से ग्रामीण प्रतिदिन अपने जरूरी कामकाज, बाजार और अन्य स्थानों पर आवागमन करते हैं। ग्रामीण रामपति, अमरेश, वकील, अमरजीत, रामजनक, रामकृपाल, छोटू, अभिमन्यु, ब्रह्मा, ओमप्रकाश, सीताराम बिंद, बुद्धिमान बिंद सहित ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बसकुड़ियां एवं बधैता संपर्क मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

### नव-निर्मित पुलिस सहायता बुथ का लोकार्पण

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रांतर्गत बड़ी बसही में नव-निर्मित पुलिस सहायता बुथ का विधि-विधान के साथ पूजा एवं फीता काटकर लोकार्पण किया गया। यह पुलिस बुथ थाना कोतवाली कटरा अतंर्गत पड़ने वाले नटवा पुलिस चौकी को विन्ध्याचल से जोड़ेगा, जिससे यातायात प्रबन्धन में सहायता प्राप्त होगी तथा विन्ध्याचल मंदिर दर्शन पुजन हेतु आने जाने वाले दर्शनार्थियों को सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराया जा सकता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कटरा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण व जन प्रतिनिधि व आमजन भी उपस्थित रहे।



उद्घाटन करती एसपी। छाया:आज

# दो दिवसीय मण्डल स्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का किया गया आयोजन

मीरजापुर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पंजीकृत बलिराजी सेवा संस्था द्वारा विकास भवन में दो दिवसीय दिनांक छह एवं सात नवम्बर को मण्डल स्तरीय दिव्यांगजन दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लगाये गये स्टालों का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही मेले में लगे सभी स्टालों का भ्रमण कर स्टाल पर लगे सामानों का अवलोकन कर बच्चों द्वारा बनाये गये उत्पादों को क्रय भी किया गया। साथ ही दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत पूर्व से चयनित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल का वितरण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कीर्ति कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, उपायुक्त, श्रम रोजगार, उपायुक्त, स्वतः रोजगार, एवं उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विन्ध्याचल मण्डल, एवं विकास भवन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वनविभाग की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरूक

ड्रमंडगंज। वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव के गंगहर जंगल में गुरुवार को भैंस चराने गए पशुपालक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल पशुपालक केवला शंकर उर्फ लड़ाका कोल का मंडलीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। शुक्रवार को वन दारोगा कुमार, कार्तिकेय, अखिलेश दुबे वनकर्मी रामसजीवन वर्मा टीम के साथ बबुरा रघुनाथ सिंह के सझिया बस्ती व किरका बस्ती में पहुंचे। वनदारोगा कुमार कार्तिकेय ने लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को जंगल की ओर नही जाने की अपील की। वन दारोगा ने वन्यजीवों के बस्ती में दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने के लिए निर्देशित किया।

## कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, दी बधाई

सीखड़। भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल की ओर से शुक्रवार को मगरहा स्थित बाढ़ राहत केंद्र पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल की अध्यक्षता में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला मंत्री शीतलेश्वर प्रसाद पाठक एवं पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री जय हिंद सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण से करेंगे।

## नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन ने मनाया भगवान धनवंतरि की जयंती

नरायनपुर। पुरुषोत्तमपुर स्थित महावीर लान के सभागार में भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) शाखा नारायनपुर चुनार मिर्ज़ापुर द्वारा जयंती समारोह मनाई गई। समारोह में सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि के प्रतिमा पर पूजन अर्चन करते हुए यज्ञ का कार्य आचार्य दिनेश आर्य ने संपन्न कराया। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ सी. बी. तिवारी ने तथा अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ. विवेकानंद और कोषाध्यक्ष डॉ आरसी केसरी ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ डीएन पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष एनस्थीसिया आई. एम. एस. बीएचयू रहे । मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि है। धनतेरस के शुभ मौके पर भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है। यह दीपावली सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की दृष्टिगत महोत्सव हर व्यक्ति मानता है।

## छह नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता गाँव के समीप बुधवार की रात्रि में वाहन की चपेट में आने से हिनौता गाँव निवासी अजय कुमार सिंह की मौत हो गई थी। इस संबंध में गुरुवार की रात्रि में मृतक के छोटे भाई बिक्रम सिंह के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर राजगढ़ पुलिस ने चुनार थाना क्षेत्र के छह नामजद लोगों के विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए छानबीन में जुट गई है।

# सनबीम में वार्षिकोत्सव उड़ान का भव्य शुभारंभ

नरायनपुर। सनबीम स्कूल नरायनपुर में वार्षिकोत्सव उड़ान-2026 द एंडलेस बुक का भव्य शुभारंभ अत्यंत उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञान, इतिहास, संस्कृति और रचनात्मकता को समर्पित इस आयोजन ने विद्यालय के विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को एक अनूठा मंच प्रदान किया। इस वर्ष की थीम द एंडलेस बुक के माध्यम से मानव सभ्यता के विकास से लेकर ज्ञान के स्वर्णिम अध्यायों तक की यात्रा को मंच पर जीवंत करने की परिकल्पना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस की असिस्टेंट डायरेक्टर प्रतिमा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि एसडीएम चुनार अनेग सिंह व सीओ चुनार गायत्री यादव उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या शुभ्रा मिश्रा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के निदेशक अभिषेक सिंह ने स्वागत उद्बोधन के साथ समारोह की विषयवस्तु एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल आर्केस्ट्रा सुर साधना के द्वारा शिव स्तुति से की गई। वार्षिकोत्सव की मुख्य प्रस्तुतियों को पाँच प्रमुख अध्यायों में विभाजित किया गया था। मानव जीवन की प्रारंभिक यात्रा, सभ्यताओं का उदय एवं विकास, ज्ञान, दर्शन और बौद्धिक चेतना का युग इतिहास और संस्कृति के स्वर्णिम अध्याय, सम्राट अशोक के जीवन एवं विचारों पर आधारित प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक अभिनव सिंह ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर

पत्रांकः- 4996/53काम-मी.वृत्त/2026-27 दिनांकः- 28.10.2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग श्रेणी में पंजीकृत कालम-11, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए प्रतिशत दर के आधार पर आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्र0सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जीएसटी प्रभार | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | | वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत (स्वीकृति के प्रत्याशा में) | | | | | | | | |
| 1 | सोनभद्र | बैना चौराहा से भदई बधान सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 37.86 | 3.79 | निविदा मूल्य 2720.00 (जीएसटी सहित) | 02 माह | निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0 सोनभद्र | मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर | मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर | A,B,C |
| 2 | | नगरटोला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 43.25 | 4.17 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 3 | | सुखड़ा सम्पर्क मार्ग से बघचढ़वा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 47.25 | 4.37 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 4 | | बंदहारा से बेनादह सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 45.20 | 4.26 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 5 | | बी0एस0 रोड (मकरा) से पाटी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 60.30 | 5.02 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 6 | | सिधहवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 51.00 | 4.55 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 7 | | पिपरडीह शेष भाग सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 67.75 | 5.39 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 8 | | ग्राम पंचायत मल्देवा से बराईडांड सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 54.20 | 4.71 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 9 | | एन0एच0 75ई0 से साउडीह सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 54.00 | 4.70 | | 02 माह | | | | A,B,C |
| 10 | | एन0एच0 75ई0 से बहेरडांड़ गगडेवा खोखा (अन्य जिला मार्ग) सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 61.10 | 5.06 | | 02 माह | | | | A,B,C |

3 कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 7 के अनुसार होगी।
4 निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी ।
5 निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
6 ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (टी0-2) आन लाईन दिनांक दिनांक-10.11.2026 से 25.11.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7 टेकिनकल क्वालिफिकेशन पार्ट दिनांक-25.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर में खोला जायेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक-25.11.2026 को अवकाश का दिन पड़ जाता है तो अगले कार्यालय कार्य दिवस में निर्धारित स्थल व समय पर खोला जायेगा।
8 यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
9 निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस0के0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
सोनभद्र

(देवेन्द कुमार सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.:- 260511
दिनांक:- 05.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# धनतेरसः खरीदारों की भीड़ से गुलजार हो उठे बाजार

**चंदौली।** धनतेरस का पर्व शुक्रवार को जनपद में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही बाजार में दुकानें सज गयी थी। धनतेरस के मद्देनजर खासकर बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण की दुकानों के साथ ही बाजार में गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की अस्थायी दुकानें सजी थी। शाम होते ही पूरा का पूरा बाजार खरीदारों की भीड़ से भर गया है। ऐसे में रंग-बिरंगे झालरों की रौशनी से बाजार देर रात तक जगमग रहा। महंगाई के बावजूद लोगों ने पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए बर्तन और अन्य जरूरी सामान की खरीद की। विदित हो कि धनतेरस पर्व पर लोग पुरानी मान्यता के अनुसार बर्तन के साथ ही सोने-चांदी के आभूषण की खरीदारी करते है। इसके अलावा शुभ मुहुर्त होने के कारण लोग मोटरसाइकिल व कार के साथ इलेक्ट्रानिक उपकरणों की खरीद करते है। उक्त त्यौहार को लेकर दुकानदार लम्बे समय से तैयारियां करते है। इस मौके पर अबकी बार ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों की ओर से तमाम तरह के लुभावने आफर के साथ ही खरीदारी पर छूट का प्रावधान भी किया गया है, ताकि लोग आनलाइन खरीदारी को छोड़कर सामानों की खरीद के लिए बाजार में आए। खासकर बर्तन व सोने-चांदी के आभूषण की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा मिट्टी के खिलौने व गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ ही रंग-बिरंगे झालरों की भी खरीदारी की। **चकिया प्रतिनिधिनुसार**- स्थानीय बाजारों में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सुबह से धनतेरस के लिए बाजार सज गए थे। दुकानदारों ने भी दुकानों का

### रंग-बिरंगे झालरों की रोशनी से जगमग हुआ जनपद

सामान अच्छी तरह से सजा रखा था। दुकान के भीतर से लगायत बाहर तक झालर सहित फूल माला गुब्बारों से सजे रहे। सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर तक तो बाजारों में जाम के हालात हो गए। सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन बाजार, इलेक्ट्रानिक और ज्वैलरी की दुकानों पर नजर आई। लोगों ने मोबाइल, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी आदि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की खरीदारी की। धनतेरस पर बर्तनों, सोने एवं चांदी के सिक्कों की खरीद विशेष तौर पर हुआ। बर्तन की दुकानों पर अपेक्षाकृत सबसे ज्यादा भीड़ रही। सोने के एक ग्राम से लेकर पांच ग्राम तक के सिक्कों की बिक्री हुई। चांदी के सिक्के भी खूब बिके। लोगों ने शगुन और जरूरत के हिसाब से सोने चांदी की खरीदारी की। इसके अलावा मिठाई की दुकानों से लेकर साज सज्जा के सामान की दुकानों पर भी दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। सिकंदरपुर, हेतिमपुर शिकारगंज के कस्बाई बाजारों में देर रात तक दुकानें खुली रहीं। ग्राहकों ने यहां भी जमकर खरीदारी की। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल अतुल प्रजापति पूरे दिन पुलिस टुकड़ी के साथ नगर समेत कस्बा बाजारों का भ्रमण करते नजर आए। **कमालपुर प्रतिनिधिनुसार**- शुक्रवार छः नवंबर ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पढ़ने वाली छोटी दीपावली,धनतेरस पर कस्बा की हर दुकान को व्यापारी खूबसूरत ढंग से सजा कर रखा था। सड़क किनारे अस्थायी रूप से लगाए गए माला, फूल, मिट्टी के बने लक्ष्मी, गणेश, कासा, पीतल, स्टील के बर्तन, रंग बिरंगे कृत्रिम व नेचुरल माला, फूल, मिट्टी के दिया, कलश, घंटी, खिलौने, फल आदि की दुकानों से कस्बा में चहल, पहल की रौनकता खूब देखने को मिली। बेचने वालों की होड़, खरीदारों की भीड़ सड़क पर चलने वाले वाहनों तथा आम लोगों की रफ्तार धीमी हो गई। छोटी दीपावली पर स्कूल, कालेज खुला होने से बंद के समय शाम को कस्बा में जाम का हुजूम उमड़ पड़ा। त्योहारों की खुशबू, स्कूली बच्चें भी दीपावली पर्व की खरीदारी में टूट पड़े। रंग बिरंगे देवी देवताओं के फोटो, रंग बिरंगे कृत्रिम व नेचुरल माला फूल तथा मिट्टी के बने लक्ष्मी, गणेश की प्रतिमा, मिठाई, चूड़ा, लाई, शक्कर से बनी घरिया आदि सामान को ग्राहक खरीदने खूब मस्त थे।



बर्तन की दुकान में खरीददारी करती महिलाएं। छायाः आज

# किड्स पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा जलवा

**सैयदराजा।** नगर पंचायत जीटी रोड स्थित सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दिवाली के पूर्व अवसर पर स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा रंगोली व दीप मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिस पर बच्चों ने बहुत ही खूबसूरत ढंग से अपनी कलाकृति को पेश किया वही इस अवसर पर बच्चों के द्वारा मनमोहक रंगोली ने सबको आकर्षित किया। वही बच्चो के प्रथम,द्वितीय,तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत चेयरमैन आभा जायसवाल व सुशील शर्मा ने मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए आगे बढाया रंगोली प्रतियोगिता में बच्चो ने फूल की रंगोली, मोर, भगवान कृष्ण, भगवान गणेश आदि थीम बच्चों ने अपनी रंगोली सजा रखी थी। रंगोली बच्चों ने सुंदर तो बनाई ही थी साथ ही जिस तरह से वे उसके बारे में लोगों को बता रहे थे, वो काफी अद्भुत रहा। छोटे छोटे रंग बिरंगे दिए जो बच्चों के द्वारा बनाए गए थे वो मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बने रहे। इस अवसर पर सुशील शर्मा ने कहा कि दीवाली का ये पर्व हर्षोल्लास का पर्व है। इस मौके पर बच्चों के द्वारा जो कार्यक्रम आज किया गया है वो समाज को एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया गया है। सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल बच्चों को उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए ऐसे आयोजनों को हमेशा से करता आ रहा है। चेयरमैन आभा जायसवाल ने बच्चों के प्रयास को सराहते हुए संबंधित जानकारी बच्चों को दी । इस दौरान प्रधानाचार्य आकाश शर्मा,किरण शर्मा, विजय, अमीय पाण्डेय, फेराज ,विशाल शर्मा, देवेन्द्र जालान, सिदार्थ , दिलीप अग्रहरि, अंकित जायसवाल, शानू मलिक,सुनील अग्रहरि, मोनू जायसवाल, राजू मद्धेशिया, नागरिक व शिक्षक सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।



### पुलिस ने चलाया आपरेशन क्लीन अभियान

**सैयदराजा ।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक चंदौली आकाश पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना सैयदराजा पुलिस ने 25 अभियोगों से संबंधित कुल 24,247 लीटर अवैध अंग्रेजी-देशी शराब एवं बीयर का विनष्टीकरण कराया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 94 लाख रुपये बताई गई है। अपर पुलिस अधीक्षक सदर विक्रम दहिया एवं क्षेत्राधिकारी सदर नामेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैयदराजा पुलिस ने माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर गुरुवार को गठित टीम की उपस्थिति में विधिवत विनष्टीकरण कराया। विनष्टीकरण की समस्त प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर मुकदमाती माल का निस्तारण कराया गया।

# जनपद के १२६७ विद्यालयों में शुरू हुआ सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रिशन का वितरण

**चंदौली।** माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने की दिशा में पी०एम० पोषण योजना के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई है। निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी 1267 आच्छादित विद्यालयों में सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रिशन के रूप में सूजी से निर्मित मीठा हलवा एवं उपमा (नमकीन हलवा) का वितरण माह नवंबर 2026 के प्रथम सप्ताह से सफलतापूर्वक प्रारंभ हो गया है। योजना के पहले सप्ताह के शुक्रवार को जनपद के समस्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को अत्यंत उत्साह के साथ गरमा-गरम और स्वादिष्ट हलवा परोसा गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष पोषण अभियान माह नवंबर 2026 से लगातार 14 सप्ताह तक (माह फरवरी 2027 के तृतीय सप्ताह तक) संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों को विविधता और स्वाद देने के साथ-साथ उनके संपूर्ण पोषण का ध्यान रखा गया है। प्रथम एवं तृतीय सप्ताहः बच्चों को पौष्टिक सूजी का मीठा हलवा वितरित किया जाएगा। द्वितीय, चतुर्थ एवं पंचम सप्ताहरू बच्चों को सूजी का उपमा ;नमकीन हलवाद्ध परोसा जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि योजना के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए कार्यालय के पत्रांक 14 अक्टूबर एवं 30 अक्टूबर के माध्यम से समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने विकास खंड के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा यह पहल न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और शारीरिक विकास में मददगार साबित होगी, बल्कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और रुचि को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अधर में लटके पीएचसी का होगा जल्द निर्माण

**चहनियां।** चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अर्धनिर्मित पड़ा सामुदायिक भवन का अब जल्द निर्माण होगा। याचिका समिति द्वारा कड़े निर्देश के बाद दीपावली के बाद कार्य शुरू होगा । शुक्रवार को विधायक के साथ प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अधिकारीयों ने निरीक्षण कर चर्चा किया। चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वित्तीय वर्ष 2009-10 में उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो बना दिया गया था किन्तु भवन का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया । इस 50 बेड का अस्पताल को 16 वर्षों से लोगो को इंतजार है । एसआईटी जांच के कारण लंबे समय से निर्माण कार्य ठप्प पड़ा है । इस समस्या को विधायक ने 2022 में विधानसभा याचिका समिति में प्रमुखता से उठाया था ।

### प्रवाह इंटरनेशनल विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**सैयदराजा।** क्षेत्र के धारूपुर स्थित ज्ञान प्रवाह इंटरनेशनल विद्यालय में दीपावली के पूर्व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की रंगोली सजाई और तरह-तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत कर जलवा बिखेरा। उपस्थित अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभावान छात्रों को शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए संस्थापक कौशल तिवारी ने कहा कि दीपावली असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। लोग घरों की साफ-सफाई कर दीप प्रज्ज्वलित कर खुशियां मनाते हैं। ऐसे आयोजन से छात्रों का रचनात्मक एवं मानसिक विकास होता है। ज्ञान प्रवाह इन्टरनेशनल विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम कराए जाते हैं।

### नौसेना से सेवानिवृत्त के बाद बने पुलिस उपनिरीक्षक

**सकलडीहा ।** कहते हैं कि सफलता पाने की कोई उम्र नहीं होती, जरूरत होती है तो केवल दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और आत्मविश्वास की। इस कहावत को चरितार्थ किया है चंदौली जनपद के सकलडीहा तहसील अंतर्गत ग्राम नोनार, पोस्ट तुलसी आश्रम निवासी रविकांत कुशवाहा पुत्र स्व० रामचंद्र कुशवाहा ने रविकांत का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एसआई) के पद पर हुआ है। शुक्रवार को उन्हें मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र में चर्चा और प्रेरणा का विषय बनी हुई है। रविकांत मात्र 17 वर्ष 6 माह की उम्र में भारतीय नौसेना में भर्ती हुए थे। देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होने पर भी उन्होंने अपने भीतर के विद्यार्थी को जीवित रखा। घर एवं परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी उन्होंने बीएड तथा राजनीति विज्ञान में परास्नातक की पढ़ाई पूरी की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी लगातार जारी रखी।

# मां खंडवारी पीजी कालेज ने जीता अथलेटिक्स में ओवरआल चैंपियनशिप

चहनियां। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026-27 वाराणसी स्थित जीएनएम कॉलेज फॉर एडवांस्ड स्टडीज एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में मां खंडवारी पीजी कॉलेज, चहानिया की एथलेटिक्स टीम ने पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 110 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। चैंपियन बच्चियों को प्रबंध निदेशक डॉ आशुतोष कुमार सिंह कैलाशी और निदेशक अवनीश कुमार सिंह ने शील्ड देकर सम्मानित किया। कॉलेज के खिलाड़ियों ने दौड़ए कूद, फेंक और रेस वॉकिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर टीम को चैंपियन बनाया। प्रशांत यादव ने 100 मीटर और 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सानिया ने भी 100 मीटर एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान हासिल किया। विदुषी सिंह ने इन्हीं स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान पाया।

फील्ड इवेंट्स में भी कॉलेज का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विशेष तिवारी ने जैवलिन थ्रो में प्रथम, आदेश यादव तृतीय तथा रानी यादव ने भी जैवलिन थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रवि भास्कर ने गोला थ्रो में प्रथम और अभिषेक सिंह ने द्वितीय स्थान जीता। शक्ति यादव ने हैमर थ्रो में प्रथम स्थान, जबकि विष्णु पांडे ने डिस्कस थ्रो में प्रथम तथा ओम प्रकाश यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

# एसआरबीएस के 'स्पंदन-११' में दिखा प्रतिभा,संस्कृति, उपलब्धियों का संगम

चकिया। सिकंदरपुर स्थित एसआरबीएस संस्थान का वार्षिकोत्सव 'स्पंदन-11' शुक्रवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाए कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल मुख्य अतिथि तथा मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस दौरान संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर छत्रबली सिंह, असिस्टेंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्याम जी सिंह सहित संस्थान के ट्रस्टीगण, विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्य, सीबीएसई विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य, सचिव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए चेक, स्मृति-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर ही जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। महान कलाकार धर्मेंद्र और स्वर कोकिला आशा भोसले की स्मृति में प्रस्तुत गीतों ने लोगों को भावुक कर दिया। वहीं, राष्ट्रीय, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की मनमोहक झलक पेश की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव भूषण सिन्हा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और सांस्कृतिक आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (अल्पकालीन निविदा)
निविदा सूचना

1. महाधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिष्ठा दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03.11.2026 समय 10:00 बजे से दिनांक 30.11.2026 समय 12:00 बजे तक ऑनलाईन आमन्त्रित की जा सकती है तथा दिनांक 30.11.2026 को अपराह्न 12:30 बजे तकनीकी बिड ऑनलाईन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग के सुलभ 'ए, बी, सी एवं डी' वर्गों श्रेणी के वर्गीकृत ठेकेदार ही निविदा डाल सकेंगे। निविदा से सम्बन्धित सामान्य जानकारी हेतु निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2. कार्यों का विवरण

| क्रम | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि (लाख में) | जमानत धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का शुल्क (रु० में) | कार्य की पूर्ण करने की अवधि | धरोहर जमानत (बयाना धनराशि) | सुरक्षित जमानत (सुरक्षा धनराशि) | ऐसे प्रपत्र की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | विभिन्न मार्गों पर उपलब्धता के आधार पर निर्धारित की जायेगी। | | | | | | | |
| 1 | बलिया | एनएच से नेदहरा को जोड़ने वाला 2 किमी (लगभग का कार्य)। | 27.00 | 2.70 | 945.00 | 2 माह | अधिकतम अनुमोदित निविदा धनराशि का 10 प्रतिशत | अनुमोदित अधिकतम निविदा धनराशि का 10 प्रतिशत | शून्य अनुमोदित अधिकतम धनराशि का 10 प्रतिशत | 1 से 10 तक |
| 2 | बलिया | सोहाव से सरयूपार तक पुल के पहुँच मार्ग का कार्य। | 21.00 | 2.10 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 3 | बलिया | सरयूपार सीमा से राजमार्ग के पास होते हुए चरौवा मार्ग से विशेष मरम्मत का कार्य। | 25.50 | 2.55 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 4 | बलिया | बापदेवरा सोनवानी मार्ग से रसड़ा तक का 3 किमु मधुबन पहुंच मार्ग का अभिषेक मरम्मत का कार्य। | 22.50 | 2.25 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 5 | बलिया | अगौना बाजार से रामगढ़ी तिराहे के पहले तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.50 | 1.85 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 6 | बलिया | सिंहनियांव खलड़ीपुर से सिवहटाखास होते हुए दुलारगंज तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 27.00 | 2.70 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 7 | बलिया | भगौती से नगवासाल दुबिलन के पास से जोगियाडर से लौका मार्ग को 4 किमी तक के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.00 | 1.30 | 945.00 | 1 माह | समान | समान | समान | समान |
| 8 | बलिया | दुलहीपुर सीमाना से गड़हपुरा मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 13.50 | 1.35 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 9 | बलिया | पुरैनीखास सलखड़े मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.00 | 1.70 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |
| 10 | बलिया | रसड़ापुर खास सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 10.50 | 1.05 | 945.00 | 2 माह | समान | समान | समान | समान |

3. उपरोक्त निविदा का शुल्क ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender Online Account Interest Banking के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा।
4. उपरोक्त निविदा का निर्धारित धनराशि ई-टेण्डर पोर्टल पर UP e-tender service /Account Interest Banking के माध्यम से चेक करना अनिवार्य होगा।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रवाही एल्गोरिथम के माध्यम से किया जायेगा है, जिसकी निविदा अनुसूची बिंब अनुसूचित के साथ निम्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। यदि कोई भी फर्म पाई जाती है तो उस निविदा पर कार्यवाही नहीं किया जायेगा।
6. सामान्य शर्तः-1/2026-2027/16-E-2026/42(अधि0अ0)/2027(2) दिनांक-01.07.2026 के निर्देश अनुसार उक्त निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के तत्पश्चात निविदादाता द्वारा पूर्व अनिवेदक उल्लिखित कार्य से सिमान/व्यवसाय से सम्बन्ध किये जाने है। निविदादाता द्वारा पूर्व अनिवेदक उपलब्ध न किये जाने की दशा में कार्यादेश में निहित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
नोट – निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

जा.सं.—260502 अधिशासी अभियन्ता
दिनांकः 05.11.2026 निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., बलिया
वेबसाईट:— www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# जाम रोकने के लिए सड़क पर उतरे सकलडीहा कोतवाल

**सकलडीहा।** धनतेरस के पावन पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ और संभावित जाम की समस्या से निपटने के लिए सकलडीहा थाना अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। त्योहारी सीजन में आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए थाना अध्यक्ष ने खुद सड़कों पर उतरकर यातायात की कमान अपने हाथों में संभाल ली। धनतेरस के मौके पर सकलडीहा के मुख्य बाजारों और चौराहों पर खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस दौरान वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसे लेकर भूपेंद्र कुमार बेहद गंभीर दिखे। उन्होंने न केवल खुद मोर्चा संभाला, बल्कि अपने मातहत पुलिस कर्मियों और कर्मचारियों को भी सख्त निर्देश दिए कि बाजार में कहीं भी अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने पाए और वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे। थाना अध्यक्ष के इस सक्रिय और फील्ड में उतरकर काम करने के अंदाज से दुकानदारों और खरीदारी करने आए आम नागरिकों ने राहत की सांस ली है। पुलिस की इस मुस्तैदी से धनतेरस का यह पावन पर्व बिना किसी व्यवधान और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# अमर बलिदानियों की शहादत को नमन करना गर्व का विषय-सुनील

**चहनियां।** दीपावली होली जैसे पर्व पर देश की आन बान शान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करने में अपने प्राणों की आहुति देने वालों अमर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें नमन करना हम भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। उक्त बातें जय हिन्द सेवा संस्था द्वारा गुरुवार की देर शाम मारूफपुर में आयोजित एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम में मऊ जिले में कार्यरत एसडीएम सुनील कुमार भारती ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर अमर बलिदानियों के परिजनों से मिलकर अपनापन का एहसास दिलाना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ योगेंद्र नाथ ओझा उर्फ़ राजू ने कहा कि हम भारतीय अपने देश के सैनिकों की बीर गाथा को सुनकर गौरवांवित होते है और अपने को सुरक्षित समझते है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में लोकगीत बिरहा गायक बालचरण यादव द्वारा सरस्वती बन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तो प्राथमिक विद्यालय नदेसर मारूफपुर के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम आयोजक जयहिंद सेवा संस्था के अध्यक्ष अरविन्द यादव व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वागत भाषण के उपरांत कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक बलुआ संतोष सिंह, धनंजय सिंह, विवेक कैलाश नाथ यादव, आनन्द मिश्रा, अंजनी सिंह, शायरा बानो, रामकृपाल सिंह, गोपाल यादव, सीताराम, प्रवीण सिंह, सूबेदार यादव, शैलेन्द्र मिश्रा मंटू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। संचालन दुर्गेश पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष अरविन्द यादव ने किया।



### सड़क हादसे में दो की मौत

**सैयदराजा ।** थाना क्षेत्र के बगहीं-कुभ्भापुर के समीप गुरुवार की देर रात करीब 11 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। टायर लदे कंटेनर ने आगे बिहार की ओर जा रही ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कंटेनर चालक वाहन में फंस गया। दुर्घटना के बाद कन्टेनर में फंसे चालक को निकालने के लिए आसपास के काफी लोग पहुंचे। उसी दौरान बिहार की तरफ जा रही एक ट्रेलर ने बचाव में लगे लोगों को कुचलते हुए निकल गई। इससे 2 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान खजुरा, थाना दुर्गावती निवासी तबरेज आलम और नौबतपुर, थाना सैयदराजा निवासी सरोज सेठ के रूप में हुई है। दोनों कंटेनर में फंसे चालक को निकालने के चक्कर में ट्रेलर की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची । एन०एच०ए०आई० और पुलिस टीम ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अवैध खनन से गंगा किनारे गांव में बढ़ा खतरा

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में पुलिस की मिली भगत से जमकर अवैध खनन का कार्य हो रहा है । गांव के ही कुछ लोग निजी ट्रैक्टर से ढुलाई कर गांव का अस्तित्व खतरे में डाल रहे है । गांव के जवाहर लाल ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय, उपजिलाधिकारी और खनन अधिकारी को पत्रक देकर कटान का असर से होने वाले गांव में खतरे के बारे में बताया । जमालपुर में गंगा किनारे रात्रि में पुलिस की मिली भगत से जमकर अवैध खनन का कार्य जमकर चल रहा है । गंगा किनारे खेतों में 10 से 12 फीट तक खनन कार्य हो रहा है । एक तरफ कटान का दंश झेल ही रहे है तो दूसरी तरफ गंगा किनारे खेतों से अवैध रूप से ढुलाई से गांव पर भी खतरा मंडरा रहा है । राजस्व विभाग का भी नुकसान हो रहा है । गांव के जवाहर लाल ने जिलाधिकारी , उपजिलाधिकारी सकलडीहा और खनन अधिकारी को पत्रक देते हुए बताया कि गांव के कुछ लोग रात्रि में अवैध खनन का कार्य तेजी से कर रहे है । जिससे पूरे गांव का अस्तित्व खतरे में है । गंगा किनारे 10 से 12 फीट तक अवैध खनन से तेजी से बाढ़ का पानी घुसेगा । यह भी आरोप लगाया कि मैं रोकने का प्रयास किया किन्तु। वे झगड़ा पर उतारू हो जा रहे है । इसकी शिकायत मैने मारुफपुर चौकी में एक दीवान से किया और दीवान द्वारा कार्यवाही करने पर उसका स्थानांतरण महुअर पुलिस चौकी पर कर दिया गया । जिलाधिकारी से मांग है कि उचित कार्यवाही करने की कृपा करे ताकि गांव का अस्तित्व बच जाए ।



# प्रतिभा खोज परीक्षा में विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**चकिया।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चकिया में शुक्रवार को आयोजित विकासखंड स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय करवदिया और पचवनिया के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा की देखरेख में आयोजित परीक्षा में विकासखंड के 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के दो-दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा के समापन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम जिले को प्रेषित कर दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय परीक्षा में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। घोषित परिणाम के अनुसार कंपोजिट विद्यालय करवदिया के अरुण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंपोजिट विद्यालय पचवनिया की श्रेया चौहान दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं करवदिया के करण शर्मा और यूपीएस चकिया के निहाल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा के बाद बीईओ ओमप्रकाश मिश्रा ने कई विद्यालयों का निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, मध्याह्न भोजन और कायाकल्प के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय गौरी और कंपोजिट विद्यालय बलिया सहित अन्य विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को व्हाइट बोर्ड पर पढ़ाकर शिक्षण कार्य को परखा। इस अवसर पर एआरपी चौधरी अजीत सिंह, संदीप कुमार मौर्य, कविंद्र गौतम, प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह, अजीत मौर्य, वीरेंद्र दत्त, अनिल कुमार पटेल, सोमनाथ मौर्य, वंदना खरवार, रामजन्म प्रजापति सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# धनतेरस पर बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

### आभूषणों से लेकर इलेक्ट्रानिक्स तक जमकर हुई खरीदारी, लोगों की रही भीड़

बलिया। धनतेरस पर जिले के बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बाजार सजकर तैयार हैं। शुक्रवार को धनतेरस पर सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन बाजार में सबसे अधिक रौनक रही। धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी अच्छी खरीदारी हुई। टीवी, फ्रिज और अन्य घरेलू उपकरणों की खरीदारी के लिए ग्राहक शोरूम पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में नई तकनीक वाले उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। स्मार्ट टीवी में वॉयस कमांड और इंटरनेट सर्च जैसी सुविधाएं ग्राहकों को लुभा रही हैं। वहीं, आधुनिक सुविधाओं से



लैस फ्रिज भी लोगों की पसंद बन रहे हैं। धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी की परंपरा को लेकर बाजार में खास उत्साह है। छोटे और मध्यम वर्ग के परिवारों में बर्तन खरीदने को लेकर अधिक रुझान देखा जा रहा है। इस बार पीतल और तांबे के बर्तनों की मांग बढ़ी है। पूजा-पाठ के लिए लोग इन धातुओं के बर्तनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके अलावा स्टील की थाली, प्रेशर कुकर, लंच बॉक्स, कटोरी, गिलास और डिब्बों की भी अच्छी मांग है। बर्तन कारोबारियों को धनतेरस पर 15 से 20 करोड़ रुपये के



कारोबार की उम्मीद है।

### सोने-चांदी के भाव में उछाल, फिर भी सराफा बाजार में उत्साह

सोने और चांदी की कीमतों में तेजी के बावजूद आभूषण बाजार में उत्साह बना हुआ है। बीते तीन दिनों में सोने की कीमत में प्रति 10 ग्राम करीब आठ हजार रुपये और चांदी के भाव में प्रति किलोग्राम लगभग 14 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद धनतेरस पर चांदी के सिक्कों, मूर्तियों और आकर्षक कलाकृतियों की खरीदारी को लेकर कारोबारी आशान्वित हैं। नगर के कासिम बाजार स्थित ऐश्प्रा जेम्स एवं ज्वेलरी, एनसीसी तिराहा स्थित डीपी ज्वेलर्स, चौक स्टेशन रोड स्थित डीपी ज्वेलर्स, आर्य समाज रोड स्थित स्वर्ण कला केन्द्र पर डिजाइनदार आभूषणों की खूब बिक्री हुई।

### झाड़ू की दुकानों से गुलजार हुई सड़कें

धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा के चलते इसका बाजार भी सज गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सड़कों के किनारे झाड़ू की दुकानें लग गई हैं। मान्यता के अनुसार, धनतेरस पर नई झाड़ू खरीदना शुभ होता है। दुकानदार कन्हैया कुमार ने बताया कि छोटी फूल झाड़ू की कीमत 50 रुपये से शुरू होकर बड़ी झाड़ू की कीमत 150 रुपये तक है। ग्राहकों की मांग को देखते हुए दुकानदारों ने पर्याप्त स्टॉक जुटाया है।

## डीएम की अपील, सौहार्द के साथ मनाएं दीपावली

बलिया। धनतेरस और दीपावली के पावन पर्व पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को स्वच्छता, आपसी



सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और रोशनी का पर्व है। इसकी वास्तविक खुशी तभी सार्थक होगी, जब समाज के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान हो और कोई भी व्यक्ति त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाज के गरीब, कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोग अपने घरों की सफाई के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों और सड़कों की स्वच्छता का भी ध्यान रखें।

## जरूरतमंदों के साथ बांटें त्योहार की खुशियां-एसपी

बलिया। पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा ने दीपावली पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से कम प्रदूषण फैलाने वाले साधनों के साथ दीपावली मनाने की बात कही। साथ ही आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतने और बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। एसपी ने सभी को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई देते हुए कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए।



## मुठभेड़ के बाद पांच अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार, दो को लगी गोली

### लखनेश्वरडीह मंदिर से चोरी चांदी का नाग और छतरी बरामद, गाजीपुर के मंदिर से चुराये गये मुकुट की गलाई चांदी भी मिली

बलिया। रसड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पुलिस और मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पांचों आरोपियों के कब्जे से मंदिरों से चोरी किए गए चांदी के आभूषण, दो अवैध तमंचे, कारतूस और चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, छह नवंबर की रात करीब 12:50 बजे लखनेश्वरडीह मंदिर से आमघाट जाने वाले मार्ग पर रसड़ा पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार सवारों को रुकने का इशारा किया तो चालक ने वाहन रोकने के बजाय भागने का प्रयास किया। पीछा किए जाने पर कार सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जिशान आलम (42) और चंद्रशेखर कुमार (38) के पैर में गोली लग गई। दोनों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथियों के साथ 30 अक्तूबर की रात लखनेश्वरडीह मंदिर के पुजारी को बंधक बनाकर चांदी का नाग और छतरी चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने 11 अक्तूबर को गाजीपुर के कासिमाबाद थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पाली के पंच मंदिर से राधा-कृष्ण की मूर्ति का मुकुट चोरी करने की बात भी बताई। पुलिस ने लखनेश्वरडीह मंदिर से चोरी की गई करीब 1.50 किलोग्राम वजन की चांदी की छतरी और 1.80 किलोग्राम का नाग, कुल 3.30 किलोग्राम चांदी बरामद की है। इसके अलावा गाजीपुर के मंदिर से चोरी किए गए मुकुट को गलाकर तैयार की गई करीब 300 ग्राम चांदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में जिशान आलम, चंद्रशेखर कुमार, सूरज पासवान, चंद्रशेखर कुमार (पुत्र जगत सिंह) और बाला लखन्दर कुमार शामिल हैं। इनके कब्जे से दो .315 बोर के तमंचे, दो खोखा और दो जिंदा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार, लोहे की रॉड, प्लास, पेचकस और टेप बरामद हुआ है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## पेंशन धारकों की समस्याओं पर डीएम सख्त, पात्रों को पेंशन दिलाने की पहल

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनपद के सभी पेंशन धारकों, पेंशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लाभार्थियों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिन पेंशन धारकों की पेंशन किसी कारणवश रुकी हुई है अथवा तकनीकी त्रुटि के चलते उन्हें सरकारी अभिलेखों में मृत दर्शा दिया गया है, वे संबंधित कार्यालय में पहुंचकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र लाभार्थी पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित विभाग को पेंशन धारकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक समय से पेंशन पहुंचाने के मामले में बलिया जनपद ने प्रदेश के 75 जिलों के मूल्यांकन में छठवां स्थान हासिल किया है। यह जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब प्रशासन का लक्ष्य बलिया को प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचाना है। विभागीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं में आधार कार्ड से संबंधित त्रुटियां, परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध न होना, बैंक खाता निष्क्रिय होना तथा अभिलेखों में लाभार्थी को मृत दर्शाया जाना प्रमुख हैं। इन समस्याओं के चलते कई पात्र पेंशन धारकों को समय से पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिलाधिकारी ने ऐसे सभी पेंशन धारकों से अपील की है कि वे अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार रजिस्टर की नकल और अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ संबंधित विभागीय कार्यालय पहुंचें। वहां अपनी समस्या दर्ज कराकर उसका निस्तारण कराएं, ताकि उनकी रुकी हुई पेंशन दोबारा शुरू हो सके। जिला प्रशासन और संबंधित विभाग का प्रयास है कि

## कटान पीड़ितों ने निकाला तीन किलोमीटर लंबा जुलूस, किया प्रदर्शन



बैरिया (बलिया)। सरयू नदी के भीषण कटान से त्रस्त सुरेमनपुर दियरांचल के आधा दर्जन गांवों के हजारों कटान पीड़ितों ने गुरुवार को दियरांचल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने करीब तीन किलोमीटर लंबा जुलूस निकालकर बैरिया तहसील पहुंचकर धरना दिया। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार कृपाशंकर को सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरयू नदी के लगातार बढ़ते कटान से सुरेमनपुर दियरांचल के वशिष्ठ नगर, धूपनाथ के डेरा, गोपाल नगर, मानगढ़, गोपाल नगर टांड़ी और शिवाल मठिया सहित कई गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। अब तक गोपाल नगर टांड़ी और शिवाल मठिया के सैकड़ों मकान नदी में समा चुके हैं। वहीं धूपनाथ के डेरा,वशिष्ठ नगर और गोपाल नगर में भी कटान की जद में आए परिवार अपने आशियाने उजड़ने की आशंका से भयभीत हैं। ग्रामीण गांवों से जुलूस की शक्ल में करीब सात किलोमीटर पैदल चलकर तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल प्रभावी और बड़ी कटान निरोधक परियोजनाएं स्वीकृत नहीं की गईं तो सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने दियरांचल को बचाने के लिए बड़ी कटान निरोधक परियोजना स्वीकृत करने के साथ रिंग बांध का निर्माण कराने की मांग की। चंद्रशेखर यादव, तेतरी देवी, राजकुमार यादव, परमात्मा गोंड, किरण देवी, राजकिशोर सिंह, प्रदीप यादव, सुनील यादव, राज प्रताप यादव, विनायक मौर्य

## त्योहारों से पहले पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

बलिया। आगामी त्योहारों, संवेदनशील अवसरों और चुनाव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में बलिया पुलिस की ओर से बलवा ड्रिल (दंगा नियंत्रण अभ्यास) किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में पुलिस और फायर सर्विस के जवानों ने आपात परिस्थितियों से निपटने का पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइंस मंजरी राव समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण की मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) की जानकारी दी गई। साथ ही एंटी राइट गन, 12 बोर पंप एक्शन गन, टियर गैस गन, आंसू गैस के गोले और बॉडी प्रोटेक्टर के इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में पुलिसकर्मियों की अलग-अलग टोलियां बनाई गईं। एक टोली ने प्रदर्शनकारी और उपद्रवी भीड़ का रूप लिया, जबकि दूसरी टोली ने कम से कम बल प्रयोग कर भीड़ को नियंत्रित करने, आंसू गैस के गोले दागने और कानून-व्यवस्था बहाल करने का सजीव अभ्यास किया। इसके अलावा लाठीचार्ज, सुरक्षा फॉर्मेशन, नियंत्रित फायरिंग और वाटर कैनन के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ड्यूटी के दौरान हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए।

## ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

रसड़ा (बलिया)। बलिया रेलखंड के मंदा रेलवे क्रासिंग के समीप शुक्रवार की सुबह ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन के सामने लेटकर युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक की शिनाख्त रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नवापुरा गांव निवासी मंजीत कुमार भारती 38 वर्ष पुत्र मुन्ना राम के रूप में की गई है। ग्रामीणों की मानें तो वह मंदा गांव स्थित अपनी बहन के यहां गया हुआ था। वहां से लौटने के बाद बलिया से रसड़ा आ रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन के सामने रेल पटरी पर सो गया और ट्रेन ने उसकी गर्दन को काटते हुए आगे निकल गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक किन परिस्थितियों में आत्महत्या किया इसकी जांच आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस ने शुरू कर दी है।

## जया किशोरी की कथा में सात दिन तक चला नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

बलिया। बलिया सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महोत्सव 2026 के तहत ग्राम छोड़हर, गजियापुर में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका जया किशोरी के श्रीमुख से



आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सार्थक सहयोग फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। 28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक चले शिविर में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का उद्देश्य धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के साथ आसपास के गांवों के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना था। आयोजन के मुख्य संरक्षक प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे। कार्यक्रम की आयोजक संस्था जीवन प्रदाता फाउंडेशन रही, जबकि स्वास्थ्य शिविर का संचालन सार्थक सहयोग फाउंडेशन ने किया। शिविर में डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. अंकित चौबे, डॉ. सिद्धार्थ मणि दुबे और डॉ. शशांक मिश्रा सहित अन्य चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों ने सेवाएं दीं। सार्थक सहयोग फाउंडेशन के निदेशक शशांक चतुर्वेदी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य शिविर लगाना नहीं, बल्कि दूरी और अन्य कारणों से जिला अस्पताल तक नहीं पहुंच पाने वाले जरूरतमंद लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## बाइक की टक्कर से छह वर्षीय बालक की मौत

बैरिया (बलिया)। बैरिया थाना क्षेत्र के दया छपरा गांव के सामने निर्माणाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार की शाम बाइक की टक्कर से छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार चारों युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। दया छपरा गांव निवासी शिवजी राम का छह वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ गांव के सामने निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान बलिया की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। परिजन उसे सीएचसी सोनबरसा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बैरिया पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। एसएचओ बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बाइक को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

नगरा (बलिया)। नगरा सिकंदरपुर मार्ग के सचितापुरमोड काली मंदिर के समीप गुरुवार की देर सायं सड़क पार कर रहा अधेड़ बाइक से टकरा गया जिससे बाइक सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन बाइक सवार की अस्पताल जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। नरही गांव के मझौवा निवासी 55 वर्षीय रमाकांत यादव नरही चट्टी से अपने घर पैदल ही जा रहे थे। इसी बीच सिकंदरपुर के तरफ से आ रही बाइक सवार सिकन्दरपुर के कोथ निवासी राजन रंगदारी की टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे रमाकांत के परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए मऊ निजी अस्पताल लेकर चले गए। वहीं बाइक सवार को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

## सड़क हादसे में बिहार के युवक की मौत

खेजुरी (बलिया)। बलिया-सिकंदरपुर मार्ग पर खेजुरी थाना क्षेत्र के जनुवान स्थित शहीद बाबा मजार के समीप शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में बिहार निवासी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक को सीएचसी खेजुरी भेजवाया जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ खेजुरी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि बिहार के सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुर निवासी विशाल कुमार (26) पुत्र उदय कुमार प्रसाद शुक्रवार सुबह बलिया की ओर जा रहा था। जनुवान के पास वह आगे चल रहे मैजिक वाहन को ओवरटेक करने लगा। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई जिससे विशाल की मौत हो गई।

## एक ही रात दो घरों में लाखों की चोरी

भीमपुरा (बलिया)। नगरा थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक ही रात दो घरों को निशाना बनाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर खिड़की के रास्ते घरों में दाखिल हुए और सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित परिवार के महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवारों में हड़कंप मच गया। एक ही रात दो घरों में चोरी की घटना सामने आने से ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक–4780/निविदा (प्रा0ख0मऊ)–बलिया वृत्त/2026 दिनांक– 02.11.2026

### ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी.सी' मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्रम सं0–4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरणः–

| क्र स | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विशेष मरम्मत के कार्य (स्वीकृति की प्रत्याशा में) (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | मऊ | करमी देवखरी सिरसा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (लम्बाई 1.420 कि.मी.) | 43.86 | 4.20 | Tender Cost+stationery charge+ gst Rs.2590.00 | 2 Month | PD-PWD Mau | BalliaCircle P.W.D. Ballia. | C. E. AZM Zone P.W.D. Azmgarh | ए.बी.सी |
| 2 | मऊ | करहां रानीपुर का शेष भाग के विशेष मरम्मत के कार्य (लम्बाई 3.800कि.मी.) | 75.00 | 5.75 | Tender Cost+stationery charge+ gst Rs.2590.00 | 2 Month | PD-PWD Mau | BalliaCircle P.W.D. Ballia. | C. E. AZM Zone P.W.D. Azmgarh | ए.बी.सी |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–12.11..2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक–19.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि–19.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–19.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0–1/2018–3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक–03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट–निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(सुदामा प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.–260474, दिनांक–05.11.2026

वेबसाइटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक– 5529/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/2026–27 दिनांक– 31/10/2026

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में "ए", "बी" एवं "सी" श्रेणी में मार्ग कार्य में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑन–लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा–4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण अर्हता रखता है।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि रू0 लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अधिशासी अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता | अर्ह ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 8 | 10 |
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कार्य | | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | भैसहों रामपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य | 63.00 | 5.15 | 2 माह | 2714.00 | निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0 जौनपुर | वा0क्षे0, लो0नि0 वि0 वाराणसी | A,B,C |
| 2 | जौनपुर | रामपुर कठवतियां रोड से बासुपुर जामडीह नूरपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य | 46.00 | 4.30 | 2 माह | 2714.00 | निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0 जौनपुर | वा0क्षे0, लो0नि0 वि0 वाराणसी | A,B,C |
| 3 | जौनपुर | चौकीकलाँ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (300मी0 लम्बाई में सी0सी0 का कार्य) | 53.00 | 4.65 | 2 माह | 2714.00 | निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0 जौनपुर | वा0क्षे0, लो0नि0 वि0 वाराणसी | A,B,C |

- इस वर्ष बाढ़ एवं अतिवृष्टि के कारण मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो गये हैं, जिनकी तत्काल मरम्मत कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक–12.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–18.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक–18.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जाएगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेब साईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो वेब साईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.11.2026 को 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जाएगा।

(विशाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.–260454, दिनांक–05.11.2026

वेबसाइटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक –5442/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26–27 दिनांकः– 28/10/2026

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)
### राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत श्रेणी "ए" के फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक–13.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–21.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–21.11.2026 अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–21.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | रामपुर बाजार से पाल्हनपुर सुरेरी कोचारी हीरापुर घाट तक मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | 1953.92 | 30.00 | 12 माह | 5590.00 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर | जौ0–गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–16/2020/ए–1–10शा0स0/दस–2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0–9/4/2020–पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या–3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।

(विशाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.–260476, दिनांक–05.11.2026

वेबसाइटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो०नि०वि०, जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक –5441/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26–27 दिनांकः– 28/10/2026

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)
### राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत श्रेणी "ए" के फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक–13.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक–21.11.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक–21.11.2026 अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि–पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक–21.11.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | सुजानगंज मड़ियाहूँ केराकत सुल्तानपुर मार्ग (एस0एच0 151) के किमी0 30.00 से 44.00 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) | 4672.34 | 70.09 | 14 माह | 5590.00 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर | जौ0–गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी |

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–16/2020/ए–1–10शा0स0/दस–2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0–9/4/2020–पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या–3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।

(विशाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.–260475, दिनांक–05.11.2026

वेबसाइटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

# बढ़त मजबूत करने उतरेगा भारत

## न्यूजीलैण्ड भी तलाशेगी जीत की राह, खलल डालेगी बारिश, दूसरा एकदिनी आज



**वेलिंगटन (एजेन्सियां)।** भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को यहां दूसरे एकदिनी में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैण्ड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढ़त दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे। श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी। अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंथ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैण्ड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें 'फुललैंथ' गेंद डालनी होगी। अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिये लेकिन कम्बोज ने ४६ डाट गेंद डाली। उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंथ से गेंदबाजी की जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नयी गेंद सौंपी जा सकती है। चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों। बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गये थे। वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था। विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शार्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शार्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गये। दूसरी ओर न्यूजीलैण्ड के बल्लेबाज भी शार्ट गेंदों के खिलाफ जूझते नजर आये। कप्तान मिशेल सेंटनेर ने मैच के बाद स्वीकार किया कि भारतीय तेज गेंदबाजों की गेंदों की अतिरिक्त उछाल का वे सामना नहीं कर सके। मैच से पहले न्यूजीलैण्ड को करारा झटका भी लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कानवे अभ्यास के दौरान मैट हेनरी से हुई टक्कर के कारण बाकी मैचों के बाहर हो गये। हेनरी को हालांकि चोट नहीं लगी है और वह चयन के लिये उपलब्ध होंगे। कप्तान सेंटनर चाहेंगे की उनकी टीम हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करे और जीत की राह दिखलाये। इस बीच वेलिंगटन में शुक्रवार को दिन के पहले हिस्से में बारिश हुई, जिसके चलते दोनों टीमों को अपने अभ्यास सत्र की योजना में बदलाव करना पड़ा। दोनों टीमों को हेनरी स्टेडियम की जगह बेसिन रिजर्व में अभ्यास करना था। हालांकि न्यूजीलैण्ड की टीम ने अपना अभ्यास सत्र वेलिंगटन कालेज की इनडोर सुविधा में आयोजित किया जबकि भारतीय टीम ने बारिश और परिस्थितियों को देखते हुए अपना अभ्यास सत्र रद कर दिया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक शनिवार को दिन के पहले हिस्से में बारिश की ६० प्रतिशत और दूसरे हिस्से में ५५ प्रतिशत संभावना है। ऐसे में मुकाबले के दौरान बारिश खलल डाल सकती है और मैच के प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

## छोटी बाउंड्री फील्डरों के लिए चुनौतीपूर्ण-घोष

**वेलिंगटन (एजेन्सियां)।** भारत के फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने शुक्रवार को कहा कि न्यूजीलैण्ड में छोटी बाउंड्री क्षेत्ररक्षकों के लिये चुनौतीपूर्ण है क्योंकि उनके पास प्रतिक्रिया के लिये समय घट जाता है लेकिन कई सालों के अनुभव के दम पर विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस चुनौती से पार पा सकते हैं। टी दिलीप की जगह इस साल अगस्त में भारत के फील्डिंग कोच बने घोष ने कहा कि उनकी तैयारियों का फोकस स्थिरता और गेंद को भांपने पर रहा है। टी-२० श्रृंखला ३-२ से जीतने के बाद भारत पांच मैचों की एकदिनी श्रृंखला में १-० से आगे है। घोष ने दूसरे एकदिनी से पहले कहा हमने पहले एकदिनी में अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ अच्छे कैच लपके। हमारी फील्डिंग शानदार थी। उन्होंने कहा कैच लपकना खेल का हिस्सा है। कई बार हमसे कैच छूट जाते हैं। हम इसे लेकर काम कर रहे हैं। अभ्यास के दौरान इन चीजों पर जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा न्यूजीलैण्ड में गेंद को भांपना, मूवमेंट, स्थिरता काफी अहम है।

## १५ साल के वैभव संभालेंगे बिहार की कमान


### सैयद मुश्ताक अली ट्राफी
### दिल्ली की टीममें नीतिश राणा को जगह नहीं



**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी महज १५ साल की उम्र में पहली बार बिहार की सीनियर क्रिकेट टीम की कप्तानी करेगा। बिहार क्रिकेट असोसिएशन (बीसीए) ने शुक्रवार को आगामी सैयद मुश्ताक अली टी-२० ट्राफी के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए वैभव को टीम का कप्तन नियुक्त किया है। वहीं सूरज कश्यप को उपकप्तान बनाया गया है। बिहार की टीम अपने अभियान की शुरुआत १४ नवम्बर को सौराष्ट्र के खिलाफ करेगी। इसके बाद १६ नवम्बर को रेलवे की टीम से मुकाबला होगा। दोनों मैच इंदौर में खेले जायेंगे। वहीं सैयद मुश्ताक अली टी-२० ट्राफी के लिए घोषित दिल्ली की १६ सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान नीतिश राणा को जगह नहीं मिली है। इस घरेलू टी-२० टूर्नामेंट की शुरुआत १४ नवम्बर से होगी। बत्तीस वर्षीय बल्लेबाज नीतिश राणा २०२४ में आईपीएल खिताब जीतने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स टीम का हिस्सा थे। उन्होंने पिछले सत्र में इस टी-२० राष्ट्रीय टूर्नामेंट में दिल्ली की कप्तानी की थी लेकिन टीम ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रही थी। आयुष बडोनी की अगुआई वाली दिल्ली टीम में भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव को शामिल किया गया है। मयंक ने हाल ही में न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पांच मैचों की टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दो मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इस दौरान चौथे मैच में ४८ रन देकर तीन विकेट हासिल किये थे। दिल्ली को एलीट ग्रुप बी में बिहार, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, रेलवे, सौराष्ट्र और तमिलनाडु के साथ रखा गया है। ग्रुप बी के सभी मुकाबले इंदौर में खेले जायेंगे। दिल्ली अपने अभियान की शुरुआत १४ नम्बर को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ करेगी। **बिहार**-वैभव सूर्यवंशी (कप्तान), सूरज कश्यप (उप कप्तान), आलोक कुमार, आयुष लोहारुका (विकेटकीपर), अल्तमश अशरफ, परम कुमार सिंह, अनमोल कुमार (विकेटकीपर), ऋत्विक राज, मयंक कुमार, राघवेंद्र प्रताप, आशीष कुमार, वासुदेव प्रताप सिंह, मोहम्मद इजहार, अमोद यादव, प्रशांत सिंह, नवाज खान और हिमांशु सिंह, फिटनेस के अधीन-मंगल महौर और शाकिब हुसैन। **दिल्ली**-आयुष बडोनी (कप्तान), प्रियांश आर्य, सार्थक रंजन, यश ढुल, आयुष दोसजा, तेजस्वी (विकेटकीपर), अनुज रावत (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मयंक रावत, केशव डबास, सुयश शर्मा, दिग्वेश, इशांत शर्मा, हर्षित राणा, मयंक यादव और सिमरजीत सिंह।

## बुमराह, जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा पर रहेंगी नजरें

### भारत ए-न्यूजीलैण्ड ए टेस्ट श्रृंखला



**लिंकन (एजेन्सियां)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ अनुभवी आलराउंडर रविंद्र जडेजा न्यूजीलैण्ड 'ए' के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले भारत 'ए' की तरफ से खेलते हुए शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम चार दिवसीय मैच में अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे। बुमराह ने अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के फाइनल के रूप में तीन अक्तूबर को खेला था। इसके बाद उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत टी-२० और मौजूदा एकदिनी श्रृंखला के लिए टीम में नहीं रखा गया था। वेलिंगटन में १९ नवम्बर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुमराह न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ मैच में यहां की परिस्थितियों से अवगत होने की पूरी कोशिश करेंगे। भारत ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को काफी महत्व दिया है और इसलिए उसके कई सीनियर खिलाड़ी न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ श्रृंखला में खेल रहे हैं। इससे उन्हें यहां की हवादार और ठंडी परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका मिला है। हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबर चुके प्रसिद्ध को भी टेस्ट क्रिकेट के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। उन्होंने अपना आखिरी मैच ३० सितम्बर को गुवाहाटी में वेस्टइण्डीज के खिलाफ एकदिनी के रूप में खेला था। सौराष्ट्र के लिए दो रणजी ट्राफी मैच खेलने के बाद जडेजा न्यूजीलैण्ड पहुंचे हैं। उन्होंने इन दो मैच में सात विकेट लिए और एक शतक बनाया। एकदिनी टीम में जगह नहीं बना पाने वाले जडेजा रणजी ट्राफी की अपनी फार्म को यहां भी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। इस श्रृंखला के पहले दो मैच ड्रा रहे थे। देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल ने हैगली ओवल में खेले गये पिछले मैच में नाबाद १५५ रन की पारी खेलकर फार्म में वापसी की। पहले मैच के बाद एकदिनी टीम से बाहर किये गये आलराउंडर नितीश रेड्डी को भी लाल गेंद से खेलने का कुछ समय मिलने की उम्मीद है। पिछले दो मैचों में पिचें बल्लेबाजी के लिए अनुकूल साबित हुईं। अगर भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करती है तो उसे पहले दिन की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना होगा। श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम पहली पारी में ११३ रन पर आउट हो गयी थी लेकिन दूसरी पारी में उसने शानदार प्रदर्शन करते हुए ५१६ रन बनाये थे। अगर न्यूजीलैंड 'ए' की बात करें तो उसे शानदार फार्म में चल रहे तेज गेंदबाज साइमन कीन और फ्रेजर शीट की कमी खलेगी जो चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पायेंगे।

## न्यूजीलैण्ड वापसी करेगा-टिकनर

**वेलिंगटन (एजेन्सियां)।** तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर का मानना है कि विराट कोहली न्यूजीलैंड को 'बेहतरीन चुनौती' देते हैं लेकिन उनकी टीम शनिवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिनी में गेंदबाजी में और बेहतर प्रदर्शन के साथ दमदार बल्लेबाजी करने के इरादे से उतरेगी। टिकनर ने कहा कि कोहली विरोधी गेंदबाजों को दबाव में लाने की काबिलियत रखते हैं लेकिन यकीन है कि हम भारत के इस धुरंधर बल्लेबाज को आउट करने का रास्ता निकाल लेंगे। उन्होंने कहा छोटे स्कोर के बीच उन्होंने आकर हम पर दबाव बना दिया। हमने विकेट लेने की कोशिश की लेकिन उनका प्रदर्शन शानदार रहा। इसके बावजूद हमें दूसरे मैच में वापसी का यकीन है। उन्होंने कहा उनके खिलाफ खेलने का यह शानदार मौका है।

## सहवाग, रायचंदानी के सहारे भारत का परफेक्ट टेन

### अण्डर-१९ एशिया कप
### नेपाल को १० विकेट से हराया



**अल अमेरत (एजेन्सियां)।** आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारतीय टीम ने शुक्रवार को यहां अंडर-१९ एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में नेपाल को १० विकेट से करारी शिकस्त दी। ईशान सूद (३-१८) और अर्जुन राजपूत (३-८)) की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने नेपाल को ४२.३ ओवर में १२८ रन पर आउट कर दिया। इसके बाद दिग्गज भारतीय खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर (नाबाद ७०) और रायचंदानी (नाबाद ५३) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने केवल १९.१ ओवर में बिना किसी नुकसान के १२९ रन बनाकर १८५ गेंद शेष रहते जीत हासिल की और इस तरह से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम का स्कोर एक समय चार विकेट पर ५१ रन था। उसकी तरफ से दर्श सोनार ने ४३ रन और आशीष लूथर के २९ रन का योगदान दिया। सूद ने नेपाल के शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि राजपूत ने पुछल्ले बल्लेबाजों को नहीं टिकने दिया। भारत जब बल्लेबाजी के लिए उतरा तो रायचंदानी ने शुरू में तेजी दिखाई लेकिन इसके बाद आर्यवीर ने अपने अक्रामक तेवरों का शानदार नजारा पेश किया। उन्होंने ५२ गेंद की अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए। रायचंदानी ६३ गेंदों पर सात चौकों की मदद से ५३ रन बनाकर नाबाद रहे। भारत अपना अगला मैच रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

## सिंधू अध्यक्ष, हरमनप्रीत उपाध्यक्ष, मीराबाई, साजन सदस्य

### आईओए अथलीट्स कमीशन का गठन



**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिण्टन स्टार पीवी सिंधू को भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के अथलीट्स कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं भारतीय पुरुष हाकी टीम के कप्तान और दो बार के ओलम्पिक पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह को कमीशन का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू और तैराक साजन प्रकाश को आईओए की जनरल बाडी में अथलीट प्रतिनिधि चुना गया है। शुक्रवार को रिटर्निंग आफिसर संजय के. श्रीवास्तव ने चारों खिलाड़ियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए सिंधू और हरमनप्रीत ही एकमात्र उम्मीदवार थे। इसी तरह जनरल बाडी में अथलीट प्रतिनिधियों की दो सीटों के लिए मीराबाई चानू और साजन प्रकाश ने ही नामांकन दाखिल किया था। इस तरह इन चारों पदों के लिए शनिवार को प्रस्तावित चुनाव कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रिटर्निंग आफिसर की ओर से अब औपचारिक अधिसूचना जारी की जायेगी। पीवी सिंधू और हरमनप्रीत सिंह को आईओए की नयी कार्यकारिणी परिषद में भी जगह मिलेगी जिसका गठन पांच दिसम्बर को होने वाले भारतीय ओलम्पिक संघ के चुनाव के बाद किया जायेगा। वहीं मीराबाई चानू और साजन प्रकाश को आईओए चुनाव में मतदान करने का अधिकार होगा क्योंकि दोनों को जनरल बाडी में अथलीट प्रतिनिधि चुना गया है। चारों खिलाड़ियों का कार्यकाल २०२६ से २०३० तक यानी चार साल का होगा। आईओए अथलीट्स कमीशन में महिला हाकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले, तलवारबाज भवानी देवी, शाट पुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर, पूर्व तीरंदाज बाम्बायला देवी और कैनोइंग एवं कयाकिंग के खिलाड़ी मनजीत सिंह भी शामिल हैं। इसके अलावा ओलम्पिक काउंसिल आफ एशिया (ओसीए) के अथलीट्स कमीशन में शामिल दो भारतीय खिलाड़ी शिवा केशवन और निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी आईओए अथलीट्स कमीशनके पदेन सदस्य होंगे।

## माया का सफर खत्म

**चेन्नई (एजेन्सियां)।** भारत की माया राजेश्वरन रेवती का चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी राबिन मोंटगोमरी से ३-६, ३-६ की हार के साथ समाप्त हो गया। अपने शानदार प्रदर्शनके बाद आत्मविश्वास से भरी माया ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआत में पिछले मैच की तुलना में बेहतर सर्विस की। उन्होंने पांचवें गेम में कुछ दमदार रिटर्न लगाकर बाएं हाथ की खिलाड़ी मोंटगोमरी पर दबाव बनाया और प्रतिद्वंद्वी को ड्यूस तक पहुंचाते हुए फोरहैंड की गलती करवाकर ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसे बचा लिया, लेकिन माया ने हार नहीं मानी और जब मोंटगोमरी ने बैकहैंड शाट नेट में मारा तो माया ने पहला अंक हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि इस बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी। इसके बाद मोंटगोमरी ने ५-३ की बढ़त बना ली और बिना किसी खास परेशानी के पहला सेट जीत लिया।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष रेल गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04412 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 18:50 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 06:00 | तिथिवार | शनिवार | 07.11.2026 को |
| 04411 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | 06:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 16:00 | | शनिवार, रविवार | 07 एवं 08.11.2026 को |
| 04414 | गाजियाबाद | 20:05 | अलीगढ़ जं. | 22:30 | तिथिवार | शनिवार | 07.11.2026 को |
| 04413 | अलीगढ़ जं. | 23:30 | गाजियाबाद | 02:00 | | शनिवार, रविवार | 07 एवं 08.11.2026 को |
| 04022 | नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर)) | 14:30 | गोरखपुर | 04:10 | तिथिवार | शुक्रवार | 13.11.2026 को |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 07 एवं 14.11.2026 को |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:20 | छपरा | 19:20 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार | 17.11.2026 तक |
| 04057 | छपरा | 22:10 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | | मंगलवार | |
| 05087 | मऊ | 22:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:00 | तिथिवार | मंगलवार | 10.11.2026 को |
| 05088 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:15 | मऊ | 14:00 | | बुधवार | 11.11.2026 को |
| 01903 | आगरा कैंट | 20:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 12:20 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 01904 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 16:05 | आगरा कैंट | 08:40 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 02563 | बरौनी जं. | 07:40 | नई दिल्ली | 05:10 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | | | 01.12.2026 तक |
| 02569 | दरभंगा जं. | 06:30 | नई दिल्ली | 04:00 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा जं. | 10:00 | | | 01.12.2026 तक |
| 05579 | पूर्णिया कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 01:05 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 05580 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | पूर्णिया कोर्ट | 13:45 | | रविवार, मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 01:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 05576 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 02397 | शेखपुरा जं. | 11:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:30 | शेखपुरा जं. | 14:45 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03639 | धनबाद जं. | 18:30 | शकूर बस्ती | 18:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 03640 | शकूर बस्ती | 21:10 | धनबाद जं. | 23:45 | | मंगलवार, शनिवार | 01.12.2026 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 05193 | छपरा जं. | 14:00 | पठानकोट | 22:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.11.2026 तक |
| 05194 | पठानकोट | 00:30 | छपरा जं. | 09:15 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं. | 21:00 | शकूर बस्ती | 10:05 | सप्ताह में चार दिन | रवि, सोम, गुरु, शुक्र | 14.12.2026 तक |
| 02418 | शकूर बस्ती | 21:30 | प्रयागराज जं. | 09:15 | | बुध, गुरु, शनि, रवि | 17.12.2026 तक |
| 04163 | नारायणपुर बाजार | 18:00 | शकूर बस्ती | 10:05 | सप्ताह में तीन दिन | मंगल, बुध, शनि | 16.12.2026 तक |
| 04164 | शकूर बस्ती | 21:30 | नारायणपुर बाजार | 12:25 | | सोम, मंगल, शुक्र | 15.12.2026 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:40 | अंबाला कैंट जं. | 03:55 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 05302 | अंबाला कैंट जं. | 05:45 | मऊ जं. | 04:30 | | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 05085 | छपरा जं. | 13:05 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 05086 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:50 | छपरा जं. | 07:00 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:50 | मालदा टाउन | 22:30 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 02877 | रांची जं. | 16:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 02878 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | रांची जं. | 19:10 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | गुरुवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 05101 | गोरखपुर जं. | 16:00 | शकूर बस्ती | 11:05 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 05102 | शकूर बस्ती | 13:15 | गोरखपुर जं. | 08:30 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:50 | आलमनगर | 19:45 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 03108 | आलमनगर | 01:45 | कोलकाता | 22:30 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04183 | प्रयागराज जं. | 15:25 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04184 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | बुधवार | 02.12.2026 तक |
| 03437 | मालदा टाउन | 10:00 | हरिद्वार जं. | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 03438 | हरिद्वार जं. | 18:35 | मालदा टाउन | 23:55 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 01705 | जबलपुर जं. | 19:40 | अयोध्या धाम जं. | 11:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.12.2026 तक |
| 01706 | अयोध्या धाम जं. | 13:30 | जबलपुर जं. | 06:45 | | बुधवार | 30.12.2026 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 27.11.2026 तक |
| 09310 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 28.11.2026 तक |
| 09257 | भावनगर टर्मिनस | 14:20 | शकूर बस्ती | 10:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर टर्मिनस | 08:50 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 09203 | वेरावल जं. | 16:05 | हरिद्वार जं. | 20:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 09204 | हरिद्वार जं. | 21:30 | वेरावल जं. | 09:45 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 09523 | ओखा | 10:20 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:00 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 09425 | साबरमती बीजी | 18:45 | हरिद्वार जं. | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.11.2026 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:45 | साबरमती बीजी | 22:30 | | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 04811 | बाड़मेर | 04:15 | हरिद्वार जं. | 04:10 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2026 तक |
| 04812 | हरिद्वार जं. | 05:15 | बाड़मेर | 06:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2026 तक |
| 09611 | अजमेर जं. | 19:45 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 09612 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | अजमेर जं. | 09:55 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल बुध गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | 30.11.2026 तक |
| 09609 | उदयपुर सिटी | 13:45 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:15 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 09610 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | उदयपुर सिटी | 15:30 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 01703 | जबलपुर जं. | 15:30 | हरिद्वार जं. | 14:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.11.2026 तक |
| 01704 | हरिद्वार जं. | 15:10 | जबलपुर जं. | 16:20 | | शुक्रवार | 20.11.2026 तक |
| 01707 | जबलपुर जं. | 20:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 14:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.11.2026 तक |
| 01708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:45 | जबलपुर जं. | 09:30 | | रविवार | 15.11.2026 तक |
| 09093 | उधना जं. | 07:25 | अयोध्या कैंट | 10:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 13.11.2026 तक |
| 09094 | अयोध्या कैंट | 14:45 | उधना जं. | 17:15 | | शनिवार | 14.11.2026 तक |
| 09097 | उधना जं. | 06:45 | अयोध्या कैंट | 11:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 09098 | अयोध्या कैंट | 13:30 | उधना जं. | 17:30 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 02456 | नई दिल्ली | 07:45 | कानपुर सेंट्रल | 13:15 | सप्ताह में चार दिन | सोम, बुध, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02455 | कानपुर सेंट्रल | 15:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | सोम, बुध, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02458 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:20 | कानपुर सेंट्रल | 13:15 | सप्ताह में तीन दिन | मंगल, गुरु, रवि | 29.11.2026 तक |
| 02457 | कानपुर सेंट्रल | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:10 | | मंगल, गुरु, रवि | 29.11.2026 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | जालंधर सिटी जं. | 08:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 05006 | जालंधर सिटी जं. | 10:50 | बढ़नी | 04:45 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 01483 | खडकी | 17:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 18:10 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 20.11.2026 तक |
| 01484 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | खडकी | 22:15 | | बुधवार, शनिवार | 21.11.2026 तक |
| 07621 | हजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 07622 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:40 | हजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 07021 | चर्लपल्ली | 19:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 07022 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 13:50 | | बुधवार | 02.12.2026 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 19:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 07024 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 07:15 | चर्लपल्ली | 17:45 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 09617 | उदयपुर सिटी | 21:15 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 11:15 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 09618 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:45 | उदयपुर सिटी | 04:00 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 01045 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 07:35 | अयोध्या कैंट | 10:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 01046 | अयोध्या कैंट | 13:50 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 17:15 | | मंगलवार, शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 01913 | खजुराहो | 22:15 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 11:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शनि | 18.11.2026 तक |
| 01914 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:30 | खजुराहो | 03:30 | | मंगल, गुरु, रवि | 19.11.2026 तक |
| 06073 | तिरुवनंतपुरम नॉर्थ | 14:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 16.11.2026 तक |
| 06074 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 05:45 | तिरुवनंतपुरम नॉर्थ | 16:30 | | गुरुवार | 19.11.2026 तक |
| 04209 | वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर)) | 22:15 | दिल्ली जं. | 13:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 27.11.2026 तक |
| 04210 | दिल्ली जं. | 18:50 | वाराणसी जं. | 09:50 | | मंगल, गुरु, शनि | 28.11.2026 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट (वाया लखनऊ (एनआर)) | 18:20 | आनंद विहार ट. | 06:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरुवार | 29.11.2026 तक |
| 04214 | आनंद विहार ट. | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 04227 | वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर)) | 11:05 | चंडीगढ़ जं. | 04:20 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04228 | चंडीगढ़ जं. | 06:00 | वाराणसी जं. | 00:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# चीनी मिल का पेराई सत्र समय से शुरू करने का निर्देश

## डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा




मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कल देर शाम कैंप कार्यालय स्थित सभागार में किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, घोसी की प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने चीनी मिल में आगामी पेराई सत्र की तैयारियों एवं संचालित मरम्मत और अनुरक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी अजीत कुमार पांडेय ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि चीनी मिल में मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य पूरी गति से संचालित है तथा लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मिल हाउस, मिल सैनिटेशन, बायलर हाउस, टरबाइन एवं पावर हाउस सहित विभिन्न इकाइयों में मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक बायलर पूजा तथा दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह तक डोंगा पूजा संपन्न कराते हुए हर हाल में पेराई सत्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला गन्नाधिकारी ने बताया कि आगामी पेराई सत्र में 15 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला. धिकारी ने मिल में स्वीकृत बजट एवं अब तक किए गए व्यय की भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपसभापति किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड घोसी रजनीश कुमार राय ने अवगत कराया कि पावर हाउस की छत का कार्य प्रगति पर है तथा बायलर हाउस की छत की मरम्मत हेतु बजट स्वीकृत हो चुका है।

इसके लिए जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा भी प्राप्त हो गई है। शेष औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर कार्य संपन्न करा लिया जाएगा। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी अजीत कुमार पांडेय, मुख्य अभियंता बृजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार सौरभ बंसल सहित मिल समिति के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणित ओलंपियाड में नीलम ने मारी बाजी

मऊ। मधुबन नगर पंचायत के नहर रोड स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में शुक्रवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय गणित ओलंपियाड में उच्च प्राथमिक विद्यालय मधुबन की छात्रा नीलम ने 48 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय के प्रिंस कुमार ने 43 अंक प्राप्त किए। कंपोजिट विद्यालय तिनहरी के शिवम ने भी 43 अंक हासिल कर टाप टेन में जगह बनाई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों सहित कुल 10 छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड के लिए किया गया है। प्रतियोगिता में ब्लाक के 47 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कुल 94 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से दो-दो विद्यार्थियों ने विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ब्लाक स्तरीय परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा में कुल 30 प्रश्न पूछे गए, जिसके लिए 90 मिनट का समय निर्धारित था। परीक्षा कुल 50 अंकों की थी। टाप टेन में कम्पोजिट विद्यालय पदारथपुर के आयुष गुप्त, चक्की मुसादोही के अभय यादव, परस. पूर के अजय, सिद्धा अहिलासपुर की अंशिका, मर्यादपुर के इरसाद, लौवासाथ की लक्ष्मी यादव और लधुवाई के प्रियांशु ने भी स्थान बनाया। इस मौके पर एआरपी समर बहादुर सिंह, कन्हैया यादव, रणंजय मल्ल, यादव वंदना, अजय कुमार सिंह, अशोक कुमार, धनंजय शर्मा, विनोद कुमार, सुधाकर यादव, रमेश सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# रंगोली में झलकी भारत की सांस्कृतिक विविधता

नदवासराय (मऊ)। क्षेत्र के मकरी में शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर आयोजित संस्कृति संगम कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से देश की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया। 180 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रांतों की परंपराओं, वेशभूषा, खानपान और विशिष्टताओं को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया। रंगों से सजी आकर्षक आकृतियों के जरिए अनेकता में एकता का संदेश दिया गया। इस दौरान सभी ने सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प लिया। डायरेक्टर डा. संजय पाठक ने कहा कि भारत की पहचान विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता में निहित है। ऐसे आयोजन बच्चों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्या शिल्पा सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास भी जरूरी है। उन्होंने पर्यावरण और जनसुरक्षा का ध्यान रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर कृष्णा, प्रिया, मिष्टी, अनुपम, दीपमाला, विवेक, सावित्री, अर्पित, सौरभ सहित शिक्षक एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में वैकल्पिक बर्न यूनिट शुरू

मऊ। जिला चिकित्सालय में बर्न यूनिट के संचालन को लेकर विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जन की अनुपलब्धता के दृष्टिगत मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक एवं अंतरिम व्यवस्था के तहत बर्न मरीजों के उपचार की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। मरीजों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय के आपातक. ालीन वार्ड के अंतर्गत पुरुष एवं महिला यूनिट में 6-6 बेड, कुल 12 बेड बर्न मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डा. पंकज राय ने बताया कि आरक्षित बेडों पर भर्ती बर्न मरीजों की देखभाल एवं उपचार की व्यवस्था निरंतर संचालित की जा रही है।

# बिजली विभाग पर ५० हजार का जुर्माना

## दोषी अधिकारियों के वेतन से क्षतिपूर्ति देने का आदेश

मऊ। शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत ने एक ही परिसर में एक व्यक्ति के नाम से दो घरेलू कनेक्शन देकर दोनों का बिल उपभोक्ता को भेजा जबकि एक ही कनेक्शन का उपयोग उपभोग उपभोक्ता द्वारा किया जा रहा था, बावजूद इसके आर. सी जारी कर विभाग उपभोक्ता को प्रताड़ित किया गया। जिसे कोर्ट ने गम्भीरता से लेते हुए विद्युत विभाग पर 50 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका। बताया जाता है कि घोसी थाना क्षेत्र के ग्राम लाखीपुर पिढ़वल निवासी बीरबल मौर्य पुत्र जंगई मौर्य ने घरेलू उपयोग के लिए 10 फरवरी 1997 को एक किलोवाट विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था, लेकिन विभागीय त्रुटि के कारण उनके नाम से एक ही परिसर में दो घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी कर दिए गए। जबकि उपभोक्ता केवल एक ही कनेक्शन का उपयोग कर रहा था। जब उन्हें इस गड़बड़ी की जानक. ारी हुई तो उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत की। विभागीय जांच में भी गलती स्वीकार की गई, लेकिन इसके बावजूद दूसरे कनेक्शन को बंद नहीं किया गया और लगातार बिल भेजा जाता रहा। हद तो तब हो गई जब वर्ष 2023 में कथित बकाया बिल के आधार पर उपभोक्ता के विरुद्ध आरसी जारी कर दी गई और उस पर भुगतान का दबाव बनाया जाने लगा। विभागीय चक्कर लगाने और लगातार प्रताड़ना झेलने के बाद बीरबल मौर्य ने न्याय की उम्मीद में स्थायी लोक अदालत, का दरवा. जा खटखटाया। प्रकरण की सुनवाई अध्यक्ष हीरा लाल, न्यायपीठ के सदस्य विकास भाई निकुम्भ एवं सदस्या स्नेहलता की पीठ ने शुरू किया। न्यायपीठ ने इसे गंभीर विभागीय लापरवाही और उपभोक्ता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाला कृत्य मानते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि याची को उसके प्रार्थना पत्र देने की तिथि से 50 हजार रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में एक माह के भीतर छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित चेक के माध्यम से भुगतान किया जाए। निर्धारित समय में भुगतान नहीं करने पर ब्याज की दर आठ प्रतिशत वार्षिक देय होगी। न्यायपीठ ने अधीक्षण अभियंता को एक और महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकरण में आंतरिक जांच कर उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए, जिनकी लापरवाही के कारण विभाग को उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति देनी पड़ रही है।

# डीएम-एसपी ने किया मार्च

मऊ। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन एवं पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा ने तहसील मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र में संयुक्त रूप से रूट मार्च किया। इस दौरान अधिक. ारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। रूट मार्च के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के साथ दीपावली एवं छठ पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार हमारी सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक हैं। इस दौरान उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना अर्चना अग्निहोत्री एवं क्षेत्राधिकारी सहित थानाध्यक्ष मुहम्मदाबाद गोहना एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी रूट मार्च में सम्मिलित रहे।

## जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारियां

मऊ। परियोजना निदेशक/जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

# कस्तूरबा की छात्राओं के साथ सीडीओ ने मनाया दीपोत्सव

मऊ। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से जनपद के सभी पांच कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में गुरुवार को दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ संतोष कुमार उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यालयों को आकर्षक झालरों, दीपों एवं रंग-बिरंगी सजावट से भव्य रूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इसी क्रम में कोपागंज ब्लाक स्थित कस्तूरबा गांधी बालि. का आवासीय विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली, दीपों एवं झालरों की मनमोहक सजावट देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किए गए दीपों का प्रज्वलन किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत करते हुए कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में संचालित शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियों तथा विद्यालयों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। चंद्रा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक श्री विजय बहादुर पाल ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा से जनपद के सभी पांच कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा गोद लिया गया है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

पत्रांकः- 4724(i)/निविदा (नि.ख.)-बलिया वृत्त/2026 दिनांकः- 29.10.2026

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी,सी'मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरणः-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| विशेष मरम्मत का कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | भरौली टुडुवारी मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-6.00 कि0मी0) | 135.13 | 8.76 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 2590.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी, |
| 2 | बलिया | भरौली टुडुवारी मार्ग से रामपुर गांव तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-3.450 कि0मी0) | 81.33 | 6.07 | तदैव | 02 माह वर्षा ऋतु सहित | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 3 | बलिया | एन0एच0-31 से सेमराघाट सागरपाली मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-1.200 कि0मी0) | 38.92 | 3.90 | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | ए,बी, सी |
| 4 | बलिया | मंजूरपुर बंधे से बीबीपुर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-2.000 कि0मी0) | 41.79 | 4.09 | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | रतसड़ गड़वार मार्ग से तुर्की बारी होते हुए नदौली सिकरिया तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-2.900 कि0मी0) | 65.34 | 5.27 | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | पियरिया गड़वार मार्ग से हरिपुर गांव तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई- 2.650 कि0मी0) | 41.87 | 4.10 | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | केसरूआ से चन्दुकी तक मार्ग का निर्माण कार्य के विशेष मरम्मत का कार्य। (लम्बाई-1.900) | 39.47 | 3.95 | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-20.11.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-20.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-20.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:- 260489
दिनांकः- 05.11.2026
वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी
पता- S-9/94-E-K- नईबस्ती, पाण्डेयपुर, वाराणसी

पत्रांकः- 1411/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा वाराणसी/2026-27 दिनांक- 31.10.2026

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना(तृतीय कॉल)

1:- महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में मार्ग कार्य हेतु अर्ह एवं पात्र श्रेणी (श्रेणी-"ए0" "बी0"एवं "सी0" ) में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों में आमंत्रित की जाती है।

2:- कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-त्वरित आर्थिक विकास योजना(2025-26)

| क्र0 स0 | जनपद | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी+ सहित) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | गाजीपुर | त्व0आ0वि0 यो0 | जलालपुर में रामबत के घर सी0सी0 रोड से रामकृत के खेत व पासस के घर होते हुए रमेश के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलॉकिंग कार्य। | 39.46 | 0.79 | 2000+300+ 414 = 2,714.00 | 04 माह |

3:- बेवसाइट http//etender.up.nic.in पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता तिथिः-10-11-2026 से
4:- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः-18-11-2026, समयः-दोपहर 12.00 बजे
5:- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समयः- 18-11-2026, समयः-12.30 अपराह्न
6:- निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र (कोरिजेण्डम) का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही कराया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7- शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा निर्देश के अनुरूप जी0एस0टी0 देय होगा।

(इं0 अरविन्द कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-वाराणसी।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से

उ.प्र.-260552
दिनांक-05.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, बलिया

पत्रांकः- 3810 /4ए दिनांक- 02.11.2026

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक 12.11.2026 से दिनॉक 17.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉक 17.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति के प्रत्याशा में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | अम्बेडकर गांव सिकरडटा के धोबी टोला से सुपापाली गांव तक मार्ग। | 8.00 | 0.80 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए,बी,सी डी |
| 2 | बलिया | अटयां से तुर्तीपार मार्ग। | 20.00 | 2.00 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | आर0एन0टी0 से करसाटार । | 25.00 | 2.50 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 4 | बलिया | बेल्थरा बाजार ग्रामसभा बुद्धिपाण्डेय के मंदिर से बलिया टोला होते हुए शमसानघाट तक। | 26.00 | 2.60 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 5 | बलिया | किडिहरापुर फत्तेपुर मार्ग से चकहल्सापुर मार्ग (रामसकल के पुरा)। | 24.00 | 2.40 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 6 | बलिया | सन्दवापुर भडिकरा मुख्य मार्ग से किकोढ़ा। | 25.80 | 2.58 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 7 | बलिया | गोड़वरा हथौंज माईनर से बड़सरी तक मार्ग। | 9.80 | 0.98 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |
| 8 | बलिया | कौड़िया हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग। | 8.00 | 0.80 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-260486
दिनांक-05.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बॉझपन क्लिनिक
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में उपलब्ध मेंयार्थ
कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते है?
• मंद शुक्राणु • खराब गुणवत्ता
• कम शुक्राणु • अनियमित पीरियड
• अण्डों में खराबी • नील शुक्राणु
9250206423, 8948943074
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
स्त्री, प्रसूति एवं बॉझपन रोग विशेषज्ञ
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
शिवम हास्पिटल
महादेवान, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीमतपुरा, राज पैलेस के बगल में, मऊ

शारदा नारायण हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी, एन्जिप्लास्टी, पर्मानेंट पेसमेकर (PPI), टेम्परेरी पेसमेकर (TPI), बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV), ट्रेडमिल टेस्ट, 2D इको, होल्टर मॉनिटर
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
डा.दीपक राय एमबीबीएस,एमडी डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट 24X7 उपलब्ध
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता Periodontologist and Oral Implantologist दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।

बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एंव हमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
24/7 Emergency Services
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट®
स्थापना वर्ष 1999
और नही कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला, WPC खिड़की पल्ला, WPC दरवाजा चौखट, WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०) (+91) - 9721521791 www.balajichaukhat.com

# पोषण का उजाला घर-घर में छाए,

# मिल्कोमोर
पशु आहार

के संग खुशियाँ आएँ।




निर्माता
कपिला
कृषि उद्योग लि.

कपिला मिल्कोमोर
की अधिक जानकारी के लिए
QR Code स्कैन करें |

डीलर बनने के लिए
निचे दिए गए नंबर पर कॉल करें
9310500105